फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 292 प्रभात जयपुर, मंगलवार 26 मई, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




**Will Blinkit entry bring down...** The likely outcome is coexistence, not disruption. Blinkit will emerge as an additional layer of convenience, particularly for price-sensitive travellers

**Do Gaz Zameen**

**Christ and Caiaphas** A source of light in a very dark place. A way forward in hard times. And maybe, even the light of god, when you would need it the most

# ताश के पत्तों के महल की तरह बिखर गई, अजेय रही टीएमसी

## फाल्टा उपचुनाव के नतीजे ने अभिषेक और ममता बनर्जी के अभिमान को चूर-चूर कर दिया

- फाल्टा के वोटिंग पैटर्न से एक बात तो साफ है कि मुसलमानों ने भी तृणमूल कांग्रेस से दूरी बना ली है और इन नतीजों के बाद फाल्टा नगरपालिका के सभी पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया।
- तृणमूल के जिन कार्यकर्ताओं से पहले लोग थर-थर कांपते थे, उन्हें घेर कर पीटा जा रहा है, चोर-चोर के नारे लगाए जा रहे हैं।
- ममता बनर्जी और तृणमूल के विशाल प्रतीक चिन्हों को या तो हटा दिया गया या तोड़ दिया गया।
- ममता बनर्जी की पुरानी विश्वस्त सहयोगी संसद में सर्वाधिक मुखर सांसद रहीं काकोली दास गुप्ता ने ममता बनर्जी से संबंध तोड़ने की घोषणा की।

**- अंजन रॉय -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली 25 मई। रविवार को तृणमूल के चर्चित फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव नतीजों ने अभिषेक बनर्जी के राजनीतिक गर्व को बड़ा झटका दिया। इस सीट पर भाजपा ने भारी और चौंकाने वाली जीत दर्ज की। अभिषेक बनर्जी ने खुद अपने संसदीय चुनाव में इसी तरह की बड़ी जीत हासिल की थी।

फाल्टा के नतीजों ने चुनाव लड़ने के तथाकथित डायमंड हार्बर मॉडल को ध्वस्त कर दिया है। आरोप है कि इस मॉडल में लोगों को स्वतंत्र रूप से वोट नहीं डालने दिया जाता था। कहा जाता है कि अभिषेक बनर्जी की टीम ने हिंसा की, लोगों पर हमले किए और सत्तारूढ़ दल के पक्ष में फर्जी मतदान कराया।

भाजपा को 1,39,000 वोट मिले, जबकि उसके निकटतम प्रतिद्वंद्वी आईएसएफ-सीपीआई (एम) उम्मीदवार को लगभग 37,000 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रही कांग्रेस को 6,700 वोट मिले और तृणमूल उम्मीदवार, जिसे अभिषेक बनर्जी का करीबी माना जाता था, को केवल लगभग 4,000 वोट मिले।

फाल्टा और अन्य जगहों के मतदान रुझानों ने दिखाया कि पूरे चुनाव में हिंदू वोटों का पूरी तरह ध्रुवीकरण हुआ। बड़ी संख्या में हिंदू मतदाता भाजपा के साथ गए, जबकि मुस्लिम वोट आईएसएफ-सीपीआई (एम) उम्मीदवार के पक्ष में चले गए। इससे साफ संकेत मिला कि अल्पसंख्यक वोटर बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस से दूर हो गए हैं।

इसके बाद फाल्टा नगरपालिका के सभी तृणमूल पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया। पूरे राज्य में सात नगरपालिकाओं के 115 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया, जिससे ये नगरपालिकाएं नेतृत्वविहीन हो गईं। नई भाजपा सरकार के पास अब प्रशासक नियुक्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जिमखाना क्लब के मसले पर आज होगी सुनवाई

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। दिल्ली जिमखाना क्लब ने सोमवार को केन्द्र सरकार द्वारा जारी उस नोटिस के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया, जिसमें उसे अपने परिसर को खाली करने का निर्देश दिया गया है। क्लब की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन की अदालत में मामले का उल्लेख करते हुए त्वरित सुनवाई की मांग की। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 26 मई, मंगलवार को तय की।

- क्लब की तरफ से विजय खुराना ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। जिमखाना की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी पैरवी करेंगे।

याचिका में कहा गया है कि केन्द्र सरकार ने लुटियंस दिल्ली के केन्द्र में स्थित 2, सफदरजंग रोड पर बने दिल्ली जिमखाना क्लब को सार्वजनिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए 5 जून तक 27.3 एकड़ में फैले अपने परिसर को खाली करने का नोटिस जारी किया है। यह याचिका विजय खुराना ने दिल्ली जिमखाना क्लब की ओर से दायर की है। याचिका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूपी भाजपा में भारी संगठनात्मक फेरबदल की तैयारी

## यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह चौधरी, महासचिव विनोद तावड़े से चर्चा के लिए नई दिल्ली पहुँचे

- चर्चा है कि बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों को पद से हटाया जाएगा, यह भी चर्चा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे पंकज सिंह को हटाकर उनके बड़े बेटे नीरज सिंह को बड़ा पद दिया जा सकता है।
- कांग्रेस और सपा ने भी सीटों के बंटवारे पर अनौपचारिक वार्ता शुरु कर दी है। दोनों पार्टियाँ सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला जल्द से जल्द तय कर लेना चाहती हैं, खासकर बिहार के अनुभव को देखते हुए, जहाँ सीटों के बंटवारे में देरी होने से आरजेडी और कांग्रेस दोनों को ही भारी नुकसान हुआ था।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले उत्तर प्रदेश में राजनीतिक लड़ाई के पाले खींचे जा रहे हैं। भाजपा ने बड़े संगठनात्मक बदलावों की प्रक्रिया शुरू कर दी है, वहीं विपक्षी दल (कांग्रेस और समाजवादी पार्टी) भी जल्द समझौता करने को लेकर बेचैन दिखाई दे रहे हैं।

खुद को आगे बनाए रखने की कोशिश में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी सोमवार को उत्तर प्रदेश भाजपा इकाई के पुनर्गठन पर भाजपा महासचिव विनोद तावड़े से चर्चा के लिए दिल्ली पहुंचे। बड़े स्तर पर फेरबदल की तैयारी दिखाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में वर्तमान पदाधिकारियों के बड़े हिस्से को हटाया जा सकता है। ऐसी संभावना है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे पंकज सिंह को हटाकर उनकी जगह बड़े बेटे नीरज सिंह को जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव को भी संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका मिल सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पंकज चौधरी पहले ही भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित, वरिष्ठ नेताओं से विस्तृत चर्चा कर चुके हैं।

इसी बीच, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर अनौपचारिक बातचीत भी शुरू हो गई है। दोनों दल जल्दी ही गठबंधन बनाने के इच्छुक दिखाई दे रहे हैं, खासकर बिहार के अनुभव को देखते हुए। बिहार में राजद के साथ सीट बंटवारे में देरी से राजनीतिक नुकसान हुआ था, जिससे दोनों दलों की संभावनाएँ प्रभावित हुई थीं।

2024 के लोकसभा चुनावों में सपा-कांग्रेस गठबंधन के उत्साहजनक प्रदर्शन, जिसमें गठबंधन ने राज्य की 80 में से 43 सीटें जीती थीं, के बाद यह व्यापक समझ बनी है कि दोनों दलों को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस नेतृत्व ने सिद्धारमैया को दिल्ली तलब किया

## डीके शिवकुमार को नहीं बुलाया, इससे कर्नाटक में अटकलों का बाज़ार गर्म है

- गत दिनों नेतृत्व परिवर्तन के बारे में पूछे जाने पर डीके शिवकुमार ने पहेलीनुमा जवाब दिया था, अच्छा समय आएगा, तब उनके समर्थकों ने कांग्रेस मुख्यालय पर शिवकुमार को ''नैक्स्ट सीएम'' करार देते हुए पोस्टर भी लगाए थे।

**- जाल खंबाता -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली 25 मई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपने कैबिनेट सहयोगियों और करीबी सहायकों के साथ दिल्ली रवाना हो गए हैं, जिससे राज्य नेतृत्व में बदलाव की अटकलों ने जोर पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली बैठक में चर्चा का विषय उन्हें ज्ञात नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''मुझे दिल्ली बुलाया गया है। चर्चा का विषय क्या है, मुझे नहीं पता। मेरी बैठक सुबह 11 बजे (मंगलवार) निर्धारित है। अटकलें तो लगती ही रहेंगी''। उनके इस बयान को उनके और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व संघर्ष के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को दिल्ली बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। राजनीतिक हलचल पर प्रतिक्रिया देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, ''अगर हाईकमान बुलाएगा तो दिल्ली जाऊंगा। मुख्यमंत्री बदलने पर टिप्पणी करना मेरा काम नहीं है''।

इस वर्ष जनवरी में सिद्धारमैया ने इतिहास रचते हुए कर्नाटक के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल किया था, तथा कांग्रेस के दिग्गज नेता डी देवराज अर्स का रिकॉर्ड तोड़ा था।

कर्नाटक में लंबे समय से चल रहा सिद्धारमैया बनाम डीके शिवकुमार सत्ता संघर्ष अब नए मोड़ पर पहुंच सकता है। इससे पहले सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया था कि मई के अंत में होने वाली बैठक में ''सभी मुद्दों'' का समाधान कर दिया जाएगा।

गुरुवार को संभावित नेतृत्व परिवर्तन के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने रहस्यमय अंदाज में कहा था, ''अच्छा समय आएगा''।

यह संकट पहली बार पिछले साल नवंबर में कांग्रेस सरकार के ढाई वर्ष पूरे होने पर सामने आया था।

शिवकुमार खेमे ने हाईकमान को उस कथित सत्ता-साझेदारी फार्मूले की याद दिलाई थी, जिस पर 2023 में राज्य में कांग्रेस की जीत के बाद सहमति बनी थी। इसके बाद कांग्रेस ने दोनों गुटों के साथ कई बैठकों करके, और डीके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बी-2 बाईपास पर तोड़फोड़ की कार्यवाही पर पुनः रोक

जयपुर, 25 मई। सुप्रीम कोर्ट ने टोंक रोड बी 2 बाईपास स्थित 42 बीघा भूमि से जुड़े मामले में हाउसिंग बोर्ड की आगामी कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

- सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने का आदेश देते हुए कहा कि तोड़फोड़ की कार्यवाही से पूर्व सभी पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर अदालत के समक्ष रोक हटाने का प्रार्थना पत्र आता है तो अदालत सभी पक्षकारों को सुनने के बाद ही निर्णय लेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर में पेट्रोल 112 रूपए और डीज़ल 95 रूपए प्रति लीटर पहुँचा

## दो सप्ताह में लगातार चौथी बार पेट्रोल-डीज़ल के दामों में भारी वृद्धि हुई

- ओएनजीसी की डायरैक्टर सुषमा रावत ने बताया कि जब शांति समझौते की बात होती है, पेट्रोल के दाम गिर जाते हैं, पर, जैसे ही लगता है कि अभी शांति समझौते के आसार नहीं हैं तो दाम फिर बढ़ जाते हैं।
- रावत ने कहा, भारत सरकार ने अभी तक अपने लोगों को तेल के दामों के उतार-चढ़ाव के दुष्प्रभाव से बचाए रखा है, पर आखिर कब तक यह सब कर सकते हैं।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। भारत में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीज़ल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है।

पिछले दो सप्ताह में ईंधन कीमतों में यह चौथी बढ़ोतरी है, जिससे कुल वृद्धि लगभग 7.5 रुपये तक पहुंच गई है। सरकारी तेल कंपनियां वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद लंबे समय तक दरें स्थिर रखने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए लगातार संशोधन कर रही हैं।

इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी पश्चिम एशियाई संघर्ष को माना जा रहा है, जिसके चलते होर्मुज़ स्ट्रेट बंद हो गया है।

ताजा वृद्धि के बाद, नई दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव पर बोलते हुए ओएनजीसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत ने कहा कि स्थिति को लेकर अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

रावत ने कहा, ''जब भी शांति समझौते की घोषणा होती है, कच्चे तेल की कीमतें गिरने लगती हैं। लेकिन जब यह स्पष्ट हो जाता है कि तत्काल समाधान संभव नहीं है, तो कीमतें फिर बढ़ जाती हैं।''

उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार अस्थिरता के बावजूद, भारत अब तक उपभोक्ताओं को वैश्विक ऊर्जा कीमतों के पूरे दुष्प्रभाव से बचाने में सफल रहा है।

उन्होंने कहा, ''सरकार ने 76 दिनों तक लोगों को राहत दी, जिसके दौरान कीमतें नहीं बढ़ाई गईं। लेकिन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। यह कब तक जारी रखा जा सकता था?''

इससे पहले 23 मई को पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में संशोधन किया गया था, जब ओएमसी ने पेट्रोल के दाम 0.87 रुपये प्रति लीटर और डीज़ल के दाम 0.91 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए थे।

इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की उम्मीदों के बीच वैश्विक तेल कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने तत्काल किसी बड़ी सफलता की संभावना को कमतर बताया है।

इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये (+2.61) प्रति लीटर और डीज़ल 95.20 रुपये (+2.71) मिलेगा। कोलकाता में पैट्रोल के दाम 113.51 रुपये (+2.87) प्रति लीटर तथा डीज़ल के दाम 99.82 रुपये (+2.80) प्रति लीटर हो गए हैं। मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये (+2.72) प्रति लीटर और डीज़ल 97.83 रुपये(+2.81) तथा चेन्नई में पेट्रोल 107.77 रुपये (+2.46) प्रति लीटर, डीज़ल 99.55 रुपये (+2.57) प्रति लीटर। वही जयपुर में पेट्रोल 112.44

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सूरजगढ़ का वीडीओ साढ़े आठ लाख रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 25 मई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए झुंझुनूं जिले की ग्राम पंचायत बेरला पंचायत समिति सूरजगढ़ के ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) राजकुमार को 8 लाख 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी परिवादी के आवासीय भूखंड को व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तित करने और एनओसी जारी करने की एवज में यह रकम मांग रहा था।

- परिवादी के आवासीय भूखंड को व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तित करने व एनओसी देने के एवज में पैसे माँग रहा था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कॉकरोच जनता पार्टी, मीम से हुई शुरुआत डिजीटल युग के राजनैतिक विद्रोह का प्रतीक बनी

## राजनैतिक हास्य व्यंग का यह मंच अब व्यवस्था पर युवाओं की नाराज़गी व गुस्सा जताने का जरिया बन गया है

- 15 मई 2026 को जब भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक सुनवाई के दौरान बेरोज़गार युवाओं के संबंध में कॉकरोच वाली टिप्पणी की तथा फर्ज़ी डिग्री लेकर एक्टिविस्ट बनने वालों की आलोचना की।
- यह टिप्पणी तेजी से वायरल हुई और लोगों ने इसे बेरोज़गार युवाओं, एक्टिविस्टों व स्वतंत्र मीडिया के अपमान के रूप में देखा।
- उसके विरोध स्वरूप एक हास्य व्यंग्य मीम के रूप में कॉकरोच जनता पार्टी का पोस्ट आया और देखते ही देखते वायरल हो गया। नीट पेपर लीक ने इसे और हवा दी और सोशल मीडिया पर इसके फालोअर्स की संख्या 6 दिन में ही मिलियन्स तक पहुँच गई।
- कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की बढ़ती लोकप्रियता ने राजनैतिक दलों में चिंता पैदा कर दी है। राजनैतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि सीजेपी को मज़ाक समझकर नज़रअदाज़ नहीं करना चाहिए। यह व्यवस्था के प्रति लोगों के गुस्से को दर्शाता है।

**-सुकुमार साह -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 मई। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) इन दिनों सुर्खियों में है। सीजेपी कोई पारंपरिक राजनीतिक पार्टी नहीं है, बल्कि यह व्यंग्य और इंटरनेट से प्रेरित एक विरोध आंदोलन है, जो अचानक युवाओं के गुस्से, व्यवस्था-विरोधी नाराज़गी और डिजिटल युग के राजनीतिक विद्रोह का प्रतीक बन गया है। शुरुआत में जो एक मीम के रूप में शुरू हुई थी, वह तेजी से एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गई, क्योंकि यह केवल हास्य तक सीमित नहीं रही, बल्कि आर्थिक रूप से असुरक्षित और शिक्षित युवाओं की गहरी नाराज़गी को सामने लेकर आई।

इस विवाद की शुरुआत 15 मई 2026 को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत द्वारा सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान की गई कथित टिप्पणियों से हुई। यह सुनवाई वरिष्ठ वकीलों को दिए जाने वाले पदनाम, कथित फर्जी कानून डिग्रियों और कानूनी पेशे के दुरुपयोग से जुड़ी थी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने उन लोगों की आलोचना की, जो कथित तौर पर फर्जी और नकली डिग्रियों के जरिए कानून, मीडिया और एक्टिविज़्म जैसे क्षेत्रों में आ रहे हैं और फिर सोशल मीडिया अभियानों, आरटीआई एक्टिविज़्म या सार्वजनिक टिप्पणियों के जरिए सिस्टम पर हमला कर रहे हैं।

यह टिप्पणी तेजी से वायरल हो गई, क्योंकि कई लोगों ने इसे बेरोजगार युवाओं, एक्टिविस्टों और स्वतंत्र मीडिया के खिलाफ एक व्यापक अपमान के रूप में देखा, वो भी ऐसे समय में, जबकि, बेरोजगारी, अधूरी रोजगार व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव पहले से ही राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दे बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर विरोध तेजी से बढ़ने लगा।

अगले दिन जस्टिस सूर्यकांत ने सफाई देते हुए कहा कि उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया गया या संदर्भ से बाहर लिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी आलोचना खासतौर पर उन लोगों के खिलाफ थी, जो फर्जी योग्यताओं का इस्तेमाल कर रहे थे, न कि पूरे भारतीय युवा वर्ग के खिलाफ। उन्होंने यह भी कहा कि उनके मन में भारत के युवाओं के प्रति अत्यधिक सम्मान है और वे उन्हें विकसित भारत के स्तंभ मानते हैं। लेकिन तब तक यह टिप्पणी अदालत से निकलकर भारत की डिजिटल राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी थी।

रक्षात्मक प्रतिक्रिया देने के बजाय, जेनरेशन जैन ज़ी के कुछ वर्गों ने इस कथित अपमान को विरोध के प्रतीक में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# असम विधानसभा में यूनिफार्म सिविल कोड विधेयक पेश

गुवाहाटी, 25 मई। असम विधानसभा में सोमवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी), असम 2026 विधेयक पेश किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य के सभी निवासियों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार तथा लिव-इन संबंधों को लेकर एक समान नागरिक कानूनी ढांचा स्थापित करना है। हालांकि, संविधान द्वारा प्रदत्त विशेष संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

- प्रस्तावित विधेयक में सांस्कृतिक विविधता को बनाये रखते हुए पारम्परिक व धार्मिक विवाह पद्धतियों को मान्यता दी गई है।

प्रस्तावित विधेयक में धर्म

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**कार्य ही सफलता की बुनियाद है। –पाब्लो पिकासो**

# कॉकरोच जनता पार्टी – बुलबुला या ज़लज़ला?

दिनांक 15 मई 2026 को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक प्रकरण में सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, कि कुछ बेरोजगार युवा परजीवी और कॉकरोच की तरह हैं। जिन्हें कोई नौकरी नहीं मिलती या जो किसी व्यवसाय में नहीं जम पाते हैं, वे मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई एक्टिविस्ट बन जाते हैं तथा सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। इस बयान की जब बहुत निंदा होने लगी तो मुख्य न्यायाधीश ने अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों से था जो फर्जी डिग्रियां लेकर किसी व्यवसाय में जाना चाहते हैं। लेकिन, तीर तो कमान से निकल चुका था। बेरोजगारों को कॉकरोच बताने वाले इस बयान को तत्काल ही अमेरिका के बोस्टन में पढ़ रहे एक तीस वर्षीय भारतीय युवक अभिजीत दीपके ने लपक लिया और 16 मई को ''**कॉकरोच जनता पार्टी**'' के नाम से एक पार्टी का गठन कर लिया। इसका इंस्टाग्राम अकाउंट और ट्विटर हैंडल भी बना लिया। चमत्कारिक रूप से इसके साथ लोग तेजी से जुड़ने लगे। पहले छह दिन में ही इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी के 2 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हो गए। यह उल्लेखनीय है कि विश्व ke सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के इंस्टाग्राम पर अब तक कुल मिलाकर 88 लाख फॉलोअर्स हैं अर्थात् कॉकरोच जनता पार्टी के आधे से भी कम।

आग की तरह बढ़ती फॉलोअर्स की संख्या इस बात का द्योतक थी कि भारतीय युवा, विशेष कर पढ़ा-लिखा युवा, बहुत निराश और हताश है। उसका यह मानना था कि उसके कॉकरोच होने में दोष उसका नहीं, अपितु उस भ्रष्टाचार और कुशासन रूपी गंदगी भरी व्यवस्था का है, जिसके कारण कोकरोच उत्पन्न होते हैं। अभिजीत ने भारत की तुलना गटर से कर दी, जहां कॉकरोच पनप रहे हैं। इसी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आक्रोश की अभिव्यक्ति के लिए युवाओं को कॉकरोच जनता पार्टी का मंच मिल गया। कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स की संख्या इसीलिए आग की तरह फैल गई। यह उल्लेखनीय है कि सी जे पी (कोकरोच जनता पार्टी) केवल सोशल मीडिया की उपज है और उसका भौतिक रूप में कोई अस्तित्व नहीं है। जब कुछ लोगों ने देश के कुछ शहरों में सी जे पी के नाम पर प्रदर्शन किया, तो शीघ्र ही अभिजीत दीपके ने स्वयं को उससे अलग कर लिया।

'इंडिया टुडे' से साक्षात्कार में कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत ने बताया कि जिनके ऊपर नागरिकों की अभिव्यक्ति के अधिकार की स्वतंत्रता की रक्षा करने का दायित्व है, वही बेरोजगारों को परजीवी और कॉकरोच बताएं, यह अत्यंत निराशाजनक है।

सी जे पी को अंतरराष्ट्रीय मीडिया जैसे अल जजीरा, रायटर, दी गार्डियन आदि में बहुत महत्व मिला। इसे देश के सांसदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध व्यक्तियों और राजनीतिज्ञों का समर्थन प्राप्त होने लगा। इसकी ऑनलाइन सदस्यता तीन लाख लोगों ने ग्रहण कर ली।

इसकी बढ़ती लोकप्रियता से परेशान होकर सरकार ने इसके ट्विटर हैंडल को ब्लॉक कर दिया। एक सप्ताह में ही इसका इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक हो गया । सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगाकर, एक व्यंग्यात्मक प्रतिरोध को एक सोशल मीडिया आंदोलन में बदल दिया है।

सी जे पी के संस्थापक अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले हैं और चुनावी रणनीतिकार और कम्युनिकेटर हैं। ये आम आदमी पार्टी से भी जुड़े रहे हैं । इन्होंने युवाओं की आवाज को अवसर देने के लिए यह मंच बनाया और कहा कि यदि युवा कॉकरोच हैं तो उसके जिम्मेदार वे नहीं, बल्कि यह सिस्टम है।

यह पार्टी चुनाव आयोग से रजिस्टर्ड नहीं है और न इसने चुनाव लड़ने की कोई बात अब तक की है। सी जे पी के मेनिफेस्टो में जो बिंदु रखे गए हैं, वे रोचक हैं । ये निम्न प्रकार हैं:–

1. किसी भी मुख्य न्यायाधीश को सेवानिवृत्ति के पश्चात राज्यसभा सदस्य नहीं बनाया जाएगा
2. यदि किसी योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा तो उसके लिए मुख्य चुनाव आयुक्त को गिरफ्तार किया जाकर उसके विरुद्ध यू ए पी ए के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाएगा, क्योंकि किसी व्यक्ति को मताधिकार से वंचित करना आतंकवाद से कम नहीं है
3. महिलाओं के लिए संसद में बिना सीटों में वृद्धि किये 50 प्रतिशत आरक्षण किया जाएगा। मंत्रिमंडल में भी 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे।
4. अडानी और अंबानी के स्वामित्व वाले सभी मीडिया चैनलों का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया पनप सके। गोदी मीडिया के एंकरों के बैंक खातों की जांच की जाएगी।
5. कोई भी सांसद या विधायक दल बदल करता है तो उसे 20 साल तक चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा।
6. सीजेपी, सूचना के अधिकार कानून के दायरे में आएगी
7. पार्टी, कोई भी बेनामी चंदा नहीं लेगी और न ही इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदेगी
8. पार्टी ''पी एम केयर्स फंड'' की तरह कोई भी गोपनीय ''कॉकरोच केयर्स फंड'' नहीं बनाएगी

**सरकार, न्यायपालिका, राजनीतिक दल, मीडिया और सत्ता में बैठे अन्य लोग अपनी रीति, नीति और व्यवहार में आवश्यक बदलाव करके इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए इसे विस्फोट या ज़लज़ले का आकर लेने से रोक सकते हैं। इसका दमन इसे ज़लज़ला बनने में ही सहायता देगा। आशा यही की जानी चाहिए कि सरकार और सत्ताधीश देश के युवा वर्ग के धैर्य की और परीक्षा नहीं लेंगे एवं अपनी कार्यशैली में ऐसे सुधार का मार्ग अपनाएंगे जो भ्रष्टाचार से मुक्त हो तथा युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला हो।**

कॉकरोच जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए निम्न योग्यता रखी गई:–

1. वह स्वेच्छा से, परिस्थिति वश या सिद्धांत रूप में बेरोजगार होना चाहिए
2. वह आलसी होना चाहिए
3. उसे प्रतिदिन कम से कम 11 घंटे ऑनलाइन समय व्यतीत करना चाहिए

कॉकरोच जनता पार्टी की मुख्य मांगे निम्न प्रकार हैं:–

1. सबको फ्री वाई-फाई मिले
2. सबको दोपहर में सोने का अधिकार मिले
3. किसी के बायोडाटा में यदि किसी समय अवधि का अंतर हो तो उसे अच्छा माना जाए
4. प्रति सप्ताह संसद में अपनी बात कहने का अधिकार हो
5. सभी की जीवन शैली को गरिमा प्रदान करते हुए आलस्य को भी मान्यता प्राप्त हो ।

कॉकरोच जनता पार्टी के तत्काल उदय और विस्तार में जिन परिस्थितियों ने सहायता दी, उनका विश्लेषण प्रासंगिक होगा। नीट की परीक्षा में पेपर लीक होने से लगभग 23 लाख विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया। लगभग 18 लाख विद्यार्थियों को जिन्होंने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा दी, वे भी ऑन स्क्रीन मार्किंग के प्रयोग के कारण, अपने परिणाम से असंतुष्ट दिखे। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन स्वीकार करने वाली वेबसाइट बार-बार ठप्प होती रही। त्रि भाषा फार्मूला पहले छठवीं कक्षा से लागू करने का निर्णय लिया गया, जिसे एक सप्ताह में ही बदल कर नवीं कक्षा से लागू करने का निर्णय ले लिया गया। मजे की बात है कि अभी तक इसकी कोई किताबें ही नहीं बनी हैं।विभिन्न राज्यों की भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने के कारण भर्तियां निरस्त हुईं। निजी विश्वविद्यालयों के बढ़ते जाल के कारण फर्जी, डिग्रियों का धंधा भी बहुत चल रहा है। अधिकांश ग्रेजुएट डिलीवरी बॉय की तरह काम करने को मजबूर हैं। दूसरी ओर ve नेताओं और अफसरों को शाही जीवन जीते हुए देखते हैं, तो उसके मन में आक्रोश उपजना स्वाभाविक है।

कुल मिलाकर कर कहें तो, वर्तमान शासन व्यवस्था और पारंपरिक राजनीतिक दल आज के शिक्षित युवाओं की आशा और आकांक्षाओं को समझने में पूरी तरह असफल रहे हैं। इसी सिस्टम के प्रति क्षोभ और आक्रोश की अभिव्यक्ति सी जे पी के माध्यम से हो रही है। सी जे पी का चिन्ह भी कॉकरोच को रखा है। आम व्यक्ति कॉकरोच से डरता है। ठीक उसी प्रकार सरकार और राजनीतिक दल, बेरोजगार युवाओं रूपी कॉकरोच से डर रही है ।

इन सब परिस्थितियों में मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी ने आग में घी का काम किया। अभिजीत ने इसी अवसर को भांपते हुए एक ऐसा मंच बना दिया, जहां बेरोजगार आक्रोशित युवा अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकें।

संभवतया, यह सोशल मीडिया आंदोलन कुछ समय में अपने आप समाप्त हो जाता, यदि सरकार अति उत्साह में इसकी बढ़ती संख्या को देखते हुए, इसके ट्विटर हैंडल पर रोक नहीं लगाती । जो प्रतिरोध केवल एक राजनीतिक व्यंग्य के रूप में प्रारंभ हुआ था, वह अब एक प्रकार से युवाओं के आंदोलन में परिवर्तित होता दिखाई दे रहा है। अब तक 3:50 लाख लोगों ने इसकी सदस्यता ग्रहण कर ली है । इनमें कई सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों के सदस्य, फिल्म कलाकार, लेखक वैज्ञानिक आदि सम्मिलित हैं।

सरकार ने दमन का रुख अपनाते हुए कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत के माता-पिता पर दबाव डालना प्रारंभ कर दिया है। उन्हें यह भी आशंका है कि कहीं उनके पुत्र के भारत लौटने पर उसे गिरफ्तार न कर लिया जाय। अभिजीत के सोशल मीडिया अकाउंट ट्विटर पर रोक लगाने का आधार ही इंटेलिजेंस ब्यूरो की इस सूचना को बनाया गया है कि उसका सोशल मीडिया अकाउंट, राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा कर सकता है।

अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कॉकरोच जनता पार्टी चुनाव आयोग के पास एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीयन कराएगी अथवा नहीं। इस विचार को सोशल मीडिया पर इतना समर्थन प्राप्त होना ही इस बात का संकेत है कि देश का युवा विशेष कर, शिक्षित युवा, स्थापित राजनीतिक दलों की प्रक्रियाओं और व्यवस्था से ऊब चुका है। क्या कॉकरोच जनता पार्टी एक विकल्प दे सकती है या इसके प्रभाव से राजनीतिक दल अपने कार्यशैली में कोई परिवर्तन करेंगे? हालांकि इसकी संभावना अब तक के इतिहास को देखते हुए अधिक नहीं है, यह भविष्य के गर्भ में है।

कॉकरोच जनता पार्टी के गठन को सरकार द्वारा एक संकेत और गंभीर चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए । उसे यह समझना होगा कि वर्तमान शासन की नीतियां और तौर तरीके, युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में असफल रहे हैं। सरकार, न्यायपालिका, राजनीतिक दल, मीडिया और सत्ता में बैठे अन्य लोग अपनी रीति, नीति और व्यवहार में आवश्यक बदलाव करके इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए इसे विस्फोट या ज़लज़ले का आकर लेने से रोक सकते हैं। इसका दमन इसे ज़लज़ला बनने में ही सहायता देगा। आशा यही की जानी चाहिए कि सरकार और सत्ताधीश देश के युवा वर्ग के धैर्य की और परीक्षा नहीं लेंगे एवं अपनी कार्यशैली में ऐसे सुधार का मार्ग अपनाएंगे जो भ्रष्टाचार से मुक्त हो तथा युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला हो।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# कर्म से जन्म तक, और अब संविधान से सम्मान तक – जाति-व्यवस्था का 3000 साल का सफर''



मदन सिंह काला

भारत में जाति-व्यवस्था का इतिहास जितना पुराना है, उतना ही जटिल भी। साक्ष्य बताते हैं कि इसकी शुरुआत जन्म से नहीं, कर्म से हुई थी। ऋग्वेद 9.112.3 में एक ऋषि कहता है- ''मैं मंत्र रचने वाला कवि हूँ, मेरा पिता वैद्य है, मेरी माता चक्की से अनाज पीसती है।'' यानी एक ही घर में तीन अलग पेशे, तीन अलग पहचान। श्रीमद्भगवद्गीता भी पुष्टि करती है- ''चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः'' – मैंने चार वर्ण गुण और कर्म के आधार पर बनाए हैं न कि जन्म के आधार पर। पाणिनि ने 8वीं सदी ई.पू. में लिखा- जट झट संघाते, यानी तेजी से संगठन बनाने वाले जाट कहलाए। स्पष्ट है कि प्रारंभ में वर्ण का अर्थ था रुचि, योग्यता और काम। एक ही पिता के चार बेटे अपनी क्षमता से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र हो सकते थे। जन्म से कोई छोटा-बड़ा नहीं था।

परंतु उत्तर-वैदिक काल से राजतंत्र तक आते-आते यह व्यवस्था पूरी तरह बदल गई। पेशा धीरे-धीरे वंशानुगत होता चला गया। लोहार का बेटा लोहार, बढ़ई का बेटा बढ़ई, कृषि करने वाले का बेटा कृषक, कपड़ा बुनने वाले का बेटा बुनकर कहलाने लगा। इस तरह से कर्म पर आधारित जन्मना जाति-व्यवस्था का उदय हुआ। राजसत्ता और धर्मशास्त्रों ने इस जाति व्यवस्था को धर्म(नियम) आधारित वैधता प्रदान की। मनुस्मृति में राजा का पहला कर्तव्य वर्ण-धर्म की रक्षा बताया गया। सजातीय विवाह के नियम बना दिए गए। इस नियम ने समाज को ऐसे खंडों में बाँट दिया कि जिस खंड में व्यक्ति जन्मा, वहीं उसका अंतिम श्वास भी निकले। रोटी-बेटी का रिश्ता अपनी जाति तक सीमित हो गया। बेटी को रोटी से जोड़कर उसे पुरुष की संपत्ति में रूपांतरित कर दिया गया।

अंग्रेजों की 1871 की जनगणना ने इस जकड़न को और मजबूत किया। पहली बार हर व्यक्ति से जाति पूछकर सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज की गई। 1931 तक 3000 से अधिक जातियाँ कागज पर स्थायी हो गईं। इस जन्म-आधारित व्यवस्था की सबसे बड़ी कीमत समाज के एक बहुत बड़े हिस्से ने चुकाई। लगभग 3000 वर्षों तक उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और संपत्ति के मूलभूत अधिकारों से व्यवस्थित रूप से वंचित रखा गया। शूद्रों को भी सछूत और अछूत दो श्रेणियों में बाँट दिया गया, पर दोनों का एक ही कर्म तय किया गया- तीन उच्च वर्णों की सेवा। सछूतों से बेगार ली जाती थी और फसल में हिस्सा। देश के आजाद होने के बाद काश्तकारी कानून बनाये गए। इन कानूनों के अनुसार जो व्यक्ति जिस भूखण्ड पर खेती करता है वही उसका काश्तकार होगा और उस पर खेती करने सै जो कुछ पैदा होगा, उसके उपभोग का अधिकारी वही काश्तकार ही होगा। अछूत श्रेणी के शूद्रों को सार्वजनिक कुओं, मंदिरों और तालाबों से दूर रखा गया। बीमारी में वैद्य उनके पास नहीं जाते थे। नतीजा- पीढ़ी-दर-पीढ़ी वे कुपोषण, निरक्षरता और गरीबी के दलदल में धँसते चले गए।

1947 का वर्ष इस अंधेरी सुरंग में रोशनी की पहली किरण लेकर आया। संविधान ने पहली बार हर नागरिक को पढ़ने, संपत्ति रखने और सम्मान से जीने का मौलिक अधिकार दिया। यही वह ऐतिहासिक क्षण था जब सदियों से हाशिए पर खड़े समुदायों अर्थात कुता, बिल्ली व अन्य चौपाए जानवर धर्म स्थलों और उच्च वर्ण की जातियों के घरों में प्रवेश का अधिकार रखते थे, परंतु शूद्र वर्ण की जातियों को यह अधिकार नहीं था। उन्हें पहली बार मनुष्य और नागरिक होने का अधिकार संवैधानिक अधिकार देश के आजाद होने के बाद मिला। शिक्षा और आरक्षण की बदौलत उसी समाज से आज डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रशासक और सैनिक निकल रहे हैं। कल तक जो हाथ हल या झाड़ू पकड़ते थे, वे आज कंप्यूटर, फाइल और स्टेथोस्कोप संभाल रहे हैं। कर्म एक बार फिर प्रधान हो रहा है।

लेकिन क्या काम पूरा हो गया? जवाब है- नहीं। कानूनी बराबरी मिल गई है, पर सामाजिक बराबरी का सफर अधूरा है। NABARD 2022 के अनुसार ग्रामीण दलित परिवारों में 70 प्रतिशत आज भी भूमिहीन हैं, और देश की कुल संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी मात्र 5इ है। ग्ँ के आँकड़े रोज बताते हैं कि औसतन 5 दलित महिलाओं के साथ बलात्कार और 2 दलितों की हत्या सिर्फ जातिगत नफरत के कारण होती है। आज भी 95इ विवाह अपनी ही जाति में होते हैं। शहरों में किराये का मकान देने से पहले जाति पूछी जाती है। उच्च वर्ण के लोग अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मकान देने से परहेज करते हैं, भले ही वह कितना ही पढ़ा-लिखा व चरित्रवान हो।

इसलिए डॉ. अंबेडकर का सवाल आज भी प्रासंगिक है- ''हमने राजनीतिक लोकतंत्र तो हासिल कर लिया, पर सामाजिक लोकतंत्र कहाँ है?'' जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को भी ब्राह्मण, बनिया और क्षत्रिय वर्ण की जातियों के समान स्वाभाविक सामाजिक सम्मान नहीं मिल जाता, तब तक देश के इन नागरिकों के लिए सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। संविधान के अंतर्गत दिया जाने वाला संबल कोई खैरात नहीं, बल्कि 3000 साल की ऐतिहासिक गलती की भरपाई है। इस सत्य को हमें स्वीकार करना होगा तभी हम सचे मन से अपने भोइयों को देश की मुख्य धारा में स्थान दिलवाने के लिए अपना योगदान दे पायेंगे। हमारे पूर्वजों की इस अदूरदर्शी और औचित्यहीन सोच के कारण पैदा हुई अमानवीय समस्याओं का समाधान हमें ही करना होगा। वर्तमान सरकारों को इस अन्याय की भरपाई करनी होगी। तभी संवैधानिक सामाजिक न्याय किया जाना संभव हो पाएगा। आगे का रास्ता स्पष्ट है। पहला, शिक्षा और पोषण पर सर्वाधिक निवेश करना होगा। पिछड़े समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्कूल, छात्रावास और संतुलित आहार मिलेगा, तभी 3000 साल का बैकलॉग खत्म होगा। दूसरा, आर्थिक सशक्तिकरण जरूरी है। इस हेतु सरकार को सरकारी नौकरियों का अधिक से अधिक सृजन करना होगा। निजी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्रों में आरक्षण नहीं है इसलिए वहां पर अनुसूचित जातियों और जन जातियों योग्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है। भूमि सुधार, कौशल विकास और स्टार्टअप फंडिंग के जरिए इन्हें नौकरी माँगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाना होगा। तीसरा, सबसे अहम है सामाजिक चेतना। जाति-तंत्र का ढांचा चरमरा जरूर रहा है। महानगरों में अब इच्छुक व्यक्ति से यह पूछा जाता है कि उसमें कौनसा कार्य करने का कौशल है, न कि जाति। पर गाँव का सच अभी भी अलग है। संविधान ने हमें कानूनी बराबरी तो दे दी है, पर अब दिल की बराबरी का लक्ष्य बाकी है। जब तक भारत का आखिरी नागरिक भी सिर उठाकर बिना जाति बताए कह सके कि मैं सिर्फ भारतीय हूँ, तब तक आरक्षण और संवैधानिक संबल सरकारों के लिए नैतिक अनिवार्यता बने रहेंगे। क्योंकि राष्ट्र तभी मजबूत होता है जब उसका हर नागरिक बराबरी के साथ खड़ा हो सके।

**–मदन सिंह काला,**
**सेवानिवृत्त आई.ए.एस**

# शेषन से ज्ञानेश कुमार तक : चुनाव सुधार या चाकरी का चक्कर?



रामनिवास बैरवा

शेषन..... टी.एन. शेषन – तिरूनेल्लाई नारायण अय्यर शेषन.... (Seshan ......... T.N. SESHAN- TIRUNELLAI NARAYANA AYER SESHAN) ..... राजीव गांधी का 'अलशेषन' ;(..... A L S A T I O N ... . . ALSESHAN as called by Rajeev Gandhi तत्कालीन राजीव गांधी का केबीनेट, जो प्रधानमंत्री के पदेन वफादार ही होता है, 1990 से 1996 तक भारत के दसवें चुनाव आयुक्त रहे थे। इन्हीं के कार्यकाल में 1991 के लोकसभा चुनावों के दौरान राजीव गांधी की मौत हो गयी थी और चुनाव आयुक्त शेषन ने कुछ समय के लिए चुनावी प्रक्रिया को स्थगित कर दिया था। तब गांधी परिवार के बिना कांग्रेस अनाथ जैसी हो गई थी। अर्जुन सिंह, प्रणव मुखर्जी, नारायण दत्त तिवारी कांग्रेस के सर्वेसर्वा बनने के लिए आपस में लड़ रहे थे। हालांकि इनकी लड़ाई के बीच में पी.वी. नरसिंहा प्रधानमंत्री बनाये जा चुके थे और गांधी परिवार को उनकी हाई कमान की हैसियत को बनाये रखने के लिए गांधी परिवार के एक और अन्य वफादार मनमोहन सिंह को वित्तमंत्री बनाया गया था। लेकिन गांधी परिवार को कांगेस का हाईकमान बनाने में गांधी के बच्चों को अभी समय लगता, अतः सभी राजनीतिक नेताओं और पार्टियों पर अंकुश लगाने के लिए चुनाव आयुक्त शेषन ने चुनाव सुधार के नाम पर कुछ कदम उठाये जिनमें कुछ अच्छे भी थे तो कुछ अप्रत्यक्ष रूप से गांधी परिवार की राजनैतिक हैसियत को बनाये रखने के लिए थे। इसी बड़बोलेपन में शेषन कहा भी करते थे ''मैं अपने नाश्ते में राजनेताओं को खाता हूँ।'' तब उन्हीं के नाश्ते की डिशों की राजनीतिक पार्टियों ने मिलकर एक चुनाव आयोग को तीन चुनाव आयुक्तों की संस्थान बना दिया और राजनेताओं ने संदेश दिया कि भारत में राजनेतओं को किसी भी तरह से काबू में नहीं रखा जा सकता। इससे पार्टियों की हाई कमान प्रणाली और मजबूत हो गई। केंद्र में कांग्रेस की हाई कमान की बागडौर लाख कोशिशों के बावजूद भी सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को पूरी तरह से नहीं दे पा रही है। और राजनेताओं का नाश्ता करने वाला चुनाव आयोग, व्यक्तिशः ज्ञानेश कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त, वर्तमान समय में आर.एस.एस. के अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा, भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्य सरकारों को एक के बाद दूसरी विपक्षी सरकारों को खा पीकर भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में बदलते जा रहे हैं।

किसी को सत्ता के शिखर तक पहुचाने वाली चुनाव प्रणाली को अपनी सत्ता के लम्बे जीवन के लिए इस्तेमाल करना शुरू से ही षड्यंत्रों कर केन्द्र रही है। वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उसी तन्मयता, उसी तत्परता और उसी समर्पण के साथ वर्तमान सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की उसी वफादारी से सेवा कर रहे हैं जिस वफादारी से टी.एन.शेषन कांगेस के गांधी परिवार की करते रहे थे। यहां 'गांधी परिवार' की जगह 'संघ परिवार' है जिसके प्रमुख 'तीन मूर्ति' सौ वर्षो से पाली-पोषी जा रही नीतियों, अनीतियों को चुनावी सांचे में ढाल कर सत्ता सुख के दीर्घकाल तक बनाये रखने के लिए 'संघर्षरत' है।

ज्ञानेन्द्र कुमार सिविल इंजिनियरिंग (IIT कानपुर) बिजनेस फाइनेंस (ICFAI) तथा एनवायरमेंटल इकोनोमिक्स (हावर्ड), 1995 बैच के आई.ए.एस. (केरल, केडर) केन्द्र में संसदीय कार्य मंत्रालय में तथा सहकारिता मंत्रालय में सचिव के तौर पर काम किया जहां पर रहते हुए सीधे अमित से काफी निकटता रही। उसी निकटता के चलते पहले तो ज्ञानेन्द्र कुमार को सेवानिवृत्त होते ही चुनाव आयुक्त बनाया गया। लेकिन फरवरी, 2025 में मुख्य चुनाव आयुक्त बनाये जाने के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के नियमों में परिवर्तन किया गया तथा चयन मंडल से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक केबीनेट मंत्री को शामिल किया गया, जाहिर है वह केबीनेट मंत्री अमित शाह से अच्छा और कौन हो सकता था।

जब मुख्य न्यायाधीश को मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन समिति से हटाने के कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई तो जजों ने यह तर्क देकर मामले की सुनवाई को स्थगित कर दिया कि बिहार में चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी थी और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्त संबंधी कानून की समीक्षा करना उचित नहीं था। इसी बीच मतदाता सूचियों को विशेष पुनर्रीक्षण बिहार में किया गया और वहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई। बाद में यही प्रक्रिया पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में भी अपनाई गई लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पश्चिम बंगाल के चुनावों का मामला रहा। SIR के दौरान, नये नाम जोड़ने के बजाय, बिहार के जहां 67 लाख वोटरों के नाम काटे गये वहीं पश्चिम बंगाल में 90 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम काटे गये, काफी जद्दोजहद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जजों ने सेवानिवृत और कार्यरत जजों का एक अपील करने को फोरम बनया जिसमें करीब 27 लाख वोटरों ने अपील की बताई जिनमें से करीब 137 वोटरों को पश्चिम बंगाल की विधानसभा के चुनावों में वोट देने का अधिकारी पाया गया। बाकी सब मतदान के अयोग्य बताया गया। अब जजों के सामने चुनावों से संबंधित कई मामले विचारधीन हैं जिनकी सुनावाई की जा रही है। सुनवाई अभी चल रही है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश अपने विचार व्यक्त कर अपनी मंशा जाहिर कर दी है कि ... ''मुख्य न्यायाधीश का कानूनी रूप से मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन समिति में होना कानूनी बाध्यता नहीं है ..... कि चयन समिति में न्यायाधीश के सदस्य का होना विधायिका की इच्छा पर निर्भर करता है, न्यायपालिका की इच्छा पर नहीं ...... कि वर्तमान कानूनी व्यवस्था में सरकार को मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्तों को चुनने का अधिकार है। जब तथाकथित वर्तमान कानूनी व्यवस्था को सुप्रीम कोर्ट में प्रारम्भ से उस कानून संवैधानिक वैधता को चुनौति दी जा चुकी हो और मामला अभी सुनवाई के स्तर पर ही हो, उसक कानून को वैधास नहीं माना जा सकता।

लेकिन, इससे लगता है- मुख्य न्यायाधीश जो व्यक्तिशः सूर्यकांत हैं, इन सभी स्थितियों से इतना अव्यवस्थित हो गये है कि वे सरकार के सामने समर्पण की मजबूरी को छुपा नहीं सके हैं। तब ही तो देश के बेरोजगारों युवाओं को 'कॉकरोच' जैसे गलीच शब्दों से चिन्हित कर दिया है और उन्हें परजीवी कह कर उन्हें कोई भी धरना प्रदर्शन नहीं करने की सीख दे डाली है। सुप्रीम कोर्ट के जजों से ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती।

लगता है मुख्यन्यायाधीश को उनके पद पर रहते ही वो सब दे दिया गया है- जो कि किसी न्यायाधीश को अक्सर उनकी सेवानिवृति के बाद उन्हें मिलता है। 12 मई, 2026 को सरकार ने अनायास ही सुप्रीम कोर्ट की आधारभूत सुविधाओं के लिए 40000-50000 करोड़ रूपये अतिरिक्त में स्वीकृत कर दिये हैं और 18 मई, 2026 को सुप्रीम कोर्ट में चार और न्यायाधीशों के पदों की स्वीकृति को अध्यादेश जारी किया गया है।

अतिरिक्त न्यायाधीश के पदों की स्वीकृति के लिए अध्यादेश का रास्ता क्यों अपनाया गया है? दो महिने बाद जुलाई 2026 में शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती थी? लेकिन जल्दबाजी यह थी कि न्यायाधीशों का चयन करने वाले कालेजियम के मुखिया सरकार के, और बहुत हद तक अपने चहेतों का सुप्रीम कोर्ट में बैठा कर भविष्य में अपने चहेते प्रियजन को मुख्य न्यायाधीश के पद पर बैठा देख सकेंगे, फिर चाहे उस समय सरकार भारतीय जनता पार्टी की हो या अन्य किसी पार्टी की। 2025 से बनाये गये कानून की न्यायिक और संवैधानिक समीक्षा में कोई लांछन लगने की सम्भावना नहीं होगी; खासतौर से वर्तमान मुख्य चुनाव के ज्ञानेन्द्र कुमार के खिलाफ। वह कानून वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के समक्ष विचारधीन है और उस कानून के अन्तर्गत ज्ञानेन्द्र कुमार नामक व्यक्ति के मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यकाल और उसके पिछले कार्यकालों के दौरान किये गये किसी भी असंवैधानिक या अन्य अपराधिक मामले में अपराधी नहीं बनाया जायेगा।

भारत के लोकतंत्र में हरेक राजनीतिक पार्टी 'पार्टी हाई कमान' की इच्छाओं के अनुसार, अपनी कुंठाओं को आधार बना कर, अपने पूर्वाग्रहों के अनुसार देश की राजनीति को चलाते हैं। उनके लिए संविधान कोई मायने नहीं रखता। कहना ना होगा, गांधीजी लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही अपने राजनीतिक जीवन का आधार बनाकर 'हाई कमान' का दर्जा पा सके थे। आज भी 'हाई कमान' उसी नामांकन पद्धति को अपनाये हुए हैं। फिर भी देशों की सत्ता की बागडौर चुनावों के द्वारा ही नेल्सन मंडेला बने, हिटलर भी चुनावों के द्वारा ही सत्ता में आये, मोदी भी चुनावों के द्वारा ही सत्ता प्राप्त कर सके। लेकिन लम्बे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए चुनावों को अपने मनमाफिक परिणामों में बदलना कला भी हो सकती है, चुनावों का अपने मनमाफिक परिणामों में बदलना षड्यंत्र भी हो सकता है जो महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर अपने वफादारों के चयन को कानून सम्मत बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के जजों को भी कानून की सीमा रेखाओं बांधने का सद्प्रयास भी शामिल है। क्या न्यायाधीशों का चयन भी उसी वफादारी को परिलक्षित नहीं करता? क्या अनुच्छेद 50 के अनुसार न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतंत्र है?

45 साल पहले, 1981-82 में, इंडियन एक्सप्रेस में छपे एक लेख की याद आती है, जिसे–'भारती जनसंघ' जो कि बाद में ''भारतीय जनता पार्टी'' के थिंकटैंक अरूण शौरी ने लिखा था और जिसका शीर्षक था– "By What The Judges Are Bribed."

**– राम निवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

## राशिफल मंगलवार 26 मई, 2026



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम ज्येष्ठ मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2083, हस्त नक्षत्र बुधवार प्रातः 5:57 तक, सिद्धि योग रात्रि 3:10 तक, वणिज करण सायं 5:46 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज कुमार और रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात है। भद्रा सायं 5:46 से आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** सुबह 9:01 से 10:42 तक, लाभ-अमृत 10:42 से 2:05 तक, शुभ 3:46 से 5:28 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। **सूर्योदय** 5:39, **सूर्यास्त** 7:09

### मेष

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृष

परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। आज व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### कर्क

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

### सिंह

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### तुला

व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी में अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### वृश्चिक

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मकर

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है।

### मीन

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# घनश्याम तिवाड़ी ने कार्यकर्ताओं को दिया अनुशासन, समरसता और राष्ट्रसेवा का संदेश

## भाजपा जयपुर देहात दक्षिण प्रशिक्षण महाभियान में गूंजा राष्ट्रवाद का शंखनाद

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत जयपुर देहात दक्षिण जिला प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन राष्ट्रवाद, संगठनात्मक मजबूती और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला। बाड़ा पदमपुरा जैन मंदिर, शिवदासपुरा में सोमवार सुबह 11 बजे शुरू हुए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के साथ संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता, जनसंपर्क, चुनावी रणनीति और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं प्रदर्शनी उद्घाटन के साथ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। संगठन जिला प्रभारी केडी बाबर तथा वर्ग जिला संयोजक शिवजीराम कुमावत की देखरेख में आयोजित शिविर में जिलेभर से करीब 250 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक फुलेरा निर्मल कुमावत, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, रामअवतार बैरवा, कैलाश वर्मा, बस्सी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी सीएम मीणा, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा तथा पूर्व जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अतिथियों का साफा, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।



राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने सोमवार को बाडा पदमपुरा जैन मंदिर में भाजपा जयपुर देहात दक्षिण जिला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक फुलेरा निर्मल कुमावत समेत कई नेता मौजूद थे।

उद्घाटन सत्र में घनश्याम तिवाड़ी ने हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंचनिष्ठाओं पर विस्तार से विचार रखते हुए कहा कि भाजपा केवल सत्ता की राजनीति नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक चेतना का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संदेश दिया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने की।

द्वितीय सत्र में भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने संगठन को सत्ता नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बताते हुए जनहित में निरंतर सक्रिय रहने का आ ान किया। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष प्रकाश जैन ने की।

तृतीय सत्र में सांसद राव राजेंद्र सिंह ने देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों, राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल संगठन तक सीमित नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण और जनजागरण की भी है। इस सत्र की अध्यक्षता जिला महामंत्री शिव प्रसाद यादव ने की।

चतुर्थ सत्र में पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने संगठनात्मक कार्य पद्धित, अनुशासन एवं कार्यकर्ता जीवन की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ता के अनुशासन और समर्पण से ही संभव है। चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर ने की।

पंचम सत्र में प्रदेश संयोजक मनीष पारीक ने विचार परिवार विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक समन्वय एवं वैचारिक एकजुटता को भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति बताया। पंचम सत्र की अध्यक्षता बस्सी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी सीएम मीणा ने की।

- प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती और चुनावी रणनीति पर हुआ महामंथन
- पहले दिन 6 सत्रों में बूथ प्रबंधन से सोशल मीडिया तक मिला प्रशिक्षण, मंगलवार को होंगे 6 और अहम सत्र

वहीं छठवें सत्र में प्रदेश संयोजक रघुनाथ नरेड़ी ने सोशल मीडिया, मीडिया, नई तकनीक, एआई, प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। छठवें सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष कांता सोनवाल ने की।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास का सबसे बड़ा मंच है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन 6 सत्र आयोजित किए गए, जबकि मंगलवार को भी 6 महत्वपूर्ण सत्र आयोजित होंगे। आयोजन स्थल पर आवास, भोजन, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से तैयार किया गया है।

## 'दुर्घटना में मौत होने पर आश्रितों को 1.47 करोड़ रुपए का मुआवजा दें'

**जयपुर।** एमएसीटी मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 ने एंबुलेंस की टक्कर से मौत के मामले में आश्रितों को 1.47 करोड़ रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश मृतक मुकेश कुमार के आश्रितों की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। परिवाद में कहा गया कि मुकेश कुमार अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात थे। उनकी 9 मार्च, 2019 को एंबुलेंस ने टक्कर मार दी थी। जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवाद में कहा गया कि मृतक की उम्र करीब 39 साल थी और मासिक वेतन करीब 90 हजार रुपए था। ऐसे में बीमा कंपनी की ओर से मुआवजा दिलाया जाए।

जिसका विरोध करते हुए बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि मामले में एफआईआर अज्ञात वाहन के खिलाफ दर्ज कराई गई थी, लेकिन बाद में मिलीभगत कर एंबुलेंस को घटना में शामिल दिखा दिया। इस दौरान अदालत के सामने आया की दुर्घटना के तुरंत बाद मृतक के मोबाइल से उसके रिश्तेदार को सूचना दी गई थी और एंबुलेंस का नंबर भी नोट कराया गया था। वहीं दुर्घटना के बाद घायल को उसी एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने की रिकॉर्डिंग भी अस्पताल के सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई थी।

## सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में सम्मिलित हुए राज्यपाल



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को कनक घाटी स्थित श्री राधा माधव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने राधा माधव के दर्शन किए और सभी के मंगल की कामना की। बाद में मंदिर परिसर में वह सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां बटुकों को आशीर्वाद स्वरूप दक्षिणा दी तथा कहा कि जनेऊ मात्र एक धागा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, उच्च आदर्शों और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने बटुकों से धर्म के मार्ग पर चलने, बड़ों का आदर करने और समाज में ज्ञान व सेवा का प्रसार करने का आव्हान किया।

## पहले ईंधन के दाम बढ़ने को मोदी बताते थे शासन की नाकामी : नेता प्रतिपक्ष

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही देश की जनता पर महंगाई का कहर टूटना शुरू हो गया है। महंगाई मैन नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर पेट्रोल के दाम में 2.82 पैसे और डीजल में 2.73 पैसे की भारी वृद्धि कर आम जनता की जेब पर सरेआम डाका डाल दिया है।

चुनाव के वक्त जनता को गुमराह करने वाली भाजपा का असली लोक-विरोधी चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया है और अच्छे दिनों का दावा करने वाली सरकार ने जनता को लाचारी के मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने बयानों को याद दिलाते हुए उन पर कड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा कि आज के प्रधानमंत्री मोदी के सबसे बड़े आलोचक कोई और नहीं, बल्कि साल 2014 से पहले के खुद मुख्यमंत्री मोदी हैं। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब पेट्रोल और डीजल के दामों में मामूली वृद्धि होने पर भी वे मंचों से बड़े-बड़े राजनीतिक भाषण देते थे। उस वक्त मुख्यमंत्री मोदी कहते थे कि "पेट्रोल-डीजल के दामों का बढ़ना दिल्ली सरकार की नाकामी और शासन चलाने की नाकामयाबी का जीता-जागता सबूत है।" जूली ने सवाल उठाया कि जो नीतियां 2014 से पहले नाकामी का सबूत थीं, वे आज मास्टरस्ट्रोक कैसे बन गईं?

- पेट्रोल-डीजल की कीमतों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी पर कांग्रेस हमलावर हुई
- 5 राज्यों के चुनाव खत्म होते ही देश में मंहगाई का कहर टूटना शुरू : जूली

टीकाराम जूली ने कहा कि साल 2014 से पहले जब भी ईंधन की कीमतें बढ़ती थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी तत्काल तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को बढ़े हुए दामों को तुरंत वापस लेने की पुरजोर मांग करते थे। लेकिन जब वे खुद देश के प्रधानमंत्री पद पर बैठे हैं और महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच चुकी है, तब वे पूरी तरह मौन हैं। आज देश की जनता त्रस्त है, मध्यम वर्ग और गरीब का बजट पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पास जनता को राहत देने के लिए एक शब्द भी नहीं है। यह दोहरा मापदंड ही भाजपा की राजनीति का असली चरित्र है।

## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में एक ही रात में दो मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दोनों मोटरसाइकिलें भी बरामद कर ली हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले समीर (21) निवासी जालूपुरा और राजा बाबू (23) निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी समीर के खिलाफ पहले से लड़ाई-झगड़े और मारपीट के मामले दर्ज हैं।

## देवनानी ने गंगा दशहरा पर विधान सभा उद्यान में लगाया कल्पवृक्ष

### विश्व पर्यावरण दिवस तक प्रतिदिन विधानसभा उद्यान में लगाये जाएंगे 2 पौधे

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा उद्यान में गंगा दशमी सोमवार से विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) तक प्रतिदिन दो पौधे लगाये जाएंगे। इसके तहत विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान सभा उद्यान में सोमवार को कल्प वृक्ष का पौधा लगाकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुभारम्भ किया। विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा ने भी उद्यान में कल्प वृक्ष का पौधा लगाया।स्पीकर देवनानी ने गंगा दशहरा की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारे और लोक कल्याण की भावना को सुदृढ करता है। देवनानी ने लोगों का आव्हान किया है कि सभी लोग पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभायें। देवनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवनदायिनी प्रकृति का प्रतीक हैं। गंगा दशमी आध्यात्मिक आस्था के पर्व के साथ जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरण का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। जल स्त्रोतों का संरक्षण, नदियों की स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए प्रत्येक नागरिक को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाकर ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान किया जा सकता है।

## ई रिक्शा की बैटरियों चुराने वाले गिरफ्तार

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने ई रिक्शा की बैटरियां चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त राजर्षिराज ने बताया कि आरोपी मोहसिन खान निवासी आमागढ़ शक्ति कॉलोनी दिल्ली बाईपास और आरोपी शाहनवाज उर्फ शाहरूख को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि वे नशे की लत के कारण वारदातों को अंजाम देते है। चुराई गई बैटरियों को ओने-पोने दामों में बेचकर नशे की सामग्री का जुगाड़ करते है। पुलिस नेबताया कि 23 मई को पीड़ित मोहम्मद असरार खान ने मामला दर्ज कराया था कि 22 मई को रात 9 बजे अज्ञात बदमाश उसके ई रिक्शा की बैटरियों चुरा ले गये है।

## एफआर लगाने की एवज में रिश्वत लेते एसआई ट्रैप

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बीकानेर चौकी टीम ने कार्रवाई करते हुए श्रीगंगानगर जिले के नई मंडी घड़साना थाने में तैनात उप निरीक्षक (एसआई) रामेश्वर लाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित एसआई परिवादी के मुकदमे में एफआर लगाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था।

- एसीबी ने 20 हजार रुपए सहित दबोचा



आरोपी रामेश्वर लाल

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी बीकानेर को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें परिवादी ने आरोप लगाया कि उसके मुकदमे में एफआर लगाने के बदले उप निरीक्षक रामेश्वर लाल ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। परिवादी द्वारा राशि कम करने का आग्रह करने पर आरोपी 20 हजार रुपए लेने पर सहमत हो गया।

शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने उप महानिरीक्षक पुलिस नारायण टोगस के सुपरविजन में ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में एसीबी टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपित एसआई रामेश्वर लाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली है। कार्रवाई के दौरान आरोपित एसआई से पूछताछ की जा रही है।

## जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को मिला अच्छा रेस्पॉन्स

**जयपुर।** जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को 20 कोच से संचालित होने पर मिला अच्छा रेस्पॉन्स मिल रहा हैं। 20 कोच के साथ संचालित होने वाली पहली ट्रिप में आज फुल बुकिंग रही।

इस रेल सेवा की लोकप्रियता तथा यात्रियों की संख्या को देखते हुए इसे 8 कोच से 20 कोच की किया गया है। 24 मई को संचालित गाड़ी संख्या 26481, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस में लगभग 94 प्रतिशत बुकिंग रही तथा इसी प्रकार गाड़ी संख्या 26482, दिल्ली कैंट-जोधपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस में 118 प्रतिशत बुकिंग, रही जो कि इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 22 मई को इस रेल सेवा को 8 कोच से बढ़ाकर 20 कोच की करने को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह रेल सेवा जोधपुर और दिल्ली के मध्य बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# आमेर महल की भव्यता से अभिभूत हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो

## उन्होंने महल को "इन्क्रेडिबल पैलेस" बताते हुए इसकी सुंदरता और शाही विरासत की जमकर सराहना की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार को पत्नी जेनेट डी. रूबियो और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ गुलाबी नगरी जयपुर पहुंचे। विश्व प्रसिद्ध आमेर महल की भव्यता, ऐतिहासिक स्थापत्य और राजस्थानी संस्कृति ने उन्हें खासा प्रभावित किया। आमेर भ्रमण के दौरान उन्होंने महल को इन्क्रेडिबल पैलेस बताते हुए इसकी सुंदरता और शाही विरासत की जमकर सराहना की।

अमेरिकी विदेश मंत्री दोपहर करीब डेढ़ बजे विशेष विमान से आगरा से जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से उनका काफिला सीधे आमेर महल के लिए रवाना हुआ। सुरक्षा कारणों से जेएलएन मार्ग सहित आमेर तक करीब 19 किलोमीटर के मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात रोका गया। वहीं आमेर महल को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पर्यटकों के लिए बंद रखा गया।

आमेर महल पहुंचने पर जलेब चौक और चांदपोल गेट पर उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। नौबत बजाकर अभिनंदन किया गया और लोक कलाकारों ने घूमर, कालबेलिया, कच्छी घोड़ी तथा रावणहत्था की प्रस्तुतियों से विदेशी मेहमानों को राजस्थान की लोक संस्कृति से रूबरू कराया। इस दौरान भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी उनके साथ मौजूद रहे।

वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश कुमार शर्मा और मदन सिंह राजपुरा ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को आमेर महल के इतिहास, स्थापत्य और शाही परंपराओं की जानकारी दी। रूबियो ने गणेश पोल, दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, शीश महल, सुख निवास और मावठा झील का अवलोकन किया। शीश महल की कांचकारी और वहां मोमबत्ती की रोशनी से तारों जैसी चमक पैदा होने की कला को देखकर वे आश्चर्यचकित रह गए।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार को पत्नी जेनेट डी. रूबियो और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सोमवार को जयपुर पहुंचकर आमेर महल का भ्रमण किया।

वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश कुमार शर्मा और मदन सिंह राजपुरा के अनुसार रूबियो ने आमेर महल में दिखाई देने वाले ब्रिटिश प्रभाव, पुराने बिलियर्ड्स रूम, अस्तबल और आमेर की विशाल सुरक्षा दीवारों के इतिहास को लेकर भी विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने आमेर के राजाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह महल अत्यंत खूबसूरत और ऐतिहासिक दृष्टि से अद्भुत है। भीषण गर्मी और तेज तापमान के चलते प्रस्तावित सवा घंटे का दौरा करीब 35 मिनट में पूरा किया गया। प्रतिनिधिमंडल हाथी स्टैंड से ई-व्हीकल के जरिए महल परिसर तक पहुंचा।

इस दौरान पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत, पुरातत्व विभाग के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। आमेर दौरे के बाद रूबियो जयपुर के हेरिटेज होटल रामबाग पैलेस में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे। रूबियो मंगलवार सुबह करीब साढे छह बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

- अमेरिकी विदेश मंत्री दोपहर डेढ़ बजे विशेष विमान से आगरा से जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से आमेर महलपहुंचने तक करीब 19 कि.मी. मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात रोका गया
- सुरक्षा के लिहाज से आमेर महल को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पर्यटकों के लिए बंद रखा गया

इधर, दौरे को देखते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत शहर के 24 थाना क्षेत्रों में 25 और 26 मई को ड्रोन उडाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए। रामनिवास बाग से आमेर महल तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। दौरे को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

## आपदा प्रबंधन की बारीकियां सीख रहे भावी अफसर

**जयपुर।** राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त सीधी भर्ती-2024 के तहत नव नियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों को आपदा प्रबंधन में दक्ष बनाने के उद्देश्य से सोमवार को जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम, लाइव डेमो और अत्याधुनिक रेस्क्यू उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी प्रशासनिक अधिकारियों को आपदा की स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और प्रभावी राहत कार्यों के लिए तैयार करना रहा।

एसडीआरएफ राजस्थान के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की तकनीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरएसी एवं एसडीआरएफ रूपिंदर सिंघ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रशासनिक सेवाओं में आपदा प्रबंधन की भूमिका, समयबद्ध राहत कार्यों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद एसडीआरएफ कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने एसडीआरएफ राजस्थान की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना और राज्य में किए गए जटिल रेस्क्यू ऑपरेशनों की जानकारी प्रस्तुत की।प्रशिक्षण सत्र के दौरान एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने संस्थान परिसर में 'रोप रेस्क्यू' का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। जवानों ने अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए ऊंची इमारतों, गहरी खाइयों और कठिन परिस्थितियों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से प्रशिक्षु अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी चुनौतियों को समझने का अवसर मिला।

### हार्ट अटैक, आग और सड़कों हादसों से निपटने की ट्रेनिंग

कार्यक्रम में दैनिक जीवन में होने वाली आपातकालीन घटनाओं से निपटने के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षुओं को हार्ट अटैक की स्थिति में सीपीआर देने, गैस सिलेंडर में आग लगने पर प्राथमिक नियंत्रण करने, बाढ़ जैसी आपदाओं में बचाव कार्य और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को प्राथमिक उपचार देने की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने 'गोल्डन ऑवर' के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले आम नागरिकों की सतर्कता और प्राथमिक सहायता कई लोगों की जान बचा सकती है।

# सूरजगढ़ में टोल प्लाजा पर सालासर जा रहे श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने कुचला

## कार के गेट लॉक होने से अंदर फंसे पांच दोस्त, तीन गंभीर घायल

**सूरजगढ़/झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ क्षेत्र स्थित रघुनाथपुरा टोल प्लाजा पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सालासर बालाजी के दर्शन के लिए जा रहे पांच दोस्तों की कार को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार के गेट लॉक हो गए और अंदर बैठे पांचों युवक काफी देर तक फंसे रहे। मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना सोमवार सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली और लोहारू निवासी पांच दोस्त कार से सालासर बालाजी के दर्शन के लिए रवाना हुए थे। रघुनाथपुरा टोल प्लाजा पर उनकी कार टोल कटवाने के लिए लाइन में खड़ी थी। कार के आगे एक बोलेरो गाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान सूरजगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आया एक ट्रक अचानक बेकाबू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए सीधे टोल बूथ की लाइन में जा घुसा। ट्रक ने पीछे से कार को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि कार आगे खड़ी बोलेरो और पीछे से आए ट्रक के बीच बुरी तरह पिस गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके दरवाजे लॉक हो गए। कार में सवार पांचों युवक अंदर ही फंस गए और मदद के लिए चीखने लगे। टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कार के दरवाजे तोड़कर युवकों को बाहर निकाला गया। हादसे के दौरान बोलेरो सवार लोग किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। हादसे में राहुल निवासी दिल्ली, समीर निवासी दिल्ली और कृष्ण निवासी लोहारू गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें लोहारू (हरियाणा) लेकर रवाना हो गए। हादसे के बाद ट्रक टोल बूथ के केबिन में जा घुसा, जिससे बूथ को भी भारी नुकसान पहुंचा। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।



हादसे के बाद ट्रक टोल बूथ के केबिन में जा घुसा, जिससे बूथ को भारी नुकसान पहुंचा।

- रघुनाथपुरा टोल प्लाजा पर भीषण हादसा हुआ, डिवाइडर तोड़ बूथ में घुस गया था ट्रक
- मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया

सूरजगढ़ थाना प्रभारी रणजीत सेवदा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयावह था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए टोल लाइन में घुसता दिखाई दे रहा है।

# उदयपुर में कुल्हाड़ी से हमला कर वृद्ध की हत्या

**उदयपुर,** (निसं)। आपसी रंजिश के चलते बदमाशों ने कुल्हाड़ी से हमला कर वृद्ध की हत्या कर दी और फरार हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 मई रात में खाम बुझेरी फला में फोजा पुत्र होना उर्फ सोना, लक्ष्मण पुत्र फोजा ने कुल्हाड़ी से हमला कर खाम बुझेरी फला निवासी करमा (60) पुत्र नाथ की हत्या कर फरार हो गए। करमा रात के समय शराब पीकर गाली गलौज करते हुए जा रहा था। फोजा व करमा के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। इसी के चलते मौका देख कर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे करमा की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को बैकरिया चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। घटना की दूसरे दिन मृतक के परिजनों ने मौताणों की मांग को लेकर चढोतरा कर दिया। जहां 25 मई को दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्यवाही शुरू की।पुलिस ने खेतु पुत्र करमाराम निवासी खम बुझेरी बैकरिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। जिला पूर्व में एक निर्माणाधीन भवन में पांच साल की मासूम बच्ची से दुराचार का मामला सामने है। आरोपी नाबालिग बताया जाता है। बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट पर ही मामले का खुलासा हो पाएगा। बच्ची से मारपीट होना भी बताया गया है। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले में गहनता से जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार जिला पूर्व में एक भवन का कार्य इन दिनों चल रहा है। जहां पर बाहरी मजदूर परिवार के कुछ लोग रहते है। 23 मई को मजदूर परिवार के लोग काम पर चले गए। वापिस शाम को एक परिवार लौटा तो बच्ची ने बताया कि मजदूर के बेटे ने उससे गलत कार्य किया। उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने बताया कि बच्ची का मेडिकल करवाया गया है। जिस मजदूर के बेटे पर आरोप है, वह भी नाबालिग है। जांच की जा रही है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड खानपुर (जिला झालावाड़)**

क्रमांकः - 189 ई-निविदा सूचना संख्या 03/2026-27 दिनांक :- 20.05.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक कार्यों के अन्तर्गत मय एक साल की मरम्मत के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकारके एए, ए, बी, सी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोट :- ई-ग्रास पर ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया हेतु चालान पंजीकृत फर्म से ही बनाये जावे अन्यथा धरोहर राशि के भुगतान की जिम्मेदारी विभाग की नही होगी।

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB03002 |
| 2 | PWD2627WSOB03003 |
| 3 | PWD2627WSOB03004 |
| 4 | PWD2627WSOB03005 |

भवदीय
अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि. खण्ड खानपुर

DIPR/C/9122/2026



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, जयपुर।**

क्रमांकः- 893-912 निविदा सूचना संख्या- 34-40/2026-27 दिनांकः 19/05/2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 04.06.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 05.06.2026 को इस कार्यालय में प्रातः 11.00 बजे खोली जाएगी। राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र कमांक प.6 (5) वित्त/सावि लेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ईप्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर ई-निविदाओ के प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मूल्य (Tender Fee) बिड सिक्योरिटी (EMD) एवं RISL फीस को ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि / प्रकिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in /www.dipronline.org पर देखे जा सकते है।

NIT NO 34-UBN- PHE 2627 WSRC 01330
NIT NO 35-UBN- PHE 2627 WSRC 01331
NIT NO 36-UBN- PHE 2627 WSRC 01333
NIT NO 37-UBN- PHE 2627 WSRC 01334
NIT NO 38-UBN- PHE 2627 WSRC 01335
NIT NO 39-UBN- PHE 2627 WSRC 01336
NIT NO 40-UBN- PHE 2627 WSRC 01337

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम, जयपुर
T.Ph.0141-2221802

DIPR/C/9117/2026


# सात साल से फरार डबल मर्डर का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

- पुजारी बनकर कई राज्यों के मंदिरों में छिपा था हत्यारा, हत्या में प्रयुक्त 12 बोर बंदूक भी बरामद की
- 19 फरवरी 2019 को बजरंगलाल तथा साझेदार परिवार के सदस्यों पर पूर्व रंजिश के चलते हमला किया गया था

**करौली,** (निसं)। जिले के सूरौठ थाना क्षेत्र के बहुचर्चित डबल मर्डर केस में करीब सात वर्षों से फरार चल रहे 40 हजार रुपये के इनामी आरोपी को करौली पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पुजारी का वेश धारण कर राजस्थान, गुजरात, नेपाल, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के विभिन्न मंदिरों में रहकर फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी 12 बोर बंदूक भी बरामद कर ली है।

वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत ऑपरेशन हन्ता में जिला स्पेशल टीम एवं साइबर सैल की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी नागेश उर्फ पिंटू पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी हुक्मीखेड़ा थाना सूरौठ पर भरतपुर रेंज आईजी द्वारा 40 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी को पश्चिम बंगाल के पानागढ़ जिले के तेलीपाड़ा गांव स्थित तारा माता मंदिर से दस्तयाब किया गया। पुलिस ने बताया कि 19 फरवरी 2019 को हुक्मीखेड़ा निवासी रामदेई पत्नी बजरंगलाल ने सूरौठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति बजरंगलाल तथा साझेदार परिवार के सदस्यों पर पूर्व रंजिश के चलते हमला किया गया। आरोप था कि नागेश उर्फ पिंटू, राकेश, जगदीश, कमला, राजकुमारी उर्फ राजो, सुनीता सहित अन्य लोगों ने मिलकर मारपीट की और बंदूकों से गोली मार दी। घटना में बजरंगलाल एवं विमलेश की मौत हो गई थी, जबकि कमल गंभीर रूप से घायल हुआ था। मामले में तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

डीएसटी प्रभारी रामकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीकी और साइबर सर्विलांस के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। सूचना मिलने पर पुलिस टीम गत 19 मई को पश्चिम बंगाल रवाना हुई। 21 मई को तेलीपाड़ा स्थित तारा माता मंदिर में दबिश दी गई तो आरोपी भागने लगा। करीब दो किलोमीटर तक पीछा कर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। शुरुआत में आरोपी ने अपना नाम भूरा पुत्र रामेश्वर गोस्वामी बताकर गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन दस्तावेजों की जांच में उसकी पहचान नागेश उर्फ पिंटू शर्मा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि घटना के बाद वह अलग-अलग राज्यों में पुजारी बनकर मंदिरों में रह रहा था तथा पूजा-पाठ और चढ़ावे से अपना जीवनयापन कर रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी 12 बोर बंदूक बरामद की गई है। मामले का अनुसंधान वृत्ताधिकारी हिण्डौन सिटी मुनेश कुमार आरपीएस द्वारा किया जा रहा है।

# नौतपा शुरू, 46 डिग्री पहुंचा पारा

- मौसम विभाग ने 26 और 27 मई को पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी और तपिश का असर रहने की संभावना जताई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सोमवार से नौतपा का असर शुरू हो गया है। जिले में रविवार रात कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन दिनभर तेज गर्मी और तपिश ने लोगों को परेशान रखा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। जिले में हीटवेव का असर बना रहेगा। वहीं बढ़ती गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और कई इलाकों में अघोषित कटौती की समस्या सामने आ रही है।

मौसम राडार स्टेशन श्रीगंगानगर पर सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 46 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इससे पहले शनिवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों को दिन और रात दोनों समय गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3 से 4 दिनों तक राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम ड्राई बना रहेगा। इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने 26 और 27 मई को पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी और तपिश का असर रहने की संभावना जताई है। वहीं 28 और 29 मई को नए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। कुछ इलाकों में बारिश की संभावना भी जताई गई है।

तेज गर्मी के चलते जिलेभर में बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। खासकर रात के समय हालात ज्यादा खराब हो रहे हैं। घरों में लगातार एसी और कूलर चलने से जीएसएस और ट्रांसफॉर्मरों पर अचानक भारी लोड पड़ रहा है। इसके चलते कई इलाकों में केबल फाल्ट, ट्रांसफॉर्मर फुंकने और अघोषित बिजली कटौती की समस्या सामने आ रही है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा जिला धौलपुर**

क्रमांक :- 206-220 निविदा सूचना संख्या: 01/2026-27 दिनांक :- 20.05.2026

NIB code PWD2627A0653 UBN No. PWD2627WSOB02934, PWD2627WSOB02936, PWD2627WSOB02938

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड राजाखेड़ा जिला धौलपुर में सडक एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए" एवं "ए" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए."ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | : | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजाखेडा |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | : | पैच मरम्मत कार्य (वार्षिक दर अनुबंध 2026-27) |
| 2 | निविदा की कुल लागत | : | रु. 126.00 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेंसिग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प. (5) / वित्त/ साविलेनि / 2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-[02] (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (बेवसाइट पर) | : | दिनांक 25.05.2026 प्रातः 09:30 बजे दिनांक 15.06.2026 सायं 6:00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (बेवसाइट पर) | : | दिनांक 25.05.2026 प्रातः 09:30 बजे दिनांक 15.06.2026 सायं 6:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (बेवसाईट पर) | : | दिनांक 18.06.2026 दोपहर 03:00 बजे |

(सौरभ शर्मा) अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि.खण्ड राजाखेडा

DIPR/C/9090/2026


# जैसलमेर में 14 हजार किलो मिलावटी घी और तेल जब्त



जयपुर मुख्यालय की विशेष टीम ने पोकरण में नकली घी एवं तेल जब्त किया।

**जैसलमेर,** (निसं)। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी शुभमंगला राजस्थान के निर्देशन तथा अतिरिक्त आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) भगवत सिंह के नेतृत्व में जयपुर मुख्यालय की विशेष टीम एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर के संयुक्त तत्वावधान में पोकरण में नकली घी एवं तेल के अवैध कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

प्राप्त सूचना के आधार पर पोकरण की लोढ़ा कॉलोनी स्थित सात्विक ट्रेडिंग कंपनी के मालिक योगेश टावरी के यहां एक परिसर पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान परिसर में बड़े पैमाने पर नकली घी एवं तेल का निर्माण एवं पैकिंग कार्य संचालित पाया गया। यहां पर मिलावटी घी एव तेल के पांच नमूने एफएसएसए एक्ट के तहत लिए जाकर लगभग 10260 किलोग्राम मिलावटी घी, पाम ऑयल, सोयाबीन तेल, वनस्पति सीज किया गया। इसके उपरांत सात्विक ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम पर भी कार्रवाई कर विभिन्न ब्रांड श्रीआहार, शुभ, कुबेर, श्रीमूल, विनायक, टॉपर मिल्क फैट इत्यादि मिलावटी घी के आठ नमूने एफएसएसए एक्ट के तहत लगभग चार हजार किलो मिलावटी घी सीज किया गया।

मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर डॉ. राजेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला बड़े स्तर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का प्रतीत होता है। घी एवं तेल के नमूने लेकर जांच हेतु जयपुर भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्मी गिरफ्तार

**मुकुंदगढ़,** (झुंझुनूं)। मुकुंदगढ़ पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पीड़िता ने थाना मुकुंदगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी ने उसे फोन कर अपने घर बुलाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। परिवाद पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तत्काल अनुसंधान प्रारंभ किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए गठित टीम द्वारा त्वरित जांच एवं दबिश के बाद आरोपी समीर पुत्र अब्दुल सलाम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है तथा अनुसंधान को और अधिक सख्ती से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के इंडिया ग्रीन रिसोर्ट के पीछे एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी पहचान मजदूर के रूप में की गई। वह अपने घर से मजदूरी के लिए निकला था। उसके पुत्र ने शव की पहचान की। उसकी मौत गर्मी अथवा तबीयत बिगड़ने से होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मूलतः झालावाड़ जिले के डांगीपुरा थानान्तर्गत थानपुरका निवासी बनवारी ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके पिता बाबूलाल तंवर मारवाड़ नगर में किराए पर रहते थे। वे दो दिन पहले मजदूरी के लिए घर से निकले थे। मगर वापिस घर नहीं लौटे। बाद में पता लगा कि इंडिया ग्रीन रिसोर्ट के पीछे शिव गौरी अपार्टमेंट के पास में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। इस पर उनकी पहचान की गई। संभवतः गर्मी अथवा तबीयत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।


**कार्यालय नगरपरिषद झालावाड़ (राज0)**

क्रमांक : न.परि.झा. / SBM / 2026 / 1712 दिनांकः 19 / 05 / 2026

-: ई-निविदा :-
(Nit No. 05/2026-27)

UBN No :- DLB2627SLOB05130
NIB Code :- DLB2627A1950

नगरपरिषद झालावाड़ द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-27 में कार्य विशेष का अनुभव रखने वाले पंजीकृत संवेदको से नगरपरिषद झालावाड के क्षेत्र में कुल 1 कार्य हेतु निविदायें दिनांक 01.06.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तो का विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त किये जा सकेंगे।

आयुक्त
नगरपरिषद झालावाड

राज.संवाद / सी / 26 / 3371



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वा अभि विभाग, जिला वृत बीकानेर**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांकः- 571-80 **Notice Inviting Bid: 06/2026-27** दिनांकः 20.05.2026

Bid for single work is invited to registered interested bidder upto 01.06.2026 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 100.00 lacs.

| | |
|---|---|
| NIT No. | 06 |
| UBN No. | PHE2627WSRC01317 |

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

अधीक्षण अभियंता
जन स्वा अभि विभाग, जिला वृत बीकानेर

DIPR/C/9069/2026



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड छबड़ा**

क्रमांक : 195 निविदा सूचना संख्या 03/2026-27 दिनांक : 20/05/2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों "एए", "ए", "बी" एव "सी" श्रेणी एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code: PWD2627A0654

| क्र.सं. | UBN No. | क्र.सं. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSRC02935 | 2 | PWD2627WSRC02937 |
| 3 | PWD2627WSRC02940 | 4 | PWD2627WSRC02941 |

(नरेन्द्र सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड छबड़ा

DIPR/C/9098/2026


# जैसलमेर के सानू फॉर्मेशन में प्राकृतिक गैस का नया भंडार मिला

**जैसलमेर,** (निसं)। प्रदेश के सीमावर्ती जिले जैसलमेर से देश के ऊर्जा क्षेत्र धके लिए एक बेहद अच्छी खबर आई है। भारत सरकार की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम कंपनी, ऑयल इंडिया लिमिटेड को जिले के डांडेवाला गैस फील्ड में प्राकृतिक गैस का एक नया भंडार मिला है। यह नई खोज डांडेवाला क्षेत्र के अपेक्षाकृत कम गहरे सानू फॉर्मेशन में हुई है। ऑयल इंडिया लिमिटेड इस नए ब्लॉक से गैस निकालने के काम में जुट गई है, जिससे आने वाले समय में देश के घरेलू गैस उत्पादन को बड़ा बूस्ट मिलने की उम्मीद है।

जैसलमेर का यह क्षेत्र पहले से ही हाइड्रोकार्बन और प्राकृतिक गैस के भंडारों के लिए जाना जाता है, लेकिन सानू फॉर्मेशन में मिली इस कामयाबी ने क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा की नई राहें खोल दी हैं। डांडेवाला क्षेत्र में जमीन से लगभग 950 मीटर की गहराई पर स्थित सानू फॉर्मेशन से पहली बार गैस का सफल प्रवाह हासिल हुआ है। वर्तमान में इस कुएं से प्रतिदिन लगभग 25 हजार मानक घन मीटर प्राकृतिक गैस का उत्पादन शुरू हो गया है। भूवैज्ञानिकों और प्रारंभिक तकनीकी मूल्यांकन के अनुसार, इस पूरे क्षेत्र में लगभग 75 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस का कुल भंडार होने की उम्मीद है। इस भंडार से मिल रही गैस में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा काफी कम है, जिससे इसकी गुणवत्ता व्यावसायिक रूप से बेहद बेहतर मानी जा रही है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी इस खोज की पुष्टि करते हुए इसे देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और राजस्थान के औद्योगिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बसेड़ी जिला धौलपुर**

क्रमांक :- 226-31 निविदा सूचना संख्या: 03/2026-27 दिनांक :- 20.05.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बसेड़ी जिला धौलपुर में सडक एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "ए", "बी" एवं "सी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी" एवं "सी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | : | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बसेड़ी |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | : | पैच मरम्मत कार्य (वार्षिक दर अनुबंध 2026-27) |
| 2 | निविदा की कुल लागत | : | रु. 84.00 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेंसिग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प. (5) / वित्त/ साविलेनि / 2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-[02] (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (बेवसाइट पर) | : | दिनांक 25.05.2026 प्रातः 09:30 बजे दिनांक 15.06.2026 सायं 6:00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (बेवसाइट पर) | : | दिनांक 25.05.2026 प्रातः 09:30 बजे दिनांक 15.06.2026 सायं 6:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (बेवसाईट पर) | : | दिनांक 18.06.2026 दोपहर 03:00 बजे |

(दीपू सिंह) अधिशाषी अभियन्ता
सा०नि०वि० खण्ड बसेड़ी

DIPR/C/9120/2026



Visit us : www.mpuat.ac.in; Mail ID : zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 8112207969 @ 9414389929

**कृषि अनुसंधान केन्द्र, दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327 001**

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)

क्रमांक: एफ( )/कृअके/2026-27/57-62 दिनांक: 23/05/2026

**निविदा सूचना (2026-27)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य/कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 01.06.2026 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्याहन 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर कृषि कार्य (19 हेक्टर) | 7,93,900/- | 16000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान

# पानी पर सियासत गर्मायी: कांग्रेस ने जल भवन पर घेराव कर मटके फोड़े

## प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लेटकर विरोध जताया, स्थिति तनावपूर्ण बनती देखकर पुलिस ने जल भवन के मुख्य गेट पर ताला लगाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में गहराते पेयजल संकट और गंदे पानी की सप्लाई को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। इसके चलते पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिलाओं और स्थानीय लोगों ने सिविल लाइंस स्थित खाचरियावास हाउस से हसनपुरा स्थित जल भवन तक पैदल 'पानी यात्रा' निकालकर जल भवन का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मटके फोड़े, सड़क पर लेटकर विरोध जताया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वहीं स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस ने जल भवन के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। इसके बावजूद विधायक रफीक खान और कई कांग्रेस कार्यकर्ता जल भवन के मुख्य दरवाजे पर चढ़ गए और गेट खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाते रहे।

प्रदर्शन के दौरान जनता प्यासी मर रही है, भाजपा सरकार जेब भर रही है, पानी नहीं तो सरकार नहीं और स्वच्छ और पूरा पानी दो, वरना कुर्सी छोड दो जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। हसनपुरा चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ता भीषण गर्मी के बीच करीब 10 मिनट तक सड़क पर लेट गए, जिससे यातायात बाधित हो गया।

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जल भवन के बाहर धरने पर बैठते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जयपुर ही नहीं, पूरा राजस्थान प्यासा है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, जबकि टैंकर माफिया खुलेआम लूट मचा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे में जल संकट और गंदे पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री और मंत्रियों को यही गंदा पानी पिलाया जाएगा। जरूरत पड़ी तो उनके पानी के कनेक्शन भी काटे जाएंगे।




जयपुर शहर में गहराते पेयजल संकट और घरों में गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में कांग्रेस ने जल भवन पर विरोध-प्रदर्शन किया।

खाचरियावास ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं से बेपरवाह होकर रात्रि चौपाल में व्यस्त है, जबकि राजधानी में लोग साफ पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से प्रदेशभर में निशुल्क पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की मांग भी की।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि गंदे पानी की वजह से बच्चे बीमार हो रहे हैं और परिवारों को पीने के लिए 50-50 रुपए के पानी के कैम्पर खरीदने पड रहे हैं।

विधायक रफीक खान ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह सो रही है और प्रदेश में पेयजल संकट को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठा रही। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कहने वाली सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं से मुंह मोड चुकी है। प्रदर्शन के दौरान एक युवक गंदे पानी से भरी बोतल लेकर पहुंचा और गंदा पानी बंद करो के नारे लगाते हुए सरकार से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की।

जल भवन के बाहर बढ़ते जन दबाव और विरोध प्रदर्शन के बाद आखिरकार जलदाय विभाग के अधिकारी आंदोलनकारियों से वार्ता के लिए पहुंचे। मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी और अजय सिंह राठौड़ ने खाचरियावास को जयपुर में 200 लाख लीटर अतिरिक्त पानी सप्लाई बढ़ाने के आदेश की प्रति सौंपी और भरोसा दिलाया कि जिन क्षेत्रों में गंदे पानी और पेयजल संकट की शिकायतें हैं। वहां चौबीस घंटे के भीतर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही जरूरत वाले क्षेत्रों में निशुल्क टैंकर व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया गया। इसके बाद खाचरियावास ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नहीं,बल्कि जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि सरकार गहरी नींद में सो रही थी, जिसे जनता की ताकत और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने जगाने का काम किया है। इस आंदोलन में विधायक अमीन काजी, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अर्चना शर्मा, अमीन पठान सहित कई ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद, वार्ड अध्यक्ष और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- खाचरियावास की चेतावनी ''24 घंटे में समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री-मंत्रियों को पिलाएंगे गंदा पानी''
- जल भवन के घेराव के बाद अधिकारियों को बढ़ानी पड़ी पानी की सप्लाई

# पारदर्शी दरवाजों और सीसीटीवी के बिना नहीं चलेंगे स्पा सेंटर

## जयपुर पुलिस ने चेताया ''नियम तोड़ने वालों की होगी सीधे जेल''

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में स्पा और मसाज सेंटरों की आड़ में चल रही अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों पर अब पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने शहरभर के स्पा सेंटरों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश सोमवार 25 मई से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो 23 जुलाई की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। पुलिस के अनुसार राजधानी में कई स्थानों पर स्पा सेंटरों की आड़ में अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी को देखते हुए पुलिस ने शहरभर में स्पा और मसाज सेंटरों के संचालन के लिए नई गाइडलाइन लागू की है।

### बंद दरवाजों में नहीं होगी मसाज

नए आदेश के तहत अब किसी भी स्पा सेंटर में बंद दरवाजों के पीछे मसाज सेवा नहीं दी जा सकेगी। थेरेपी रूम के दरवाजों पर अंदर से कुंडी, सिटकनी या बोल्ट लगाने पर रोक रहेगी। केवल सेल्फ-क्लोजिंग दरवाजे ही मान्य होंगे। साथ ही हर कमरे के दरवाजे पर पारदर्शी कांच लगाना अनिवार्य किया गया है, ताकि बाहर से अंदर की गतिविधियां देखी जा सकें।

### महिला-पुरुष की अलग व्यवस्था

पुलिस ने पुरुष और महिला स्पा सेंटरों के लिए अलग-अलग खंड और अलग प्रवेश द्वार अनिवार्य कर दिए हैं। दोनों हिस्सों के बीच किसी भी प्रकार का आंतरिक संपर्क नहीं होगा। इसके अलावा क्रॉस-मसाज पर भी पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। यानी पुरुष ग्राहकों को केवल पुरुष थेरेपिस्ट और महिला ग्राहकों को केवल महिला थेरेपिस्ट ही सेवाएं दे सकेंगे।

### सीसीटीवी फुटेज और ग्राहक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा

स्पा सेंटरों में रिसेप्शन, एंट्री-एग्जिट और कॉमन एरिया में हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। रिकॉर्डिंग का कम से कम 30 दिन का बैकअप सुरक्षित रखना होगा। इसके साथ ही प्रत्येक ग्राहक का नाम, मोबाइल नंबर, आधार या पहचान पत्र और आने-जाने का समय रजिस्टर में दर्ज करना जरूरी होगा। बिना पहचान दर्ज किए किसी को प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा।

### रात 9 बजे बाद संचालन पर रोक

जयपुर में अब कोई भी स्पा या मसाज सेंटर सुबह 9 बजे से पहले और रात 9 बजे के बाद संचालित नहीं किया जा सकेगा। साथ ही सभी कर्मचारियों और थेरेपिस्ट का स्थानीय पुलिस से चरित्र सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। विदेशी कर्मचारियों के लिए वैध वीजा और वर्क परमिट की जांच भी की जाएगी।

### अश्लील विज्ञापनों पर प्रतिबंध

पुलिस ने सोशल मीडिया, वेबसाइट और पंपलेट्स पर अश्लील, आपत्तिजनक या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने पर भी रोक लगा दी है। स्पा सेंटरों को नगर निगम, जेडीए या संबंधित प्राधिकरण से वैध लाइसेंस और अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा।

# बेकाबू कार ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मारी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** हरमाड़ा इलाके में रफ्तार का खौफनाक कहर देखने को मिला। जहां लोहा मंडी के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बाइक सवार पति-पत्नी को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों हवा में उछलकर करीब बीस फीट दूर जाकर सड़क पर गिरे। इस दिल दहला देने वाले हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया है, जिसे देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएं। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि तिरुपति विहार निवासी पुष्पेंद्र सिंह अपनी पत्नी वंदना कंवर के साथ बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। जब वे लोहा मंडी के पास मुख्य सड़क पार कर रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित और अत्यधिक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दंपती सड़क पर काफी दूर जाकर गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और फायदा उठाकर आरोपी कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। लोगों ने इलाके में तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों पर लगाम लगाने और पुलिस से सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

## सार-समाचार

### गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कार्यभार संभाला



**जयपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सतसंग सभा, नेहरू नगर में नई प्रबंधक कमेटी ने 24 मई से गुरुद्वारे का कार्यभार संभाला। सरदार जगमोहन सिंह आनंद ने अध्यक्ष पद पर, सरदार के पी सिंह ने सेक्रेटरी पद पर और सरदार वीरेंद्र सिंह ने कैशियर के पद पर कार्यभार संभाला। यह कमेटी अगले तीन वर्ष के लिए कार्यभार संभालेगी। गुरुद्वारे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में, संगत की उपस्थिति में सरदार इकबाल सिंह ने पिछली कमेटी को धन्यवाद किया। नई कमेटी के लिए गुरुद्वारा ग्रंथी मनदीप सिंह ने अरदास की कि सब एक दूसरे के साथ मिल कर मर्यादा और समर्पण के साथ गुरु घर की देखबाल और कार्य करें। इस अवसर पर नई प्रबंधक कमेटी सदस्य और समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

### 'चौथी बार बढाए पेट्रोल-डीजल के दाम'



गिरिराज खंडेलवाल

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि, देश में पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही केंद्र सरकार ने एक बार फिर आमजन की जेब पर डाका डालते हुए लगातार चौथी बार पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ा दिए हैं। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी का डर सता रहा है। खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन खर्च बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री, सब्जियों, दूध, दवाइयों और रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ रहा है। खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान जनता को राहत का दिखावा किया गया, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सरकार ने अपनी असली मंशा दिखा दी। भाजपा सरकार को आमजन की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है, उसे केवल अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की चिंता है। उन्होंने कहा कि आज देश का हर वर्ग-किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और गृहिणी-महंगाई से त्रस्त है। रसोई का बजट बिगड़ चुका है और आम परिवार दो वक्त की रोटी तक के लिए संघर्ष कर रहा है। पेट्रोल-डीज़ल के लगातार बढ़ते दामों ने हर वस्तु को महंगा कर दिया है और अब सिलेंडर की संभावित बढ़ोतरी आग में घी डालने का काम करेगी।

### चार्जशीट देने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रोडवेज में तैनात चालकों की कार्यक्षमता जांचने के लिए अदालती आदेश पर मेडिकल नहीं कराने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें चार्जशीट देने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाते हुए रोडवेज प्रशासन से जवाब तलब किया है। अदालत ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं तो उनका मासिक वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जस्टिस कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने यह आदेश सुरेश कुमार व्यास व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता रोडवेज में चालक पद पर नियुक्त हुए थे। उन्हें मेडिकल बोर्ड की राय पर चालक पद से हटाकर ऑफिस कार्य के लिए नियुक्त किया गया। वहीं बिना किसी वैध कारण रोडवेज ने उनका वेतन रोक लिया। इसे चुनौती देने पर हाईकोर्ट ने गत 27 अप्रैल को आदेश जारी कर नियम को याचिकाकर्ताओं का नए सिरे से मेडिकल कराने को कहा। इससे चार दिन पूर्व रोडवेज प्रशासन ने याचिकाकर्ताओं को आरोप पत्र जारी कर दिया। जिसे चुनौती देते हुए कहा गया कि एक तरफ तो निगम प्रशासन बिना कारण उनका मेडिकल नहीं करा रहा है, वहीं दूसरी ओर उन्हें चार्जशीट जारी कर वेतन रोकने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में रोडवेज की ओर से जारी आरोप पत्र को रद्द कर उन्हें वेतन दिलाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरोप पत्र पर रोक लगाते हुए कार्य करने की स्थिति में उन्हें वेतन देना सुनिश्चित करने को कहा है।

### दो दिवसीय संगीत समारोह 29 से

**जयपुर (कासं)।** संगीत आश्रम संस्थान का दो दिवसीय संगीत समारोह 29 व 30 मई को शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में होगा। वत्सल अनुपम के निर्देशन में होने वाले इस संगीत समारोह के पहले दिन 29 मई, शनिवार को शाम 5:00 बजे शाम-ए-गजल कार्यक्रम में रुहानी और रुमानी रचनाओं का गुलदस्ता सजेगा। इसी प्रकार समारोह के दूसरे दिन 30 मई को अनेक बाल व युवा कलाकार में अपनी आवाज में बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर रोशन के संगीतबद्ध गीतों की माला पिरोएंगे।

# बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड को स्लीपर बस ने कुचला

**जयपुर (कासं)।** हरमाड़ा इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जहां एक तेज रफ्तार स्लीपर बस ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। हरमाड़ा थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

हैड कांस्टेबल हरवीर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान हरमाड़ा के आकेड़ा डूंगर निवासी हरेराम तिवारी (83) के रूप में हुई है। हरेराम तिवारी एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। रविवार रात करीब 8 बजे वह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद पैदल ही घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोज महल के सामने सीकर से जयपुर की तरफ आ रही एक बेकाबू स्लीपर बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बुजुर्ग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आरोपी ड्राइवर मौके पर ही बस छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में बुजुर्ग को तुरंत कांवटिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना का कारण बनी स्लीपर बस को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# मानसून सिर पर हैं, परंतु 900 में से 50 प्रतिशत नाले ही साफ कर पाया है निगम

## प्रदेश में 20 जून तक मानसून की एंट्री होने की संभावना



नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने सोमवार को नाला सफाई व मरम्मत कार्यों की समीक्षा की।

**जयपुर।** प्रदेश में मानसून की दस्तक 20 जून तक होने की संभावना है और नगर निगम को 15 जून तक नालों की सफाई करनी थी, लेकिन निगम अभी तक पचास प्रतिशत नालों की ही सफाई कर पाया है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा की अध्यक्षता में सोमवार को नाला सफाई, मरम्मत के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि मानसून पूर्व नाला सफाई एवं मरम्मत का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। नगर निगम जयपुर की टीमों द्वारा सभी जोन क्षेत्राधिकार के नालों की संपूर्ण सफाई, खुले नालों पर फैरोकवर लगाकर उनको ढकना तथा खुले सीवर मैनहोल पर ढक्कन लगाकर बंद करने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। मानसून पूर्व सभी नालों को साफ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि सभी जोनों में जोन उपायुक्त एवं जोन अधिशासी अभियंता की टीम द्वारा जोन क्षेत्राधिकार में नाला सफाई का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि अब तक नगर निगम जयपुर के लगभग 900 नालों में से 50 प्रतिशत से अधिक नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 35 प्रतिशत नाले प्रगतिरत है। नियमित तौर पर सफाई के बाद मलबा भी उठाया जा रहा है। इसके साथ ही जहाँ कहीं भी मरम्मत की आवश्यकता है वहाँ मरम्मत भी की जा रही है। नालों की सफाई, मैनहोल सफाई, नालों पर फैरोकवर, मैनहोल ढक्कन तथा आवश्यक मरम्मत कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# रामगंज थाने का कांस्टेबल 7500 रुपए लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर नगर चतुर्थ इकाई ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर में तैनात कांस्टेबल सीताराम मीणा को 7 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित कांस्टेबल पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर परिवादी से रिश्वत मांग रहा था। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने अपने,पत्नी और बच्चे के पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। इन आवेदनों की जांच पुलिस थाना रामगंज जयपुर के कांस्टेबल सीताराम मीणा के पास लंबित थी। आरोप है कि सत्यापन रिपोर्ट अनुकूल करने की एवज में आरोपित कांस्टेबल ने 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। बाद में सौदा 9 हजार रुपए में तय हुआ। एसीबी के अनुसार आरोपित कांस्टेबल ने 24 मई को सत्यापन के दौरान 1 हजार 500 रुपए पहले ही प्राप्त कर लिए थे। इसके बाद सोमवार को शेष 7 हजार 500 रुपए लेते समय एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित कांस्टेबल सीताराम मीणा से पूछताछ जारी है।

# भीषण आग में 6 मवेशी जिंदा जले, लाखों रुपए का नुकसान

**जयपुर।** राजधानी के सांगानेर सदर थाना क्षेत्र स्थित मनोरियावाला इलाके में सोमवार को भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। आग की चपेट में आने से छह मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि पशुपालक परिवार का आशियाना, चारा और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मनोरियावाला क्षेत्र में एक पशुपालक के छप्पर और आशियाने में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां बंधे मवेशियों को बाहर निकालने तक का मौका नहीं मिल पाया। आग की लपटों में घिरकर छह बेजुबान मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के दौरान आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्तर पर पांच पानी के टैंकर मंगवाए और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना पर दो दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। समय रहते आग को आगे फैलने से रोक लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग से पशुपालक परिवार का घरेलू सामान, चारा और अन्य उपयोगी सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि आग के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना मिलते ही सांगानेर सदर थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मुआयना कर नुकसान का जायजा लिया।

# भीषण गर्मी ने आमजन और बेजुबानों तक पहुंचाई ठंडक

## शहर में एंटी फोगिंग गन से राहत की फुहारें बरसाने से लेकर पशु-पक्षियों के लिए पानी की टंकियां रखवाई

**जयपुर (कासं)।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर निगम जयपुर द्वारा आमजन एवं बेजुबान पशुओं को राहत प्रदान करने के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार हिंगौनिया गौशाला सहित शहर के प्रमुख क्षेत्रों में पानी का छिड़काव और एंटी फोगिंग गन के माध्यम से शीतलता प्रदान करने की कार्रवाई की गई। निगम द्वारा प्रमुख चौराहा मार्गों, रेड लाइट सिग्नल पर ग्रीन शेड भी लगाए गये है।

इस अभियान के अंतर्गत हिंगौनिया गौशाला में गायों एवं अन्य पशुओं को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से विशेष रूप से पानी का छिड़काव किया गया। नगर निगम की टीमों ने गौशाला परिसर में लगातार मॉनिटरिंग करते हुए पशुओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखने के प्रयास किये। वहीं दूसरी ओर शहर के रामबाग, नारायण सिंह सर्किल, किशनपोल




बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, जनता कॉलोनी, सेठी कॉलोनी, अशोक नगर तथा एसएमएस अस्पताल के बाहर भी एंटी फोगिंग गन एवं पानी के छिड़काव के माध्यम से आमजन को राहत प्रदान की गई। नगर निगम द्वारा जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर जनसहयोग तथा




गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से श्वानों व पक्षियों के लिये पानी की टंकिया लगवाई गई है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि नगर निगम केवल शहर की स्वच्छता ही नहीं बल्कि नागरिकों एवं बेजुबान पशुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के प्रति भी पूर्णत: संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए निगम द्वारा निरंतर राहत कार्य किये जा रहे हैं ताकि आमजन को गर्म हवाओं एवं अत्यधिक तापमान से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि हिंगौनिया गौशाला में पशुओं की देखभाल नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा गर्मी के मौसम में विशेष व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। नगर निगम की टीमें आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में राहत कार्य जारी रखेंगी। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के इस दौर में बेजुबान श्वानों एवं अन्य पशुओं के लिए अपने घरों एवं आसपास पानी और भोजन की व्यवस्था अवश्य करें, ताकि मानवता-संवेदनशीलता का यह भाव समाज में और मजबूत हो सके।



## Napoleon Crowned King of Italy

On May 26, 1805, Napoleon Bonaparte was crowned King of Italy in a grand ceremony at Milan's Cathedral, marking a major expansion of his power across Europe. Already Emperor of France, Napoleon placed the Iron Crown of Lombardy on his own head, symbolising authority and ambition. The coronation strengthened French control over northern Italy and reshaped the political landscape of the region. This moment reflected Napoleon's growing dominance during the Napoleonic Wars and his vision of building a vast European empire under his leadership.

#HUMANS

# Do Gaz Zameen

The Kalbeliya community's struggle for the Right to Bury Their Dead



For generations, the Kalbeliya community has lived on the margins, socially, economically, and now, even in death. In Barmer district of Rajasthan, a deeply troubling reality has emerged: the community has no designated land to bury their dead.

For the Kalbeliyas, burial is not a choice but a belief and a religious obligation. They believe that if proper burial rites are not performed, the departed soul cannot find peace and may turn into a restless spirit. Yet, despite this belief being central to their way of life, they have been denied the most basic space to perform it.




### Burying the Dead at Home

With no cemetery land allotted, many families are left with unimaginable decisions. Some are forced to bury their dead within or near their homes. Others quietly use nearby open land, often risking eviction or legal action. This situation has given rise to fear, stigma, and superstition, both within and outside the community.

People whisper about ghosts, impurity, and misfortune, but few pause to ask why an entire community has been pushed into such conditions in the first place.

### Forest Land and Forced Silence

For years, Kalbeliya families in Barmer have been using forest department land out of sheer necessity. These burials were never officially permitted, leaving families in constant anxiety, never knowing when even the resting place of their loved ones might be disturbed. Most members of the community live in temporary camps, without land ownership or legal recognition. Death, which should bring collective mourning and dignity, instead becomes another moment of uncertainty and fear.

### The Protest of October 2025

In October 2025, patience ran out. Members of the Kalbeliya community came together in protest, demanding a basic human right, the right to bury their dead with dignity. Their demand was simple: legally allotted land for burial. The protest drew attention, and the administration responded. The Barmer district authorities announced that land had been allotted for burial purposes. For a brief moment, hope flickered. But it soon became clear that the solution existed only on paper.

### Land That Exists Only in Files

Despite official announcements, the land was never physically handed over to the community. No boundaries were marked. No access was provided. No documentation reached the people who needed it the most.

The Kalbeliyas continue to bury their dead near their camps or in nearby unused areas, knowing well that even these spaces are temporary and unsafe.

### Official Assurance, Uncertain Future

Avinash Gehlot, Minister of Social Justice, acknowledged the issue and assured that steps would be taken in the future. Statements were made: "In times to come, we will do something."

But for a community that faces death regularly without dignity, the future feels painfully distant.

### More Than Land, It Is About Dignity

This is not merely a land dispute. It is a question of constitutional equality, religious freedom, and human dignity. The right to life must include the right to a dignified death, and for the Kalbeliya community, that begins with a place to bury their dead.

Until words turn into action, files into fields, and promises into possession, the Kalbeliyas of Barmer remain caught between belief and bureaucracy, living, and dying, without a place to rest.





# Will Blinkit entry bring down airport retail prices?



Yet, it would be premature to declare the end of high airport prices. Airport operators have little incentive to allow a full-scale erosion of retail margins, given that non-aero revenues are critical to their financial model. Any integration of quick commerce platforms will therefore be calibrated, encouraged enough to enhance passenger experience, but contained enough to protect existing revenue streams.



Sukumar Sah
*The author is a senior veteran journalist*

Airports have long been India's most visible marketplaces of inflated pricing. A cup of coffee costs as much as a full meal outside. A sandwich equally predictable: travellers pay a premium not just for convenience, but for lack of choice. That model is now facing a quiet but potentially significant disruption.

Blinkit's entry into Mumbai's Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport, delivering directly to passengers even after they clear security, marks a structural shift in how airport consumption may evolve. For the first time, a digital platform is attempting to insert itself between airport retailers and travellers inside the most controlled commercial space in the country.

At first glance, the promise seems obvious: lower prices, greater variety, and doorstep delivery to the boarding gate. But the deeper question is whether this innovation can actually dismantle the entrenched economics of airport retail, or merely repackage it.

To understand the limits of disruption, one must first understand the structure of airport commerce. Retailers at major Indian airports operate under concession agreements that often involve sharing 30 to 50 per cent of their revenue with the airport operator. Add to this the cost of logistics, staffing, and compliance with stringent security protocols, and the pricing distortion becomes almost inevitable. In effect, airports are not just transit hubs; they are high-yield retail ecosystems designed to maximise non-aeronautical revenue. Blinkit, for all its technological edge, cannot escape this framework. Operating inside the terminal means that it too must align with airport regulations, pay access fees, and integrate with controlled logistics systems. The familiar image of a delivery rider weaving through city traffic is replaced by an airport-approved, in-terminal fulfilment model. The cost structure changes, but it does not disappear.

This is why expectations of dramatically lower prices may prove misplaced.

What Blinkit can do, however, is introduce something that airport retail has historically lacked: price visibility. When a passenger can compare the cost of a snack on an app with what is being charged at a kiosk a few metres away, the psychology of consumption changes. Even if the difference is modest, the awareness itself creates pressure.

In the short term, this could lead to marginal corrections. Airport retailers may soften their pricing at the edges, introduce bundled offers, or expand product ranges to stay competitive. Blinkit, for its part, may absorb some costs to build volume and user habit. The result is not a price war, but a subtle recalibration.

Over the medium term, the more profound shift may lie in how consumption is organised within airports. The traditional model is spatial: you walk past stores, browse, and buy. Blinkit introduces a platform model: you sit, scroll, and order. The point of sale moves from the storefront to the smartphone. This has implications beyond pricing. It alters inventory management, reduces dependence on high-footfall locations, and potentially lowers wastage through centralised stocking. Retail becomes less about display and more about fulfilment. In that sense, Blinkit is not just competing with airport shops; it is redefining the logic of how those shops function.

Yet, it would be premature to declare the end of high airport prices. Airport operators have little incentive to allow a full-scale erosion of retail margins, given that non-aero revenues are critical to their financial model. Any integration of quick commerce platforms will therefore be calibrated, encouraged enough to enhance passenger experience, but contained enough to protect existing revenue streams.

The likely outcome is coexistence, not disruption. Blinkit will emerge as an additional layer of convenience, particularly for price-sensitive or time-pressed travellers. Traditional retailers will adapt, but not retreat. And airports will continue to orchestrate the ecosystem to their advantage.

In that sense, the real story is not about cheaper sandwiches. It is about a shift in control.

For decades, airport retail has been defined by landlords and concessionaires. With the arrival of digital platforms, a new intermediary enters the equation, one that owns the customer interface, the data, and increasingly, the purchasing decision. If this model scales across major airports, the balance of power could gradually tilt away from physical storefronts towards digital aggregators.

Prices may not fall dramatically. But transparency will rise, choice will expand, and the experience of consumption will change. And in the controlled chaos of modern airports, that may be disruption enough.

rajeshsharma1049@gmail.com

#PRICING









#GERARD VAN HONTHORST

# Christ and Caiaphas

A source of light in a very dark place. A way forward in hard times. And maybe, even the light of god, when you would need it the most





Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

In a meeting between Christ and Caiaphas, life and death hangs on the edge of the string. And somehow, Gerard van Honthorst shows us the gravity of an entire moment with a candle. But how?

Well, to understand the genius that is Christ before the High Priest, we first need to understand what is going on. It is a trial of sorts. Jesus has been arrested and has been taken to the home of the high priest of Israel for questioning. "Are you the Messiah, the Son of God?" A crucial question designed to provoke a response that could be used to condemn Christ of blasphemy. A capital offence and one punishable by death. "I am," he responds. And in doing so guarantees his own execution.

And it is right there that Honthorst plays his first move. It is an odd thing to consider that the man, who holds all the power as it concerns life and death, is the one to seem unstable. He is not quite falling out of his seat, but the slight tilt forward, especially in comparison to what feels like a composed version of Jesus, is jarring when viewing the two figures together.

And speaking of Jesus, for a man who has willingly sentenced himself to his own gruesome death, he seems unbelievably calm. His posture. His face. His submissive hands. It is an unexpected response for such a dire outcome. So what does it have to do with the candle?

> And it is right there that Honthorst plays his first move. It is an odd thing to consider that the man, who holds all the power as it concerns life and death, is the one to seem unstable. He is not quite falling out of his seat, but the slight tilt forward, especially in comparison to what feels like a composed version of Jesus, is jarring when viewing the two figures together.



Everything, actually because where the composure of our figures was Honthorst's opening jab, the candle is the necessary ingredient for a swift knockout. Now, the obvious effect of singular candle in a dark room is the light but how Honthorst lights these characters is simply genius. It is no longer an effect of atmosphere, but in the hands of the master painter, an effect of inner dialogue.

Have a closer look and see. Caiaphas, who is closest to the candle, is made up of the hard lines between light and dark, suggesting a man who is deeply at conflict. Contrast this with Jesus, who is much further away, and we see a soft transition between the light and shadows. This is the man who is at peace.

Take a step back to see the painting as a whole, and the candle again serves another purpose. It drives a hard line between the two men. Infact, if you remove it entirely, you might even agree that the conversation feels less intense, but with a wedge in between them, we know that they will never come to reasonable terms. The decision for an action of maximum consequences becomes inevitability.

And if none of that at all has impressed you, in what might be the most powerful display of masterful painting, Honthorst does the unimaginable. By dimming the brightness on the entire painting, what we see is a candle in full effect. Almost as if it were a real thing. A source of light in a very dark place. A way forward in hard times. And maybe, even the light of god, when you would need it the most.

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भरतपुर में शॉर्ट सर्किट से ऑयल मिल में आग लगी, डेढ़ करोड़ का नुकसान

## आग की चपेट में आने से सरसों ऑयल सहित कोल्हू, फिल्टर आदि जल गये

- सरसों तेल टैंकर में आग लगने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया
- तेल फिल्टर की मोटर शुरु कराने दौरान विद्युत लाइन में फॉल्ट होने के चलते आग लग गई



भरतपुर में नदबई-डहरामोड़ सड़क मार्ग पर श्रीशांति ऑयल मिल में भीषण आग लग गई।

**नदबई-भरतपुर,** (निस)। नदबई-डहरामोड़ सड़क मार्ग पर गांव चोरपीपरी के समीप श्रीशांति ऑयल मिल में सोमवार सुबह करीब पांच बजे तेल फिल्टर की मोटर शुरु कराने दौरान विद्युत लाइन में फॉल्ट होने के चलते आग लग गई। ऑयल मिल में कार्य कर रहे श्रमिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन, सरसों तेल टैंकर में आग लगने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बाद में भरतपुर व नदबई नगर पालिका दमकल की सहायता से करीब दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले ऑयल मिल में मौजूद सरसों ऑयल सहित कोल्हू, फिल्टर सहित अन्य उपकरण जलकर स्वाहा हो गए। बाद में सूचना पर पुलिस व राजस्व अधिकारियों ने भी मौके पर जांच पड़ताल की।

विभागीय सूत्रों की मानें तो रविवार देर रात रूपवास निवासी तारांचद गोयल पुत्र नेमीचंद गोयल, अपनी ऑयल मिल से अपने घर गया। जबकि, नाइट शिफ्ट में करीब 12 श्रमिक मजदूरी कर रहे। तड़के करीब पांच बजे तेल फिल्टर मोटर चलाने दौरान अचानक विद्युत लाइन में तेज आवाज के साथ फाल्ट होने से फिल्टर व बाद में टैंकर में रखे सरसों तेल में आग लग गई। मजदूरी कर रहे श्रमिकों ने आग बुझाने का हरसंभव प्रयास किया। बाद में करीब दो घंटे की मशक्कत कर दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले ऑयल मिल में करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान हो गया। इस संदर्भ में देर शाम तक तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।

**इनामी बदमाश व साथी गिरफ्तार :** उदयपुर जिले के पानरवा थाना पुलिस ने हमला करने के मामले में इनामी बदमाश व साथी को गिरफ्तार किया। पानरवा थानाधिकारी सबीर खान मय टीम ने हमला करने के मामले में दर्ज प्रकरण में फरार पांच हजार के इनामी बदमाश मिठा उर्फ मिठीया पुत्र भोमा निवासी जूनापादर माण्डवा व साथी रमेश पुत्र मीना निवासी आंजणी माण्डवा को गिरफ्तार किया। इस मामले में अब तक 2 इनामी बदमाश सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण के अनुसार कादनराल गाव में वन विभाग की जमीन पर किए गए अतिक्रमण हटाने के लिए 12 फरवरी को पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जिन पर आरोपियों ने हमला कर दिया था।

# उदयपुर के जनाना हॉस्पिटल की भोजनशाला के सिलेंडर में आग लगी

- आग लगने से रोटी बना रही महिला झुलसी, खाना खाते भागे लोग

**उदयपुर,** (कासं)। एमबी सार्वजानिक चिकित्सालय के जनाना अस्पताल में संचालित नि:शुल्क भोजनशाला में सोमवार को बिजली तार में शॉर्ट सर्किट के बाद गैस सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में भोजन बना रही महिला झुलस गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। अंदर काम कर रहा स्टाफ जान बचाकर बाहर भागा। खाना खा रहे लोग प्लेट वहीं छोड़कर भाग गए।

जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार दोपहर 12 बजे हुआ। आग लगने के बाद फर्स्ट फ्लोर पर कैंटीन संचालक और स्टाफ ने इसे बुझाने का प्रयास किया। साथ ही सिलेंडर के प्रेशर को रोककर उसे सड़क पर सुरक्षित जगह फेंक दिया। हादसे में भोजन बना रही सज्जन बाई (65) मामूली झुलस गई। घटना के बाद भोजनशाला को बंद कर दिया और सभी सिलेंडर को बाहर निकलवाकर सुरक्षित जगह रखवा दिया गया। हादसे में झुलसी मालदास स्ट्रीट निवासी बुजुर्ग महिला सज्जन बाई (65) ने बताया कि मैं यहां डेढ़ माह से रोटियां सेकती हूं। खाना बनाने की मशीन से जुड़े तार में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग लगते देख मैं तुरंत नहीं उठ सकी। उठते समय मेरी साड़ी में आग लग गई। इससे हाथ और पैर पर मामूली झुलस गए। सिर के बाल भी आगे से जल गए। फिर मुझे हॉस्पिटल लाया गया।

प्रत्यक्षदर्शी भूपेंद्र सिंह धायबाई ने बताया कि भोजनशाला के फर्स्ट फ्लोर पर मेरी कैंटीन हैं। मैं वहां बैठा था। मुझे अचानक धमाके की आवाज आई तो मैं मेरे स्टाफ को लेकर नीचे दौड़ा। वहां देखा तो भोजनशाला में आग लग रही थी। सिलेंडर के बाहर प्रेशर से गैस निकलने से आग लग रही थी। ऐसे में हॉस्पिटल की सप्लाई पाइप लाइन से तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही सिलेंडर के प्रेशर को रोककर उसे सड़क पर सुरक्षित जगह फेंक दिया। समय पर आग नहीं बुझाते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

इधर गैस सिलेंडर में आग लगने की बात को भोजनशाला संचालक अशोक कुमार बार-बार नकारता रहा। इतना ही नहीं उन्होंने हादसे में किसी के झुलसने की बात से भी इंकार कर दिया। अशोक कुमार ने बताया कि बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लगी। आग से पास ही रखी रद्दी ने आग पकड़ ली। सिलेंडर में आग नहीं लगी और न ही कोई झुलसा है। यहां श्वि:शुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान की ओर से मरीज और उनके अटेंडेंट को नि:शुल्क भोजन दिया जाता है।

# करौली में महिला की दुकान में आग लगी

**करौली,** (निसं)। मासलपुर के निकट कसारा गांव बस स्टैंड पर सोमवार दोपहर एक महिला की दुकान में अचानक आग लगने से करीब दो लाख रुपये का किराना और ठंडा सामान सहित नकदी जलकर राख हो गई। आग में महिला दुकानदार पूजा झुलस गई, हालांकि उसने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार पूजा दुकान पर चाय बना रही थी, तभी अचानक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। महिला ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शोर सुनकर पास में चल रहे क्रिकेट मैच के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, मगर तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था। बताया गया कि महिला का पति सुनील बेंगलुरु में मजदूरी करता है, जबकि पूजा गांव में दुकान चलाकर अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण करती थी। आगजनी की घटना के बाद ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत गुवरेंडा के लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# विवाहिता के जेवर हड़पे

**उदयपुर,** (निसं)। परिवार में बीमार की बीमारी ठीक करने का झांसा देकर पीड़िता के जेवरात की ठगी करने वाले दो बदमाशों के खिलाफ बडगांव थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पीड़ित प्रेमकुमार पुत्र वरदा जी मीणा निवासी जेतावाड़ा ने दो आज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि एमबी चिकित्सालय में उपचार कराने के दौरान मिले दो बदमाशों ने परिवार में बीमार को ठीक करने की बात कही। इस पर आरोपी मेरी पत्नी शर्मिला, सास पवन देवी व ससुर को ऑटों में बिठाकर चिकलवास श्मशान घाट की तरफ ले गया। जहां बीच रास्ते लोयरा में आरोपियों ने मेरी पत्नी के जेवर सोने की चेन, कांटा व पांव के चांदी के कड़े खुलवा लिए तथा धोखा देकर जेवरात लेकर फरार हो गए।

# आयुष मंत्रालय की भर्ती परीक्षा में नकल माफिया का मास्टमाइंड गिरफ्तार

- 25 हजार के इनामी आरोपी अशोक मीणा को जोधपुर से गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। आयुष मंत्रालय की ओर से आयोजित ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में नकल कराने के दर्ज प्रकरण में आरकेपुरम् पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड 25 हजार के इनामी आरोपी अशोक मीणा को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 27 नवम्बर 2025 को कोटा ऑनलाइन एजुकेशन सेन्टर पर सेन्ट्रल कॉउसिंल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस के पद पर एमटीएस की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा के दौरान नकल कराने का प्रकरण सामने आया था। शहर एसपी ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में नकल प्रकरण में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, प्रकरण में पूर्व में आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चूका हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले में पूर्व मे आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं वांछित मास्टरमाईंड आरोपी अशोक मीणा की गिरफ्तारी के लिये 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। शहर एसपी ने बताया कि प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी की तलाश की जा रही थी, इसी क्रम में थाना महांमदिर जोधपुर पूर्व में तैनात कांस्टेबल राकेश सिंह को मय जाप्ता गश्त के दौरान सूचना मिली कि 25 हजार का इनामी आरोपी अशोक मीणा कार से भदवासिया फ्रूट मंडी की तरफ आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की और नाकाबंदी के दौरान फ्रूट मंडी तिराहे पर वाहन को रूकवाकर जांच की गई तो कार में कोटा के आरकेपुरम् थाने का 25 हजार इनामी वांछित आरोपी जिला करौली के बिनेगा निवासी अशोक मीणा मिला। पुलिस टीम ने मौके पर अशोक मीणा को डिटेन कर इसकी सूचना आरकेपुरम् पुलिस कोटा को दी। सूचना पाकर पुलिस टीम जोधपुर पहुंची और नकल प्रकरण में वांछित चल रहे मास्टरमाइंड आरोपी अशोक मीणा को प्रकरण में गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# जैसलमेर के डंपिंग यार्ड में पांच सौ से ज्यादा गायों के शव मिलने पर कार्रवाई

## ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर लाइसेंस रद्द किया

**जैसलमेर,** (निसं)। पर्यटन के नाम पर करोड़ों रूपये खर्च करने वाली नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह की आंखों के नीचे पशुओं के निस्तारण, चमड़ा और हड्डियां निकालने के ठेकेदार गोपाराम ने भयंकर लापरवाही करी।

जैसलमेर नगरपरिषद के डंपिंग यार्ड में रविवार को स्थानीय लोगों और गोभक्तों ने पांच सौ से ज्यादा गायों की लाशों का ढेर देखा। खुले आसमान के नीचे सड़ रही इन लाशों का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, पूरे प्रदेश में बवाल मच गया है। लाशें सड़ने के कारण आसपास के ग्रामीण इलाकों में भयंकर दुर्गंध और महामारी फैलने का खतरा पैदा हो गया है। इस डरावनी तस्वीर के सामने आने के बाद स्थानीय संगठनों और आम जनता में सरकार के खिलाफ भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि राजस्थान में गो टैक्स वसूला जाता है और गोपालन विभाग का बड़ा बजट होने के बावजूद धरातल पर गायों की ऐसी दुर्दशा हो रही है। हिंदू संगठनों और स्थानीय नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में ठेकेदार और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

स्थानीय निवासियों और रिपोर्टों के अनुसार, नगर परिषद ने मृत पशुओं के निस्तारण, चमड़ा और हड्डियां निकालने का ठेका बाड़मेर के ठेकेदार गोपाराम को दिया हुआ था। आरोप है कि ठेकेदार नियमों का उल्लंघन कर मृत गायों को खुले में ही धूप में सुखाने के लिए छोड़ देता था, ताकि बाद में उनकी हड्डियां और चमड़ा निकालकर बाहरी राज्यों की फैक्ट्रियों में सप्लाई किया जा सके। मवेशियों के शवों को नियमानुसार दफनाने में गंभीर कोताही बरती गई।

मामला तूल पकड़ते ही जैसलमेर कलैक्टर अनुपमा जोरवाल ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया और पशुपालन विभाग तथा नगर परिषद से फैक्चुअल रिपोर्ट तलब की है। परिषद कमिश्नर लजपाल सिंह सोढा ने बताया कि ठेकेदार गोपाराम को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उसका लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया है। परिषद द्वारा डंपिंग यार्ड में जेसीबी भेजकर सभी शवों को गड्ढे खुदवाकर दफनाने का काम पूरा करवा दिया।

# आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को फिर राहत दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की डिवीजन बेंच ने मेडिकल ग्राउंड पर मिली अंतरिम जमानत की अवधि को सात जुलाई तक बढ़ा दिया है।

कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि यह राहत सात जुलाई या आसाराम बापू के सजा स्थगन मामले में सुरक्षित रखे गए फैसले के आने तक (जो भी पहले हो) प्रभावी रहेगी। आज ही आसाराम बापू की अंतरिम जमानत की पिछली अवधि (समय सीमा) खत्म हो रही थी। सुनवाई के दौरान आसाराम की ओर से सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े, जबकि एडवोकेट निशांत बोड़ा, एडवोकेट यशपालसिंह राजपुरोहित कोर्ट में मौजूद रहे। इन्होंने कोर्ट में पक्ष रखते हुए बताया कि 86 वर्षीय आसाराम का मेडिकल ट्रीटमेंट अभी पूरा नहीं हुआ है और निरंतर मेडिकल देखरेख की जरूरत है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि आसाराम बापू की सजा के खिलाफ दाखिल मुख्य अपील (सजा स्थगन) पर सुनवाई 20 अप्रैल को ही पूरी हो चुकी है और हाईकोर्ट उस पर अपना फैसला सुरक्षित रख चुका है। ऐसे में जब तक अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक मेडिकल आधार पर दी गई अंतरिम जमानत को जारी रखना न्यायसंगत है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने बचाव पक्ष की दलीलों और मामले की तकनीकी स्थिति का विश्लेषण किया। कोर्ट ने इस तथ्य को संज्ञान में लिया कि 29 अप्रैल को बढ़ाई गई जमानत की अवधि आज खत्म हो रही है और सजा स्थगन पर अंतिम निर्णय आना बाकी है। इसलिए कोर्ट ने आदेश दिया कि आसाराम बापू की अंतरिम जमानत को 7 जुलाई तक बढ़ाया जाता है। हालांकि, कोर्ट ने यह कानूनी पेच भी स्पष्ट कर दिया कि यदि 7 जुलाई से पहले कोर्ट द्वारा सजा स्थगन का सुरक्षित फैसला सुना दिया जाता है, तो यह अंतरिम राहत स्वत: ही उस फैसले के अधीन हो जाएगी।

# 70 करोड़ की हेरोइन तस्करी के मामले में मुख्य सरगना अभिषेक गिरफ्त में

- पूछताछ में आरोपी अभिषेक ने मुख्य सरगना और अंतरराष्ट्रीय तस्कर राकेश प्रजापत के साथ मिलकर हेरोइन की दो बड़ी खेप लाना स्वीकार किया
- बीकानेर के पूंगल थाना क्षेत्र में 21 अप्रैल को एक स्कूटी सवार हादसे का शिकार हो गया था, पुलिस ने जब स्कूटी की जांच की, तो उसमें से 70 करोड़ की हेरोइन बरामद हुई थी

**बीकानेर,** (निसं)। बहुचर्चित 70 करोड़ रुपये की हेरोइन तस्करी मामले में बीकानेर पुलिस के 25 हजार के इनामी अपराधी चाड़वास निवासी अभिषेक को शिवपुरा (पाली) पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को बीकानेर के खाजूवाला थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

शिवपुरा थानाधिकारी भंवर लाल बिश्नोई ने बताया कि खाजूवाला थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर तंत्र की मदद से रेकी कर इसे दबोचा। आरोपी को डिटेन करने में एएसआई किशनलाल और सिपाही अजयसिंह की मुख्य भूमिका रही। पुलिस पूछताछ में आरोपी अभिषेक उर्फ अभिनव ने मुख्य सरगना और अंतरराष्ट्रीय तस्कर राकेश प्रजापत के साथ मिलकर हेरोइन की दो बड़ी खेप लाना स्वीकार किया है। अब इस नेटवर्क से जुड़े कई और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। बीकानेर के पूंगल थाना क्षेत्र में 21 अप्रैल को एक स्कूटी सवार हादसे का शिकार हो गया था। पुलिस ने जब स्कूटी की जांच की, तो उसमें से 70 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलो हेरोइन बरामद हुई थी। घायल स्कूटी सवार की पहचान सोजत (रेपड़ावास) निवासी खेताराम के रूप में हुई। होश में आने पर खेताराम ने खुलासा किया कि यह हेरोइन चोपड़ा निवासी राकेश प्रजापत की है। इस इनपुट के बाद पुलिस ने जयपुर से राहुल और प्रशांत कयाल को भी गिरफ्तार किया था।

**छह महीने पहले राकेश के संपर्क में आया था अभिषेक :-** अभिषेक करीब 6 महीने पहले ही मुख्य सरगना राकेश प्रजापत के संपर्क में आया था। मुख्य सरगना के गांव चोपड़ा से अभिनव का गांव चाड़वास महज 8.5 किलोमीटर दूर है। पड़ोसी गांव होने के कारण राकेश उसे अपना सबसे भरोसेमंद सहयोगी मानता था। पुलिस के अनुसार, अभिनव अभी तक भारत-पाक बॉर्डर से सिर्फ दो बड़ी खेप लाने में ही शामिल रहा था।

# जिला कारागृह करौली का औचक निरीक्षण

**करौली,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में प्रताप सिंह मीना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, करौली द्वारा जिला कारागृह करौली का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कारागृह में 180 बंदी निरूद्ध मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बंदियों को उनके अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एलएडीसी की कार्यप्रणाली, नालसा हेल्पलाईन की जानकारी प्रदान की गई। बंदियों से पूछे जाने पर सभी बंदियों ने अधिवक्ता की सेवाओं एवं सुविधा का प्राप्त होना जाहिर किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागृह में स्थित चिकित्सालय में प्रदान की जाने वाली मेडिकल सुविधाओं, दवाइयों, रसोई घर, एसटीडी एवं बैरिकों का निरीक्षण कर वहां की लाईट व्यवस्था, वेन्टीलेशन व्यवस्थाओं को देखा। वहीं उन्होंने कारागृह की मूलभूत सुविधाओं व जेल में साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण कर राज्य सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया की पालना करने एवं कारागृह में स्थित मेडिकल वार्ड में बंदियों हेतु अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला कारागृह में स्थित विधिक सहायता केंद्र एवं लीगल एड हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

# 'विजयदान देथा के शताब्दी वर्ष पर डाक टिकट जारी करें'

**जयपुर/चूरू।** राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने प्रख्यात साहित्यकार विजयदान देथा बिज्जी के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारत सरकार से उनके सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी करने मांग की है।

डॉ. सहारण ने कहा कि पद्मश्री विजयदान देथा ने राजस्थानी लोक कथाओं और लोक संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। उनकी रचनाओं में राजस्थान की मिट्टी की महक, लोकजीवन की संवेदनाएं और सामाजिक चेतना का अद्भुत समावेश देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि बातां री फुलवाड़ी जैसी कृतियां भारतीय लोक साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी कहानियों दुविधा एवं पहेली फिल्म ने भी लोक साहित्य को व्यापक पहचान दिलाई। डॉ. सहारण ने कहा कि विजयदान देथा (1926-2013) का शताब्दी वर्ष लोक साहित्य और राजस्थानी भाषा के सम्मान का अवसर है। ऐसे में भारत सरकार द्वारा उनके नाम से विशेष डाक टिकट जारी किया जाना उनके साहित्यिक अवदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी तथा नई पीढ़ी को उनके साहित्य से प्रेरणा मिलेगी।

# कोटा के होटल में चोरी करने का शातिर आरोपी उज्जैन से गिरफ्तार

- होटल में स्टॉफ बनकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना पुलिस ने होटल में स्टॉफ बनकर चोरी की वारदात करने वाले शातिर आरोपी को उज्जैन मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी होटल में जॉब के लिये लगा था और दो दिन की नौकरी करने के बाद तीन मोबाइल, लैपटॉप व नकदी लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी से एक लैपटॉप एवं दो मोबाइल बरामद किये हैं।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 28 फरवरी को होटल 5 फ्लावर्स, अनंता एलीट, डीसीएम रोड के जनरल मैनेजर ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 26 फरवरी को होटल में फ्रंट ऑफिस एसोसिऐट के पद पर मान्यवेन्द्र सिंह नाम के युवक को रखा था, रिपोर्ट में कहा कि उक्त कर्मचारी होटल स्टाफ के कमरे से अन्य साथियों के तीन मोबाइल, एक लैपटॉप और 15 हजार रूपये नकदी लेकर फरार हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले में कार्रवाई के लिये पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मामले में अनुसंधान किया तो सामने आया कि आरोपी ने होटल में नौकरी पाने के लिये फर्जी नाम मान्यवेन्द्र सिंह निवासी जोधपुर बताया, पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शातिर आरोपी को मध्यप्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार किया, आरोपी उज्जैन निवासी सुमित वर्मा है वह इतना शातिर है कि वारदात को अंजाम देने के लिये अपनी असली पहचान छुपाता था। पकड़े गये आरोपी से चोरी किया गया एक लैपटॉप व दो मोबाइल बरामद किये हैं, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# संतों की सुरक्षा को लेकर मौन रैली निकाली

## रीवा में दो आर्यिका माताओं की दुर्घटना में मौत के बाद आक्रोश

- सकल जैन समाज अजमेर ने संत-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई

**अजमेर,** (निसं)। रीवा में दो आर्यिका माताओं की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के विरोध में सकल जैन समाज अजमेर के तत्वावधान में सोमवार को विशाल मौन रैली निकाली गई। सुबह नौ बजे डाक बंगला जिला परिषद के पास समाज के विभिन्न घटक एकत्र हुए, जहां से मौन जुलूस प्रारंभ हुआ। रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेते हुए संत-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। रैली के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वीडियो कॉल के माध्यम से समाज के लोगों से संवाद कर घटना पर दुख जताया और समाज की मांगों को प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। रैली के दौरान जैसवाल समाज के अध्यक्ष सुनील ढीलवारी ने कहा कि समाज आंदोलित है और सरकार को संतों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। इस अवसर पर अशोक छाजेड़, सुरेश खिवसरा, प्रदीप पाटनी, विक्रम पारख, शिखरचंद जैन, पुखराज पहाड़िया, नीरज जैन, बसंत सेठी, डॉ. आर.के. गोधा, अजय दनगसिया, मिश्रीलाल गदिया, राकेश घीया, नितिन जैन आदि मौजूद थे।

# दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने वाली महिला गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। ब्लैकमेल कर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सुल्तानपुर पुलिस टीम ने मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने इस मामले में पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि एक फरियादी ने रिपोर्ट दी थी कि 13 मई को इंस्टाग्राम आईडी से एक महिला ने मैसेज कर जिम ट्रेनिंग के नाम पर फीस देने का हवाला देकर कोटा बुलाया और एक होटल में रूककर शारीरिक संबध बनाये और रात्रि को घरवालों के आने का बहाना करके होटल से चली गई। बाद में अपने कुछ साथियों से फोन कराके उसको दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए 15 लाख की मांग की। बाद में मामला को रफा-दफा करने के लिये साढ़े तीन लाख रूपये में समझौता हुआ। ग्रामीण एसपी ने बताया कि कार्रवाई के लिये गठित टीम ने पूर्व में मामले मे कार्रवाई करते हुए महिला के चार आरोपी अब्दुल फिरोज उर्फ बबलु, योगेन्द्र मीणा, रियासत अली, अब्दुल रईस कुरैशी को गिरफ्तार किया था।

# युवक का शव मिला

**जोधपुर,** (कासं)। मथानिया स्थित गगाड़ी पंपिंग स्टेशन नहर में युवक का शव मिला। वह अपने घर से निकला था। तलाश करने पर पता नहीं लगा। आखिर में उसका शव नहर में मिला। मथानिया पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किया। मथानिया पुलिस ने बताया कि चामू के देवातु निवासी पप्पूराम की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भतीजा रेवंतराम पुत्र मोहनराम 23 मई को अपने घर से निकला था। वह घर नहीं पहुंचा तब उसकी तलाश की गई मगर वह नहीं मिला। मथानिया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बाद में उसका शव क्षेत्र के गगाड़ी स्थित पंपिंग स्टेशन नहर की जाली में अटका मिला।

# अर्चना चौधरी व पति दिनेश को जेल भेजा

- बाल कल्याण समिति की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को कोर्ट में पेश किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार बाल कल्याण समिति की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पेश करने से पहले दोनों को राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में मेडिकल करवाने ले जाया गया। मेडिकल के दौरान भी दोनों आरोपित बिना किसी पुलिसकर्मी के साथ दिखाई दिए। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने दोनों को जेल भेजने के आदेश दिए हैं। पुलिस दोनों को मीडिया से छुपते-छुपाते एक स्कॉर्पिओ गाड़ी में कोर्ट लेकर पहुंची थी, जो चर्चा का विषय रहा। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष पद पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नियुक्ति लेने के मामले में अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को 22 मई को गिरफ्तार किया गया था। पहले कोर्ट ने दोनों को पुलिस रिमांड पर भेजा था। सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद दुबारा दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश हुए हैं।

## निःशुल्क जल सेवा शुरू

**मनोहरपुर।** क्षेत्र में जल संकट से राहत देने के उद्देश्य से कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा की ओर से निशुल्क जल सेवा शुरू की गई है। यह सेवा पिछले एक महीने से लगातार विभिन्न कॉलोनियों और मोहल्लों में संचालित की जा रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। मनोहरपुर के बंगाली मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, एंबेडकर मोहल्ला, अमन कॉलोनी, शिव कॉलोनी तथा राव धीर सिंह कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में यह जल सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन इलाकों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, जहां जल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने बताया कि समाज सेवा के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को पानी की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता है और यह सेवा आगे भी जारी रहेगी।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# धार्मिक महोत्सव सनातन परम्परा के अभिन्न अंग : भूपेन्द्र यादव

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव राजगढ के दुब्बी भजेडा स्थित मीन भगवान मंदिर में 16वें मीन भगवान महोत्सव में कार्यक्रम में शिरकत मीन भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने मीन भगवान महोत्सव एवं गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर संसदीय क्षेत्र चहुंमुखी विकास पहली प्राथमिकता है तथा आमजन की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सडक, रेल, शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों सार्थक



अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने राजगढ के 16वें मीन भगवान महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की।

प्रयास करते हुए विकास को गति प्रदान की गई है।

अलवर में पर्यटन की अपार संभावनाओं एवं अलवर देश में सबसे बडे ट्यूरिज्म क्षेत्र के रूप में उभरे इसको दृष्टिगत रखते हुए सरिस्का क्षेत्र में पर्यटन को बढाने भर्तृहरि, पाण्डुपोल, भानगढ, काकवाडी का प्लान बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरियों का जनप्रतिनिधि होने के नाते राजगढ में बिना भेदभाव के विकास कार्य को आगे बढाया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय विद्यालय, 10 करोड रूपये की लागत से डेरा सफरवाडी से वाया जामडोली सडक निर्माण, डेढ करोड की लागत से पाली से स्कूल होते हुए ग्राम परबैणी तक डामर सडक, 2 करोड रूपये की लागत से अम्बेडकर नगर से परबैणी तक डामर सडक, 21 छोटी सडकों आदि विकास कार्य स्वीकृत कराए गए हैं, जिन्हें शीघ्र ही

> ■ उन्होंने कहा कि राजगढ में रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही यात्रियों के लिए ट्रेनों का ठहराव कराया

पूरा किया जाएगा।इसके साथ ही अलवर-बांदीकुई मार्ग पर आरओबी के लिए 70 करोड रूपये मंजूर किए गए है, जिससे आवागमन सुलभ होगा।

उन्होंने कहा कि राजगढ में रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही यात्रियों के लिए ट्रेनों का ठहराव कराया गया है तथा राजगढवासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए रेल मंत्री से मिलकर और ट्रेनों का ठहराव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्रा में गोविन्दगढ, राजगढ व खैरथल रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण कराया गया है तथा 111 करोड रूपये की लागत से अलवर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को बेहतर शिक्षा मिल सके इस उद्देश्य से संसदीय क्षेत्र में 133 ई-लाइब्रेरियों का निर्माण कराया गया।

## लालपुरा में मूर्ति विवाद ने लिया हिंसक रूप

**लालसोट।** लालपुरा गांव की ढंड की ढाणी में देर रात मूर्ति स्थापना को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। खातेदार की भूमि पर कथित रूप से जबरन मूर्ति स्थापित करने के प्रयास के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने पथराव कर दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

घटना में पुलिस वाहन क्षितग्रस्त हो गया तथा दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए मंडावरी, झापदा, रामगढ़ पचवारा और दौसा पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर गांव में तैनात किया गया।

पुलिस ने मामले में आठ नामजद सहित करीब 50-60 लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा, पुलिस पर हमला और जातीय वैमनस्य फैलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं खातेदार ने भी 22 लोगों पर जमीन पर कब्जा करने और जबरन मूर्ति स्थापना का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाथूलाल, हनुमान, कमलेश, रवि और रामस्वरूप सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी पवन कुमार जाट के अनुसार पुलिस को रात में खातेदारी भूमि पर मूर्ति स्थापना की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो अंधेरे का फायदा उठाकर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। हालात बिगड़ने पर हवाई फायरिंग करनी पड़ी। फिलहाल मूर्ति को सुरक्षित थाने में रखवा दिया गया है और गांव में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि धार्मिक आस्था के नाम पर कानून हाथ में लेने की बढ़ती प्रवृत्ति आखिर समाज को किस दिशा में ले जा रही है।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया

**चौमूं / कालाडेरा।** चौमूं उपखण्ड के सिंगोद खुर्द स्थित मणीमहल गंगाकुंज से सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम सिंगोद स्थित ओंकारेश्वर पंचेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम सिंगोद के महंत ओकार दास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम संयोजक श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि कलश यात्रा बैंड-बाजों के साथ ग्राम सिंगोद खुर्द के सीतारामजी मंदिर से रवाना हुई, जो सिंगोद कला बस स्टैंड होते हुए सिंगोद स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम पहुंची।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े तथा पूरा



पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम में कलश व कांवड़ यात्रा निकाली

माहौल शिवमय बना रहा। कार्यक्रम में चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व सरपंच नेमीचंद अग्रवाल, पूर्व सरपंच त्रिलोक लोच्छिब, पूर्व सरदार सिंह जाखड़, भाजपा नेता पवन चोपड़ा, सीताराम मंदिर कमेटी के संगठन मंत्री परमेश्वर खंडेलवाल, सीताराम मंदिर कमेटी सिंगोद खुर्द अध्यक्ष बजरंग सिंह शेखावत, जमुवाय सेवा ट्रस्ट सिंगोद कला अध्यक्ष हरि सिंह, उपसरपंच मदन सिंह, झबर सिंह, शंकर सिंह, सवाई सिंह, उपसरपंच कल्याण सिंह, सुरेश चोपड़ा, जगदीश घोसलीया ,

> ■ कलश यात्रा बैंड-बाजों के साथ ग्राम सिंगोद खुर्द के सीतारामजी मंदिर से रवाना हुई

हरिनारायण दूत, महावीर बिजारनिया, भंवर देवंदा, लक्ष्मण सिंह, गुलाब अग्रवाल, मुकेश, विक्रम सिंह, सुमन सिंह, आचार्य जितेन्द्र व्यास, टिंकू व्यास, जितेन्द्र सिंह, मुकेश कुमावत, संदीप सिंह, सीएम यादव चेतन सिंह, पप्पू टेलर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि गंगाकुंज मणीमहल सीताराम मंदिर से निकली कलश एवं कांवड़ यात्रा में आकर्षक झांकियां और धार्मिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

## पेयजलापूर्ति करवाने की मांग

**निवाई।** गाँव मजूकडा में 7-8 दिन से बीसलपुर पेयजल सप्लाई बंद है। जिससे से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> ■ सात दिन से गांव में बीसलपुर पेयजल लाईन से पानी नहीं आ रहा

लाली गुर्जर, छोटी गुर्जर, मंजू गुर्जर, संतरा गुर्जर, जमना गुर्जर, काली देवी गुर्जर, लछमा गुर्जर, माया गुर्जर, मनोहर गुर्जर, कस्तूरी गुर्जर, ममता गुर्जर, हँसी गुर्जर, धौली गुर्जर, कमला गुर्जर व सुरज्ञान गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि सात आठ दिन से गांव में बीसलपुर पेयजल लाईन से पानी नहीं आ रहा है। जिससे महिलाओं को भीषण गर्मी में दूर दराज के कुएं से पानी भरकर लाना पड़ रहा है।

कुए पर भी सुबह 5 बजे से ही पानी भरने वालों की भीड़ लग जाती है। जिससे उनको घंटों इंतजार करने के बाद पानी भरने का नंबर आता है। जिससे उनका पूरा दिन ही पानी ले जाने में ही हो जाता है। बीसलपुर परियोजना के कर्मचारियों को भी कई बार अवगत करा दिया गया। लेकिन वह भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे महिलाओं को पानी के लिए बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित प्राचीन राठी वाला मंदिर में पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व मंदिर महंत श्री राधा मोहन दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के रस में पूरी तरह डूबे नजर आए. पूरा पंडाल भजन-कीर्तन, संगीतमय प्रस्तुतियों तथा राधे-राधे और जय श्री कृष्ण के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।

कथा व्यास अभिषेक पाठक महाराज ने अपने मधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति, कर्म और धर्म का गूढ़ संदेश दिया। महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बाल स्वरूप में भगवान अपनी चंचल लीलाओं से पूरे गोकुल को आनंदित करते थे। माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल बाल सुलभ शरारत नहीं, बल्कि भक्तों के निर्मल प्रेम को स्वीकार करने का दिव्य प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन हुआ। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा करने की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उन्होंने प्रकृति संरक्षण, गौ सेवा और धर्म रक्षा को मानव जीवन का महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया।

श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर भगवान के जयकारों से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। अपने प्रवचन में महाराज जी ने कर्म के सिद्धांत पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। अच्छे कर्म सुख और शांति देते हैं, जबकि बुरे कर्म दुख का कारण बनते हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल सुनने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है। गोवर्धन लीला हमें सिखाती है कि यदि हम संगठित हों और ईश्वर पर विश्वास रखें, तो हम सबसे बड़ी बाधा को भी पार कर सकते हैं। जब श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव की पूजा करने से मना कर दिया और गोवर्धन की पूजा करने के लिए बोला, तो इंद्रदेव नाराज हो गए। उन्होंने तेज बरसात की। जिस पर श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर ब्रज वासियों की रक्षा की।कथा के यजमान के रूप में राठी वाला मंदिर महंत राधा मोहन दास महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती संपन्न की।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का सरकार की नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन

**देवली।** कांग्रेसी पदाधिकारी कार्यकर्ता भाजपा सरकार के विरुद्ध आक्रामक दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में.देवली उपखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने भाजपा सरकार की नीतियों के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। इसी के साथ दर्जनों कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश गोयल ने जानकारी में बताया कि ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता गांधी पार्क में एकत्रित हुए। इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार कि गलत नीतियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नगर अध्यक्ष सौरभ जिंदल के नेतृत्व में सरकार की गलत नीतियों का विरोध मार्च निकाला गया।

इस दौरान कांग्रेसियों का जुलूस शहर के गांधी पार्क से शुरू हुआ जो शहर के ममता सर्कल छतरी चौराहा और सदर बाजार से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुँचा। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष सौरभ जिंदल ने कहा कि ज्ञापन में राष्ट्रीय



कांग्रेसियों ने विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले की उच्च स्तरीय जाँच सुनिश्चित करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है । साथ ही पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मूल्य वर्धित कर वैट कम करने की मांग रखी गई है। तो वही इसी के साथ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी कार्यकर्ता स्थानीय मुद्दों पर भी अपना विरोध विरोध दर्ज करवा रहे है। जैसे कि बस अड्डे को शहर से कई किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने और उप जिला चिकित्सालय को अन्यत्र भेजने के निर्णय को कांग्रेसियों ने जनविरोधी बताया है । कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपने ज्ञापन में बताया कि शहर में वर्षों पुरानी कृषि उपज मंडी को बाहर स्थापित कर देने से हजारों व्यापारियों का रोजगार छिन गया है। शहर में बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार को चाहिए कि पुरानी उपज कृषि मंडी को फिर से तुरंत सुचारू रूप से चालू किया जाये । साथ कहाँ कि शहर पीने के पानी के संकट से जूझ रहा है। तो वहीं इन दिनों अनियंत्रित बिजली कटौती और जर्जर सड़कों के कारण शहर वासी बेहाल हो रहे हैं। कांग्रेसियों ने ज्ञापन जरिये महामहिम से अपील की है कि इन मांग का प्रमुखता से निस्तारण किया जाए ।

# महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल जल-पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पावटा।** प्रदेश में जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण एवं पर्यावरण संवर्धन को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा एवं पहल पर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान 2026 का उपखंड स्तरीय शुभारंभ पावटा स्थित शिवनगर खारवाली एनीकेट से किया गया। उपखंड स्तरीय समारोह में पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, विकास अधिकारी कार्यवाहक सहायक अभियंता नीलू सैनी, अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, सिंचाई विभाग एईएन शैलेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, उपखंड स्तरीय अधिकारी, सामाजिक संगठन, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पावटा स्थित शिवनगर खारवाली एनीकेट पर विधिवत जल एवं वृक्ष पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पीपल, नीम एवं बरगद के पौधों का पौधारोपण किया गया।



पीपल, नीम एवं बरगद के पौधों का पौधारोपण किया।

महिलाओं द्वारा पारंपरिक कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी डॉ.साधना शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 25 मई से 5 जून तक चलाया जा रहा वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का अभियान है। उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर

> ■ 'अभियान का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर में वृद्धि, वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है'

में वृद्धि, वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जल संचय संरचनाओं का निर्माण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार, साफ-सफाई, पौधारोपण, जल संरक्षण रैलियां एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, जल शक्ति अभियान, हरियालो राजस्थान एवं कर्मभूमि से मातृभूमि जैसे अभियानों को भी जोड़ा गया है।

## रैगिंग मुक्त भय-मुक्त शिक्षा केन्द्र विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद स्थित बी आर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रैगिंग मुक्त भय-मुक्त शिक्षा परिसर विषय पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रिंसिपल सीताराम जाट द्वारा की गई।

प्रिंसिपल सीताराम जाट ने बताया कि हमारी कॉलेज में रैगिंग करना एक अपराध मानते है। असामाजिक तत्वों को हम प्रवेश से वंचित ही कर देते है। गरीब माता-पिता अपने पुत्र-पुत्रियों को अपनी संचित आय में से उन्हें शिक्षित कराकर उनके सपनों को साकार करने के लिए कॉलेजों में इसी विश्वास पर भेजते है कि मेरा लड़का, लड़की पढ़ लिखकर एक प्रसाशनिक अधिकारी बनकर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। रैगिंग मुक्त,

भय- मुक्त शिक्षा केन्द्र पर (परिसर) ही हम अपने पुत्र-पुत्रियों को पढ़ाने के लिए भेज सकते है। तभी वे संस्थानों की विश्वसनीयता के कारण ही अपने बच्चों को शिक्षा दिलाते है। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सनातन संस्कृति में गुरू कुल शिक्षा में एक विश्वास अपनत्व बोध की अनुभूति होती थी। रैगिंग मुक्त भय-मुक्त शिक्षा केन्द्र में ही आज आर्थिक तंगी महंगाई के माहौल में भी उस शिक्षा परिसर में भेजना चाहते है, वहां पारस्परिक संबंध में मधुरता रहती है। कॉलेज के वातावरण में स्वतंत्र रूप से भय-मुक्त होकर विचार-विमर्श कर सके। शिक्षक और विद्यार्थी में विश्वास का माहौल बना रहता है। वहां के विद्यार्थियों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति कॉम्पीटिशन और अपने उज्जवल भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने का सपना होता है। यूजीसी के नियमों के अंतर्गत किसी भी शैक्षिणक संस्थानों कॉलेज, इन्स्टीट्यूट में रैगिंग एक दंढनीय अपराध है।कॉलेज में नवांगतुक विद्यार्थियों के प्रवेश के समय सिनियर विद्यार्थियों द्वारा अकारण रैगिंग करने के बहाने आतंकीत करना है।

## सार-समाचार

### आयुष्मान योजना में मुफ्त दवा सुविधा बंद करने पर जताया रोष




**फुलेरा।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा द्वारा जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर आयुष्मान योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालयों एवं फार्मा स्टोर्स द्वारा पेंशनर्स को निशुल्क दवा सुविधा नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई गई। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा आयुष्मान योजना लागू किए जाने के बावजूद कई निजी अस्पताल एवं मेडिकल स्टोर पेंशनर्स को दवाइयां उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे बुजुर्ग पेंशनर्स को आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंशनर्स ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मरीजों को बाजार से दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पेंशनर समाज ने मांग की कि राज्य सरकार आयुष्मान योजना के नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करे तथा निजी चिकित्सालयों एवं फार्मा स्टोर्स पर निगरानी बढ़ाई जाए। साथ ही योजना में शामिल अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश जारी कर पेंशनर्स को निःशुल्क दवा सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश दिए जाएं। ज्ञापन पर उपशाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी किए गए।

### लोधी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह




**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अखिल भारतीय लोधी/लोधा/लोध समाज महासभा एवं आलोक संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रांतीय आलोक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की प्रथम बार बनी सुश्री प्रवेश सिंह का 10वीं में 25 छात्र-छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर 12वीं में 27 छात्र छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर 8 युवक युवतियां को राज्य एवं केंद्र सरकार में नियुक्त होने पर तथा 4 लोगों को सेवानिवृत्ति होने पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मनोहर थाना विधायक गोविंद सिंह रानीपुरिया तथा उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार डेविड विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में श्री लोधी समाज संस्था जयपुर के अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह लोधी एवं आलोक संघ जयपुर के अध्यक्ष राजेश पथरिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**कोटपूतली।** स्थानीय राजपूताना टी. टी. कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन निदेशक महेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये संस्था निदेशक महेंद्र चौधरी ने कहा कि कठोर परिश्रम व अनुशासन में रहने से व्यक्ति जीवन में बड़ी से बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र व समाज की सेवा करने की महत्वपूर्ण नसीहत भी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. एच. एन. धोलीवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। उन्होंने 'सादा जीवन उच्च विचार' के सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात् करने पर विशेष बल दिया। उप प्राचार्य उमराव लाल व विशिष्ठ अतिथि सुनीता सिंह ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन ताराचन्द सैनी द्वारा किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान सहायक प्रोफेसर सुरेश कुमार रिवाड़िया, नीरु सैनी, ए. के. शर्मा, राधेश्याम मोरवाल, राजकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रेलवे जंक्शन आवागमन मार्ग चौड़ा करने का संकट टला

**फुलेरा।** फुलेरा रेलवे जंक्शन के आवागमन मार्ग को चौड़ा करने के लिए दुकानों की अवाप्ति का संकट आखिरकार व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा व टीम की समझदारी और आपसी सहमति से हल हो गया। व्यापार महासंघ की पहल से दो व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी भूमि समर्पित करने की सहमति दी, जिससे जंक्शन का मार्ग अब और अधिक चौड़ा एवं सुगम हो सकेगा। गौरतलब है कि व्यापारी संगठन की एकता और संघर्ष के चलते फुलेरा की ब्रिटिशकालीन रेल फुट ओवरब्रिज (पुरानी पुलिया) के स्थान पर नवीन सुविधायुक्त फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही रेल मंत्री द्वारा फुलेरा जंक्शन को अमृत भारत योजना से जोड़ने के बाद यहां कई विकास परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, जिससे जंक्शन के विस्तार और विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। रेल विभाग और स्थानीय प्रशासन लंबे समय से वर्तमान आवागमन मार्ग को संकरा मानते हुए इसे चौड़ा करने की आवश्यकता जता रहे थे। इस संबंध में प्रशासन द्वारा दुकानों की अवाप्ति की कार्यवाही भी प्रारंभ की जा रही थी। व्यापार महासंघ ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक आम सभा आयोजित की।

### किसान महापंचायत की जल यात्रा आज

**निवाई।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में 26 मई को गांव पहाड़ी में किसान जल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश स्तार के किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि किसान जल यात्रा को लेकर 26 मई को गांव पहाड़ी में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, प्रदेशाध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष छीतरमल गुर्जर, प्रदेश मंत्री सरदार मन्जीन्दर अटवाल, करौली एडवोकेट बत्तीलाल बैरवा, अलवर जिला अध्यक्ष विरेन्द्र क्रान्तिकारी, बूंदी जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी टोंक, जिला अध्यक्ष गोपीलाल डोड़वाडी, कोटा संभाग प्रभारी हरिशंकर धाकड़, प्रदेश प्रचार मंत्री मिश्रीलाल गुर्जर व युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी सहित कई प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह कल

**जयपुर,** (निसं)।माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में 27 मई को डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, जयपुर राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर जयपुर में प्रात: 11 बजे अपना तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। सलाहकार जनसम्पर्क विक्रम राठौड ने बताया कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन राम मेघवाल, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. प्रेम चंद बैरवा माननीय उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार उपस्थित रहेंगे।



मैं कभी पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। जब टीम मुश्किल में हो, जब टीम संघर्ष कर रही हो तब अपना जज्बा दिखाना बहुत जरूरी होता है। मैं कभी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटता। मेरे मन में कभी कप्तानी छोड़ने का विचार नहीं आया।

- अजिंक्ये रहाणे

भारतीय खिलाड़ी, अपने बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## के. एल. राहुल

**दिल्ली कैपिटल्स** के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में राहुल ने ईडन गार्डन्स के मैदान पर चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर के खिलाफ बतौर ओपनर उतरे राहुल ने महज 30 गेंदों में 60 रनों की तूफानी पारी खेली जिसमें 5 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। इस मुकाबले में लगाए गए 4 छक्कों की बदौलत केएल राहुल ने मौजूदा सीजन में अपने कुल छक्कों की संख्या 31 पर पहुंचा दी है। इसी के साथ वे दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** कर्णम मल्लेश्वरी ओलंपिक पदक (सिडनी 2000) जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। मीराबाई चानू ने 49 किग्रा वर्ग में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का विश्व रिकॉर्ड कायम किया था।

# विराट कोहली और शुभमन गिल के बीच होगा जीत या हार का फैसला

नई दिल्ली, 25 मई। आईपीएल 2026 सीजन का पहला क्वालीफायर-1 मुकाबलाशुभमन गिलकी गुजरात टाइटंस औरविराट कोहलीकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाना है। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें धर्मशाला के मैदान मेंजमकर तैयारी कर रही हैं। इस बीच पूर्वक्रिकेटर साइमन डूल ने कहा कि यह मुकाबला एक तरह से शुभमन गिल और विराट कोहली के बीच की जंग है। जो भी टीम का बल्लेबाज पहले छह ओवर में शानदार शुरुआत करेगा, उनके मुताबिक उसी टीम के फाइनल में पहुंचने की संभावना ज्यादा होगी।



### साइमन डूल ने क्या कहा

गुजरात और आरसीबी के बीच आईपीएल में होने वालेक्वालीफायर-1 को लेकर साइमन डूल नेकहा कि जो भी टीम पहली पारी में पावरप्ले पर कब्जा जमाएगी, उसके जीतने के चांस काफी बढ़ जाएंगे। गुजरात और आरसीबी दोनों टीमों के पास मजबूत बैटिंग लाइनअप है और दोनों के गेंदबाज भी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। एक टीम के पास विराट कोहली हैं तो दूसरी के पास शुभमन गिल। दोनों ही बल्लेबाज बेहतरीन फॉर्म में हैं। ऐसे में जो भी टीम पहले छह ओवर में 60 से 70 रन बना देगी, उसके फाइनल में पहुंचने के मौके काफी बढ़ जाएंगे। बड़े मैचों में शुरुआती मोमेंटम काफी मायने रखता है।

### आरसीबी और गुजरात में बराबर टक्कर

वहीं, गुजरात और आरसीबी के बीच हेड-टू-हेडमुकाबलों की बात करें तो दोनों टीमों केबीच अब तक आठ मैच खेले जा चुके हैं। गुजरात की टीम ने चार मुकाबलों में जीत दर्ज की है, जबकि आरसीबी ने भी चार मैच अपने नाम किए हैं। आरसीबी की टीम ने गुजरात के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर 206 रन बनाया है, जबकि उसका न्यूनतम स्कोर 155 रन रहा है।

### दूसरी बार आईपीएल जीतना चाहेंगी आरसीबी और गुजरात

ऐसे में गुजरात और आरसीबी फिलहाल बराबरी पर नजर आ रही हैं और जो भी टीम धर्मशाला के मैदान में बेहतर प्रदर्शन करेगी, उसे सीधे आईपीएल फाइनल का टिकट मिल जाएगा। इतना ही नहीं, गुजरात और आरसीबी दोनों एक-एक बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी हैं और अब दोनों टीमों के पास दूसरी बार ट्रॉफी जीतने का मौका होगा।

# सूर्यवंशी तोड़ना चाहते हैं क्रिस गेल का रिकॉर्ड 2026 के प्लेऑफ से पहले कही 'मन की बात'

नई दिल्ली, 25 मई। आईपीएल 2026 सीजन में लीग स्टेज के अपने अंतिम मुकाबले में जीत दर्ज करराजस्थान रॉयल्स की टीम ने प्लेऑफ में जगह बना ली है। राजस्थान की टीम ने इसके साथ चौथे स्थान पर कब्जा किया और अब एलिमिनेटर मुकाबले में उसका सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

राजस्थान को साल 2008 के बाद दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीतना है, जिसके लिए उसे अब लगातार तीन मैच जीतने होंगे। ऐसे में टीम के 15 वर्षीय सलामी बल्लेबाजवैभव सूर्यवंशीका बल्ला चलना बेहद जरूरी होगा। वैभव भी आने वाली चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वह टी20 क्रिकेट में 200 रन बनाना चाहते हैं।



### 15 साल के वैभव का बड़ा सपना

14 साल की उम्र में आईपीएलमें पहली बार कदम रखने वाले वैभव सूर्यवंशीअब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वैभव ने आईपीएल 2025 सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए शतक जड़ा था। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए थे। अब वैभव ने आईपीएल 2026 सीजन में भी अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। केविन पीटरसन से बातचीत में उन्होंने अपने मन की बात साझा करते हुए कहा कि मैं अब टी20 क्रिकेट में एक पारी में 200 रन बनाना चाहता हूं। इस पर पीटरसन ने उन्हें बताया कि टी20 क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 175 रन बनाए थे। इस पर वैभव ने जवाब दिया कि मैं इस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहता हूं और जिस दिन मैं पूरे 20 ओवर तक बल्लेबाजी कर गया, यह काम हो जाएगा।

# अर्जुन पुरस्कार विजेता श्यामलाल मीणा का निधन

## खेल परिषद में तीरंदाजी कोच के पद पर कार्यरत थे श्यामलाल मीणा

जयपुर, 25 मई। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् में तीरंदाजी के फस्र्ट ग्रेड प्रषिक्षक श्री श्याम लाल मीणा का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनो से बीमार थे। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित कार्यालय में उन्हे श्रृद्धांजली देने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया और दो मिनिट का मौन रख कर परमपिता परमेष्वर से उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव श्री राजकेष मीणा, सीएओ श्रीमती कमलप्रीत कौर और मुख्य खेल अधिकारी श्री वीरेन्द्र पूनिया सहित खेल परिषद के सभी प्रषिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री श्याम लाल मीणा ने 1989 एशियन चैंपियनशिप में भाग ले कर भारत को तीरंदाजी में पहला इंटरनेशनल पदक दिलाया था। इस पदक के लिए उन्हें 1990 में अर्जुन अवार्ड दिया गया था। उन्होने 1989 बार्सिलोना ओलंपिक में भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने तीरंदाजी करियर में कई इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए देश को पदक दिलाए।

# द राजस्थान क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 25 मई। अंडर-16 समर कप में द राजस्थान क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 318 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं। रवि कश्यप ने 111, कुश ने 59 और मुकुल ने 49 रनों का योगदान दिया! यति क्रिकेट अकादमी की ओर से दिव्यांश ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यति क्रिकेट एकेडमी 34 ओवर में 154 रन पर ऑल आउट हो गई। कान्हा श्रीवास्तव ने 51 और अभिषेक वर्मा ने 40 रनों का योगदान दिया। द राजस्थान क्रिकेट अकादमी की ओर से हंस चौधरी ने 4, रुतबा चौधरी और मनीष ने 2-2 विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच रवि कश्यप को चुना गया। समर कप मेंद राजस्थानक्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 318 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं। रवि कश्यप ने 111, कुश ने 59 और मुकुल ने 49 रनों का योगदान दिया। यति क्रिकेट अकादमी की ओर से दिव्यांश ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यति क्रिकेट एकेडमी 34 ओवर में 154 रन पर ऑल आउट हो गई। कान्हा श्रीवास्तव ने 51 और अभिषेक वर्मा ने 40 रनों का योगदान दिया। द राजस्थान क्रिकेट अकादमी की ओर से हंस चौधरी ने 4, रुतबा चौधरी और मनीष ने 2-2 विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच रवि कश्यप को चुना गया।

# महाराणा प्रताप एवं गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, आवेदन 10 मई तक

जयपुर, 25 मई। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों और प्रशिक्षको के लिए महाराणा प्रताप एवं गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित किए गए है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव श्री राजकेष मीणा ने बताया कि सभी जिला खेल अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों और प्रशिक्षको के आवेदन प्राप्त कर परिषद को भेजने के निर्देश दिए गए है। आवेदन भेजने की अन्तिम तिथि 10 मई है। उन्होने बताया कि इच्छुक खिलाडी व प्रशिक्षक जयपुर में जहां खेल परिषद मुख्यालय और और जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। साथ ही आवेदन का प्रारूप खेल परिषद की वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है।

# जयपुर की एकांशी बनी स्टेट चैम्पियन



जयपुर, 25 मई। झालावाड़ जिला शतरंज संघ के तत्वाधान मे चल रही राज्य स्तरीय अन्डर -7 शतरंज प्रतियोगिता मे राजस्थान के विभिन्न जिलों से 35 खिलाड़ी भाग ले रहे है। 5 चक्रों की समाप्ति के पश्चयात जयपुर जिले के अंशवीर सिंह और एकांक्षी चंदेल मे 4.5-4.5 अंक बनाकर सयुक्त रूप से बड़त बनाई हुई है । जयपुर के ही चारविक शर्मा, सिद्धार्थ नाहटा , भीलवाड़ा के समृत माहेश्वरी और उदयपुर के रमणीक सिंह सलूजा ने 4-4 अंक बनाकर संयुक्त रूप के दूसरे स्थान पर है । अभिनव चेस क्लब से एकांशी के कोच पुष्पेंद्र कुमार चौधरी ने बताया की अन्डर 7 गर्ल्स केटेगोरी मे एकांक्षी एक चक्र पहले ही राजस्थान चैम्पीयन बन गई है और राष्ट्रीय स्तर पर अन्डर 7 गर्ल्स केटेगोरी के लिए राजस्थान का नाम रोशन करने के लिए बहुत मेहनत कर रही है । प्रतियोगिता चीफ आर्बिटर भगवती प्रसाद शर्मा के निर्देशन मे हो रही है ।

# भारत को पहला महिला वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाली कप्तान हरमनप्रीत पद्म श्री से सम्मानित

नई दिल्ली, 25 मई। भारतीय महिला क्रिकेट को आधुनिक रूप देने का पूरा श्रेय हरमनप्रीत कौर को जाता है। हरमनप्रीत कौरकी कप्तानी में महिला टीम इंडिया ने पहली बार वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की। इसकी खास बात यह रही कि महिला टीम इंडिया ने यह टूर्नामेंट अपने ही देश में जीता। इस टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के पास थी, और अब उन्हें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है।



### हरमनप्रीत कौर को मिला पद्म श्री

वर्ल्ड चैंपियन हरमनप्रीत कौर को राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। उनके पुरस्कार पाने का वीडियो बीसीसीआई ने साझा किया है। हरमनप्रीत कौर महिला क्रिकेट में मिताली राज के बाद एक बेहतरीन क्रिकेटर हैं। वह देश की तमाम महिला क्रिकेटर्स के लिए प्रेरणा से कम नहीं हैं।

### हरमनप्रीत कौर का करियर

हरमनप्रीत की बात करें तो उन्होंने साल 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक वो महिला टीम इंडिया की सदस्य हैं। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। हरमन अभी तक भारत के लिए सात टेस्ट मैचों में 230 रन, 164 वनडे मैचों में 4541 रन और 195 टी20 अंतरराष्ट्रीय में हरमनप्रीत के नाम 3991 रन दर्ज हैं। 37 साल की हो चुकी हरमनप्रीत अब मुश्किल है कि साल 2029 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत के लिए खेलती नजर आयें।

# फीफा विश्वकप स्पेन टीम में बार्सिलोना और एटलेटिको का दबदबा

नई दिल्ली, 25 मई। स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। हालांकि, टूर्नामेंट में भाग लेने के अपने 92 वर्षों के इतिहास में पहली बार, रियल मैड्रिड का कोई भी खिलाड़ी इस टीम में शामिल नहीं है। मैड्रिड, जो दुनिया का (और सिर्फ स्पेन का ही नहीं) सबसे सफल क्लब है, ने 2025-26 सीज़न बिना किसी बड़ी ट्रॉफी के समाप्त किया। 21 वर्षीय डिफेंडर डीन हुइजसेन के पास अमेरिका जाने वाली टीम में जगह बनाने का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन लुइस डे ला फुएंते द्वारा पाउ कुबार्सी, आयमेरिक लापोर्टे और एरिक गार्सिया को प्राथमिकता दिए जाने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। इस बीच, मेरिनो ने रविवार को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ इस सीज़न के अपने आखिरी प्रीमियर लीग मैच में आर्सेनल के लिए वापसी की।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकश ने मानी खराब फॉर्म की बात, कहा- दिग्गजों की आलोचना बिल्कुल जायज



नई दिल्ली, 25 मई। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने किसी तरह का बहाना बनाने से परहेज करते हुए स्वीकार किया कि 2024 का विश्व खिताब जीतने के बाद से उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा और उनके खेल को लेकर पूर्व दिग्गजों की आलोचना जायज थी। गुकेश ने पिछले 18 महीनों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है और वह इस साल के आखिर में अपना विश्व किताब बचाए रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि कहा कि वह आलोचनाओं को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व खिताब का बचाव करने से पहले परिणाम उनके अनुकूल नहीं रहे हैं। गुकेश ने कहा, ''कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों की आलोचना या टिप्पणियों पर मैंने गौर नहीं किया लेकिन इनमें से कुछ मैंने सुनी हैं और मुझे लगता है कि वह जायज हैं।'' उन्होंने कहा, ''पिछले डेढ़ साल से मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुझे लगता है कि मेरा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। आलोचकों को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अधिकार है।''

# एफ 1 पर किमी एंटोनेली का शिकंजा, कनाडा ग्रां प्री 2026 जीतकर 43 अंकों की बढ़त बनाई

नई दिल्ली, 25 मई। कनाडा ग्रां प्री 2026 इस बार काफी रोमांच और ड्रामे से भरी रही। मॉन्ट्रियल के सर्किट जिल विलेन्यूव में हुई इस रेस में मर्सिडीज के युवा ड्राइवर किमी एंटोनेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी जीत अपने नाम कर ली हैं। बता दें कि इस जीत के साथ एंटोनेली ने चैंपियनशिप में अपनी बढ़त भी मजबूत कर ली हैं और अब वह 43 अंकों से आगे चल रहे हैं।



रेस की शुरुआत से ही मर्सिडीज के दोनों ड्राईवर जॉर्ज रसेल और किमी एंटोनेली के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली हैं। दोनों कई बार एक-दूसरे से आगे निकले और रेस काफी रोमांचक हो गई थीं। हालांकि यह मुकाबला ज्यादा देर तक नहीं चल सका क्योंकि 30वें लैप में जॉर्ज रसेल की कार में पावर यूनिट से जुड़ी तकनीकी खराबी आ गई और उन्हें रेस बीच में छोड़नी पड़ी हैं।

गौरतलब है कि रसेल के बाहर होते ही वर्चुअल सेफ्टी कार लागू करनी पड़ी थीं। इस दौरान ज्यादातर टीमों ने अपने ड्राइवरों को पिट स्टॉप के लिए बुलाया, लेकिन किमी एंटोनेली ने बढ़त बनाए रखी और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

इटली के युवा ड्राईवर एंटोनेली ने शानदार नियंत्रण और तेज रफ्तार के साथ रेस खत्म की और दूसरे स्थान पर रहे लुईस हैमिल्टन से लगभग 10 सेकंड आगे रहे हैं। फेरारी के लिए खेल रहे सात बार के विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने अंतिम लैप्स में मैक्स वर्स्टापेन को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं रेड बुल के मैक्स वर्स्टापेन तीसरे स्थान पर रहे और इस सीजन का अपना पहला पोडियम हासिल किया।

मौजूद जानकारी के अनुसार फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर चौथे और रेड बुल के इसाक हदजार पांचवें स्थान पर रहे। अल्पाइन के फ्रैंको कोलापिंटो ने लगातार दूसरी बार अंक हासिल करते हुए छठा स्थान प्राप्त किया।

अर्जेंटीना को विश्व कप से पहले बड़ा झटका

# लियोनेल मेस्सी फिर चोटिल, बीच मैच में छोड़ा मैदान



नई दिल्ली, 25 मई। लियोनेल मेस्सी के विश्व कप से पहले चोटिल होने की आशंका बन गई है क्योंकि अर्जेंटीना के इस स्टार फुटबॉलर ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच में मैदान छोड़ दिया था। इस तरह से मेस्सी समय से पहले अवकाश पर चले गए और अब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को यह देखना होगा कि क्या उन्हें कोई चोट लगी है या नहीं। मेस्सी 73वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए। लुई सुआरेज़ के तीन गोल की मदद से इंटर मियामी ने इस मैच मेंफिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से जीत हासिल की। मेस्सी की किसी भी समस्या के बारे में तत्काल कोई पता नहीं चल पाया है।

इंटर मियामी के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान मेस्सी को कम से कम दो बार हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझना पड़ा है। मेस्सी ने मैदान छोड़ने से पहले कम से कम एक बार अपनी बायीं हैमस्ट्रिंग को स्पर्श किया और फिर जब उन्हें सब्स्टीट्यूट किया जा सकता था तो वह इंटर मियामी के बेंच की ओर भी नहीं गए। मेस्सी मैदान को टीम के लॉकर रूम से जोड़ने वाली सुरंग से होते हुए बाहर निकल गए। मेस्सी धीरे-धीरे चल रहे थे और उनके साथ टीम के मेडिकल स्टाफ का कोई भी सदस्य नहीं था। मैच के दूसरे हाफ की शुरुआत में ही तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे कुछ खिलाड़ी मैदान पर फिसलते हुए नजर आए। यह स्पष्ट नहीं था कि मेस्सी का मैदान से बाहर जाना एहतियाती कदम था या नहीं। ऐसा भी नहीं लगा कि बारिश के दौरान उन पर किसी तरह की चोट लगी हो।

मेस्सी पहले भी कह चुके हैं कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना ग्रुप चरण का अपना पहला मैच 16 जून को खेलेगा। मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने यह पुरस्कार पहली बार 2014 में और फिर 2022 में जीता था जब उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया था। यह पुरस्कार 1982 से ही दिया जा रहा है, लेकिन वह इसे दो बार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा। अर्जेंटीना अगर आगे बढ़ता है तो मेस्सी को मियामी गार्डंस में भी खेलने का मौका मिल सकता है लेकिन यह इस पर निर्भर करता है कि यह स्टार स्ट्राइकर विश्व कप में खेलते भी है या नहीं क्योंकि इसमें अभी कुछ संदेह लग रहा है।

# एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2026 : वियतनाम में भारतीय पहलवानों का जलवा, 3 स्वर्ण समेत 8 पदकों पर कब्जा

नई दिल्ली, 25 मई। भारत का अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रविवार को शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसमें दूसरे दिन मानसी लाठेर, काजल और सुमित ने स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम रखा। मानसी ने 68 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया और उज्बेकिस्तान की फिरूजा एसेनबाएवा को 14-1 से करारी शिकस्त दी। काजल का 76 किग्रा फाइनल में प्रदर्शन भी शानदार रहा। उन्होंने किर्गिस्तान की आइझारकिन झानीबेकोवा को 10-0 से हराया। वहीं ग्रीको-रोमन पहलवान सुमित ने 63 किग्रा वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के ओजोदबेक खलीलबोएव को 12-2 से हराया। इन तीन स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय दल ने दो रजत और तीन कांस्य पदक भी जीते। स्वीटी को वियतनाम की न्गोक एल से 5-7 से हार मिली और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा ने भी 59 किग्रा वर्ग फाइनल में जोरदार संघर्ष किया।

# के.एम. रूंगटा ट्रॉफी जयपुर-ए टीम विजेता व जयपुर-बी टीम उपविजेता रही

जयपुर, 25 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा बी सी सी आई के पूर्व सलेक्शन कमेटी चीफ व राजस्थान क्रिकेट संघ के दिग्गज प्रशासक स्व. किशन रूंगटा की स्मृति में आयोजित के एम रूंगटा ट्रॉफी की विजेता ए व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जयपुर जिला क्रिकेट संघ ने ए डिवीजन लीग के प्रदर्शन के आधार पर तीन टीमें जयपुर ए, जयपुर बी व जयपुर सी (मान क्लब) बनाकर राउंड रॉबिन आधार पर तीन दिवसीय के एम रूंगटा ट्रॉफी का आयोजन किया था जिसने जयपुर ए टीम विजेता व जयपुर बी टीम उपविजेता रही थी। दिनांक 24 मई को मान हाउस में प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत रूप से मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर जे डी सी ए के पूर्व सचिव मुकुंद रूंगटा, पूर्व आर सी ए उपाध्यक्ष श्री मोहम्मद इकबाल, जे डी सी सी तदर्थ समिति के कन्वीनर राजेश कुमार ताम्बी, सदस्य रोहित झालानी, आनंद सिंह राठौड़, महेश सैनी, जे डी सी ए के पूर्व प्रतियोगिता सचिव राम किशन मीणा, ओम शर्मा, सलीम कॉमरेड, गौरव शर्मा, रणजीत सैनी, मुकेश मिश्रा, मान क्लब के सचिव पीयूष रूंगटा, पंकज गुप्ता, मनीष अगवाल सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जयपुर की कॉल्विन शील्ड टीम के सभी सदस्य भी शामिल रहे । पुरस्कार वितरण समारोह के बाद मान हाउस में एक परिभोज का भी आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज - आदित्य झाला, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज - आदित्य टांक व मैन ऑफ दि सीरीज - गौरव सालवी रहे।




# नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास, फेडरर को पछाड़ बनाया ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 25 मई। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन कुछ उम्रदराज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया जिनमें नोवाक जोकोविच प्रमुख थे जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि 39 वर्ष की उम्र में भी वह अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ सकते हैं। जोकोविच को पहले दौर में न सिर्फ अपने से लगभग आधी उम्र के स्थानीय खिलाड़ी का सामना करना पड़ रहा था बल्कि उन्हें दर्शकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा था।



जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड 82वें ग्रैंड स्लैम में फ्रांस के 22 वर्षीय खिलाड़ी जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। उन्होंने मैच के बाद कहा, ''रोलैंड गैरोस के सेंटर कोर्ट पर किसी फ्रांसीसी खिलाड़ी के खिलाफ खेलना जाहिर तौर पर इतना आसान नहीं होता। दर्शक जोश में आ जाते हैं और फिर आप पर दबाव और भी बढ़ जाता है।'' जोकोविच ने कहा, ''लेकिन कुल मिलाकर यह एक अच्छा मैच था जिसका हिस्सा बनना अच्छा लगा। 39 साल की उम्र में तीन घंटे तक खेलना। सब कुछ वैसा ही रहा जैसा डॉक्टर ने सलाह दी थी।''

अपने 39वें जन्मदिन के ठीक दो दिन बाद कोर्ट पर कदम रखते ही जोकोविच ने पुरुषों में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खेलने का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने रोजर फेडरर और फेलिसियानो लोपेज़ को पीछे छोड़ा। जोकोविच ने उन 82 ग्रैंड स्लैम में से रिकॉर्ड 24 जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल में खेल रहे हैं। इस तरह से उन्होंने फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट और एंटोनी जेंटियन की बराबरी कर ली है।

वह यहां पिछले 20 टूर्नामेंट में से 19 में कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। उन्होंने 2016, 2021 और 2023 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता। जोकोविच फ्रेंच ओपन के पहले दिन जीत हासिल करने वाले अकेले उम्रदराज खिलाड़ी नहीं थे। मार्को ट्रुंगेलिटी ने किरियन जैकेट को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया।

ट्रुंगेलिटी 36 वर्ष की उम्र में हाल ही में पेशेवर युग (1969 से) में रैंकिंग के शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बने थे।

# मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बाँध पर जल पूजन कर अच्छी बारिश की कामना की

## इस अभियान से पूरे प्रदेश के बाँध, तालाब, सरोवर, एनिकट आदि का संरक्षण व सफाई होगी- भजनलाल

टोंक/भरतपुर/जयपुर, 25 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को गंगा दशमी के अवसर पर टोंक स्थित बीसलपुर बांध से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बांध पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत जल पूजन किया और प्रदेश में अच्छी बारिश के लिए कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बीसलदेव महादेव मंदिर के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीसलपुर बाँध के कार्यक्रम के बाद ईसरदा बाँध का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने भरतपुर स्थित बँध बरेठा बाँध पर भी विधिवत जल पूजन किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को गंगा दशमी के अवसर पर टोंक स्थित बीसलपुर बांध से "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" का शुभारंभ किया।*

समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषि-मुनियों की तपस्या से गंगा दशहरा के दिन ही पृथ्वी पर मां गंगा अवतरित होकर हमारी जीवनदायिनी बनी। हमारी सरकार द्वारा पिछले साल भी वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान चलाकर प्रदेशभर में बांध, तालाब, सरोवर एवं एनिकट सहित जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं सफाई के कार्य किए गए थे।

इस वर्ष भी आज से इस अभियान की शुरुआत की जा रही है। अभियान के तहत प्रदेशभर में सभी सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागी बनकर जल संरक्षण से जुडे कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और आमजन इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाकर जल संरक्षण अभियान को सफल बनाएं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने बीसलपुर बांध पहुंचकर स्काडा प्रणाली का पूरा अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बीसलपुर बांध पूर्वी राजस्थान के जिलों में निर्बाध पानी की आपूर्ति का एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बांध क्षेत्र में नई संरचनाओं का निर्माण किया जाए।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने ईसरदा बांध का हवाई सर्वेक्षण कर जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। गौरतलब है कि रामजल सेतु लिंक परियोजना का फीडर चैनल तीन प्रमुख बांधों- ईसरदा, गलवा एवं बंध बरेठा से गुजरता है।

इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, विधायक राजेन्द्र गुर्जर, शत्रुघ्न गौतम, रामसहाय वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर स्थित बंध बरेठा बांध पर भी विधिवत् एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ि यों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बंध बरेठा बांध की पाल के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से परियोजना के विस्तार एवं उन्नयन कार्यों की जानकारी ली।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ म, विधायक बहादुर सिंह कोली, ऋतु बनावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# गुलमर्ग रोपवे खराब हुआ, 300 पर्यटक हवा में फंसे

श्रीनगर, 25 मई। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में रोपवे गोंडोला (रोपवे) में सोमवार को तकनीकी खराबी आने से करीब 300 पर्यटक बीच हवा में फंस गए। करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

रोपवे के 65 केबिन दोपहर करीब 1.30 बजे बीच हवा में रुक गए थे। कुछ केबिन जमीन से करीब 500 फीट की

■ सात घंटों के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया।

ऊंचाई पर थे। एक केबिन में 6 लोग बैठ सकते हैं। भारी बारिश के बीच एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया।

शाम 8.30 बजे रेस्क्यू खत्म हुआ। भारतीय सेना ने बताया कि ज्यादातर लोगों को रस्सियों और सीढ़ि यों के सहारे नीचे उतारा गया। इनमें कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी थे।

गुलमर्ग गोंडोला दो फेज में बंटा है। पहला फेज गुलमर्ग को कोंगडोरी से जोड़ता है। दूसरा फेज कोंगडोरी से अफरवात स्टेशन तक जाता है। दोनों रूट में कुल 108 केबिन कार हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग गोंडोला की दूरी 51 किमी है।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने पद्म पुरस्कार 2026 प्रदान किये

## अभिनेता धर्मेन्द्र, उद्योगपति उदय कोटक, पूर्व सीएम कोश्यारी, एड मैन पीयूष पांडे, खिलाड़ी हरमनप्रीत व रोहित शर्मा को पुरस्कार दिए गए

नई दिल्ली, 25 मई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, उद्योगपति उदय कोटक और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर को भी प्रतिष्ठित पद्म सम्मानों से नवाजा गया। वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को मरणोपरांत पद्म भूषण प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-1 में 66 लोगों को पद्म पुरस्कार 2026 प्रदान किए। इनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री शामिल हैं।

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और बॉलीवुड के 'ही-मैन' के नाम से प्रसिद्ध धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने प्राप्त किया।

विख्यात वायलिन वादक डॉ. एन राजम को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में उनके 75

■ राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप पर आयोजन नागरिक अलंकरण पद्म समारोह में 66 लोगों को पद्म पुरस्कार दिये गये, जिनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्मश्री पुरस्कार थे।

वर्षों के योगदान के लिए पद्म विभूषण प्रदान किया गया।

पद्म भूषण सम्मान पाने वालों में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिहं कोश्यारी को लोक कार्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ राजनेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को मरणोपरांत पद्म भूषण प्रदान किया गया, जिसे उनके पुत्र अजय मल्होत्रा ने ग्रहण किया।

इसके अलावा, अवधान कला के आचार्य शतावधानी डॉ. आर गणेश, उद्योगपति उदय कोटक, प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. कल्लिपट्टी रामासामी पलानिस्वामी तथा विज्ञापन जगत की हस्ती पीयूष पांडेय (मरणोपरांत) को भी पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

पद्म श्री सम्मान प्राप्त करने वालों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार प्रमुख रहे। इसके अलावा, यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं जेएनयू के पूर्व कुलपति प्रो. एम. जगदीश कुमार, वरिष्ठ हॉकी कोच बलदेव सिंह, तबला वादक कुमार बोस, बंगाली अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. विजय कुमार, कुचिपुड़ी नृत्यांगना दीपिका रेड्डी, तमिल लेखिका शिवशंकरी सहित, विभिन्न क्षेत्रों की अनेक हस्तियों को पद्म श्री सम्मान प्रदान किए गए।

समारोह में कला, साहित्य, चिकित्सा, समाज सेवा, कृषि, खेल, शिक्षा और लोक परंपराओं से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

# ताश के पत्तों के महल की तरह ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राज्य भर में तृणमूल शासन के प्रतीक एक-एक कर गायब होते जा रहे हैं। अब तक तृणमूल नेताओं और उसके गुंडों के डर में रहने वाले लोग खुलकर सामने आ रहे हैं और तृणमूल नेताओं व उनके समर्थकों पर हमले बोल रहे हैं।

तृणमूल के सबसे डरावने माने जाने वाले कार्यकर्ताओं को लोग पकडकर सार्वजनिक रूप से पीट रहे हैं और "चोर-चोर" के नारे लगा रहे हैं। कई लोगों को चप्पलों और जूतों से भी पीटा गया। पुलिस भी कई जगह इन झड़पों में हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई दी।

सॉल्ट लेक क्षेत्र के युवा भारती स्टेडियम के सामने लगी लिओनैल मैसो की प्रतिमा, जिसे गिरफ्तार किए जा चुके सुजीत बोस ने लगवाया था, अब हवा में झूल रही है और इसे हटाया जा सकता है। मैसी की 70 फुट ऊंची यह प्रतिमा लोगों के लिए खतरा बन गई है।

इससे पहले ममता बनर्जी द्वारा बनाई गई एक मूर्ति भी तोडी जा चुकी है। इस मूर्ति में एक धड़, दो पैर, दो फुटबॉल और बंगाली में ममता बनर्जी के हस्ताक्षर के रूप में "ब" अक्षर बना हुआ था। कई लोगों ने इसे बदसूरत बताते हुए इसके हटने पर राहत की सांस ली।

एक अन्य मामले में, सिलीगुड़ी के दार्जिलिंग मोड़ पर लगा ममता बनर्जी के हस्ताक्षर वाला ढांचा भी हटा दिया गया है। हालांकि आज भी ममता बनर्जी यह मानने से इनकार कर रही हैं कि उनकी पार्टी चुनाव हार गई है। उनका कहना है कि नतीजों में गड़बड़ी की गई है।

ममता बनर्जी के कुछ करीबी सहयोगी अब उनसे दूरी बना रहे हैं और पार्टी छोड़ रहे हैं। अत्यन्त सक्रिय कार्यकर्ता तथा संसद में पार्टी के पूर्व नेता काकोली दासगुप्ता ने भी ममता बनर्जी से अपने संबंध तोड़ने की खुलकर घोषणा कर दी है।

तृणमूल कांग्रेस अब राज्य की जनता की आंखों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखाई दे रही है।

# कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शिवकुमार तथा सिद्धारमैया की प्रसिद्ध "ब्रेकफास्ट मीटिंग्स" के जरिए एकता का संदेश देकर संकट को टाल दिया था। उस समय सूत्रों ने संकेत दिया था कि कांग्रेस नेतृत्व केरल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद कर्नाटक के अंदरूनी विवाद पर ध्यान देगा। पिछले सप्ताह शिवकुमार के जन्मदिन के आसपास यह संकट फिर उभरता दिखाई दिया, जब उनके समर्थकों ने कांग्रेस कार्यालयों पर "नेक्स्ट सीएम" वाले पोस्टर लगाए और इसी संदेश वाले केक भी लाए गये। सिद्धारमैया सार्वजनिक रूप से यह कहते रहे हैं कि कांग्रेस हाईकमान जो भी निर्णय लेगा, वे उसका पालन करेंगे।

# जयपुर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रुपये (+2.60) प्रति लीटर, डीज़ल 95.05 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

ईंधन की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी से यात्रियों, परिवहन संचालकों और विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायों पर वित्तीय बोझ बढ़ने की आशंका है। 16 मई को, कई महीनों की स्थिरता के बाद भारत में पेट्रोल और डीज़ल दोनों की कीमतों में 3 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। यह बढ़ोतरी कई लोगों के लिए चौंकाने वाली थी, क्योंकि अप्रैल 2022 से ईंधन की कीमतें लगभग स्थिर बनी हुई थीं। केवल मार्च 2024 में, लोकसभा चुनावों से पहले, कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी।

# सूरजगढ़ का वीडीओ साढ़े ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी झुंझुनूं को शिकायत मिली थी कि परिवादी गांव बेरला स्थित अपने आवासीय भूखंड में मेडिकल दुकान संचालित करता है। उसने उक्त भूखंड को व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तित कराने के लिए ग्राम पंचायत बेरला में आवेदन किया था। शिकायत के अनुसार, ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार ने भूखंड को व्यवसायिक में परिवर्तित करने तथा एनओसी जारी करने की एवज में 19 मई 2026 को 8.50 लाख रुपए रिश्वत की मांग की। 21 मई को एसीबी ने शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया, जिसमें आरोपी द्वारा रिश्वत मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में झुंझुनूं इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार पूनियां के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपी ने परिवादी को सूरजगढ़ स्थित दीपक मेडिकोज पर बुलाया, जहां रिश्वत की रकम लेते ही एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया। एसीबी टीम ने आरोपी के हाथ से 8.50 लाख रुपए की रिश्वत राशि बरामद कर ली। कार्रवाई के दौरान मौके पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

# कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक हाई कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली, 25 मई। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद अचानक चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपना एक्स अकाउंट ब्लॉक करने के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर चुनौती दी है। अभिजीत दिपके ने वकील नकुल गांधी के जरिये उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर ब्लॉक किया गया था। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने राष्ट्रीय सुरक्षा की वजह से एक्स अकाउंट ब्लॉक करने की सिफारिश की थी।

# असम विधानसभा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आधारित व्यक्तिगत कानूनों की जगह एक समान व्यवस्था लागू करने की बात कही गई है, जिससे समानता और लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सके। विधेयक के अनुसार, राज्य में एक पत्नी प्रथा अनिवार्य होगी तथा विवाह के लिए पुरुषों की न्यूनतम् आयु 21 वर्ष और महिलाओं की 18 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखते हुए वैदिक विवाह, अहोम चकलोंग, सप्तपदी, निकाह, होली यूनियन और आनंद कारज जैसी पारंपरिक एवं धार्मिक विवाह पद्धितयों को मान्यता दी गई है।

# बी-2 बाईपास पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट में लंबित अपील के निपटारे तक बचे हुए 10 मकानों में तोडफ़ोड सहित अन्य कोई कार्रवाई नहीं की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया हाईकोर्ट का 21 अप्रैल 2026 को दिए गए रोक के आदेश को हटाना उचित नहीं लगता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश सोमवार को श्रीराम कॉलोनी विकास समिति की एसएलपी को निस्तारित करते हुए दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि रोक के आदेश को हटाने के लिए हाईकोर्ट के समक्ष कोई प्रार्थना पत्र पेश होता है तो वह उसे पक्षकारों को सुनकर निर्णीत किया जाए।

श्रीराम कॉलोनी विकास समिति ने एसएलपी में हाईकोर्ट की खंडपीठ के 18 मई 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें खंडपीठ ने 21 अप्रैल को एकलपीठ के आदेश पर लगाई अपनी ही रोक हटा दी थी। विकास समिति की ओर से सीनियर एडवोकेट अरुण चौधरी व अधिवक्ता आशीष शर्मा ने कहा कि खंडपीठ ने पक्षकारों को सुनकर ही एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाई थी, लेकिन 18 मई को किसी भी पक्षकार की ओर से रोक को हटाने के संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र दायर नहीं करने पर भी खंडपीठ ने खुद ही रोक हटा दी। आदेश पर लगी रोक हटने के चलते ही हाउसिंग बोर्ड ने जमीन पर कार्रवाई कर दी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने विकास समिति से पूछा कि अब कितने मकान बचे हैं, जवाब में विकास समिति ने कहा कि वहां पर अब केवल 10 मकान ही बाकी रहे हैं। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाउसिंग बोर्ड की आगामी कार्रवाई पर रोक लगाते हुए विकास समिति की एसएलपी निस्तारित कर दी।

# जिमखाना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में यह भी कहा गया है कि 22 मई को भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डी ओ) ने क्लब को परिसर खाली करने का आदेश जारी किया था।

यह याचिका केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डी ओ) द्वारा क्लब प्रबंधन को परिसर का कब्जा सौंपने का निर्देश देते हुए बेदखली नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद दायर की गई।

# यूपी भाजपा में भारी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकिन, मायावती की बसपा राजनीतिक रूप से कमजोर होने के बावजूद राज्य की राजनीति में अब भी एक महत्वपूर्ण कारक बनी हुई है।

कांग्रेस के एक वर्ग में बसपा के साथ गठबंधन की संभावना पर विचार करने की इच्छा है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि कुछ कांग्रेसी नेता अघोषित रूप से मायावती के लखनऊ स्थित आवास पर उनसे मिलने पहुंचे थे, लेकिन बसपा प्रमुख ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि बसपा की ओर कांग्रेस की यह पहल केवल सपा के साथ सीटों में बड़ा हिस्सा हासिल करने की रणनीति के अलावा और कुछ नहीं है। सपा और कांग्रेस दोनों समझते हैं कि इस समय वे एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते। सपा प्रमुख अखिलेश यादव कई बार संकेत दे चुके हैं कि गठबंधन जारी रहेगा। कांग्रेस नेता भी इसी तरह की बातें कर रहे हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि दोनों दलों के लिए यह जरूरी है कि वे चुनाव से कई महीने पहले समझौते को अंतिम रूप दें और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दें।

# पंचायत और निकाय चुनाव टालकर जनता का हक मार रही है सरकार- पायलट

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने टोंक जिले के ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया व बरवास में विकास कार्यों का लोकार्पण किया

-कार्यालय संवाददाता-

टोंक, 25 मई। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकायों के चुनाव टालकर भाजपा सरकार जनता का हक मार रही है। लम्बे समय से सरपंच, पंचायत समिति, जिला परिषद् और नगरपालिकाओं के चुनाव जानबूझकर टाले जा रहे हैं। हाईकोर्ट द्वारा बार-बार फटकार लगाने के बावजूद कोई न कोई बहाना सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। पायलट ने सोमवार को टोंक प्रवास के दौरान पं.स. टोंक की ग्राम पंचायत पालड़ा तथा पं.स. टोड़ारायसिंह की ग्राम पंचायत बरवास एवं छान बाससूर्या का दौरा कर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरवास में विधायक कोष से 16 लाख रु. की राशि से निर्मित दो कक्षा-कक्ष तथा ग्राम बरवास में 10 लाख रु. की राशि से निर्मित सम्मेल का नाका पड़ाव एनिकट के मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया।



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को टोंक प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत बरवास में ग्रामीणों को सम्बोधित किया।*

■ पायलट ने कहा कि नीट पेपर लीक की घटना तीसरी बार हुई है। भारत सरकार ने पहले भी सीबीआई को जाँच सौंपी थी। दो साल में क्या हुआ, किसी को नहीं पता।

सचिन पायलट ने नीट पेपर लीक के मामले को लेकर कहा कि ऐसी घटना तीसरी बार हुई है, जिसमें 2024 में जो पेपर लीक हुआ था, भारत सरकार ने सीबीआई को जांच सौंपी थी, उसका क्या हुआ, दो सालों में किसको दोषी पाया गया, किसको सजा हुई, कौन जेल गया, किसी को पता नहीं। बार बार आश्वासन देने के बावजूद एनटीए कुछ नहीं कर पाई, वह नेशनल ट्रॉमा एजेंसी बन चुकी है। अब सरकार बहुत बड़ा एहसान कर रही यह बोल कर कि हम दोबारा एग्जाम कराएंगे और बच्चों से फीस नहीं लेंगे। एनटीए खाते में आज 1000 करोड़ रुपए पड़ा हुआ है, बच्चों से एग्जाम फीस वसूल रखी है। मैं ऐसा मानता हूं कि जो पेपर होता है, उसे ग्रामीण क्षेत्र का बच्चा नहीं खरीद सकता है, यह करोड़ों का मामला है, इसमें बड़े गिरोह शामिल हैं।

डीजल-पेट्रोल के दामों को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि पूरे चुनाव में सरकार ने कुछ नहीं कहा, प्रचार में व्यस्त रही। अब महंगाई का बोझ लोगों पर डाल रही है। अगर पहले से सचेत रहते और कोई प्रावधान करते, वैकल्पिक व्यवस्था करते तो इतना भार लोगों पर नहीं पड़ता। चौथी बार डीजल पेट्रोल के दाम बढ़े हैं, डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ने से पूरी सामग्री महंगी हो जाती है। पहले ही बेरोजगारी, पेपरलीक से लोगों की उम्मीद तोड़ रहे हो और फिर आप (सरकार) गरीबों की जेब पर डाका और डाल रहे हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज जनता बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन सरकार में कोई भी उनकी सुध लेने वाला नहीं है। सरकार का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है और सरकार जनहित के मुद्दों को छोड़कर, केवल धार्मिक ध्रुवीकरण और गैर-जरूरी एजेंडों में उलझी हुई है। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जनता के पैसे को सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए मनरेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकारों जैसे ऐतिहासिक कानून बनाए थे। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जब महिलाएं घर और परिवार को कुशलतापूर्वक संभाल सकती हैं तो वे बेहतरीन जनप्रतिनिधि भी बन सकती हैं। उन्होंने केन्द्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के प्रयासों को याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में एक-तिहाई आरक्षण देने की पक्षधर रही है, जबकि विपक्षी दलों ने हमेशा इस राह में रोड़े अटकाए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत और नगर पालिकाओं में आज जो महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिला है, वह कांग्रेस की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है।

# कॉकरोच जनता पार्टी, मीम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बदल दिया। यही इस आंदोलन की सबसे बड़ी मनोवैज्ञानिक ताकत बन गई। इतिहास में कई बार ऐसा हुआ है कि जिन समूहों का अपमान किया गया या जिन्हें हाशिये पर धकेला गया, उन्होंने उन अपमानजनक शब्दों को अपनी राजनीतिक पहचान में बदल दिया। यहाँ पर "कॉकरोच" जीवित रहने, लगातार बने रहने और गायब होने का एक उदाहरण बन गया, ऐसे जीव, जो कुचलने की कोशिशों के बावजूद खत्म नहीं होते।

यह प्रतीक उन बेरोजगार युवाओं, निराश स्नातकों, मीम बनाने वालों और डिजिटल रूप से सक्रिय शहरी भारतीयों के बीच तेजी से लोकप्रिय हुआ, जिन्हें लगता है कि उन्हें आर्थिक अवसरों और राजनीतिक प्रभाव से दूर रखा जा रहा है। यह आंदोलन खुद को "आलसी और बेरोजगारों की आवाज" बताता है और कहता है कि यह "उन लोगों की राजनीतिक पार्टी है, जिन्हें सिस्टम गिनना ही भूल गया।"

इसमें व्यंग्य जानबूझकर इस्तेमाल किया गया है। खुद पर मजाक करके समर्थक अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक व्यवस्था, न्यायिक अभिजात्यवाद और उस कॉरपोरेट अर्थव्यवस्था का मजाक उड़ा रहे हैं, जो असंतुष्ट युवाओं को अक्सर हकदार या बेरोजगार कहकर खारिज कर देती है।

राजनीतिक हलकों में चिंता केवल इसके हास्य की वजह से नहीं, बल्कि इसके तेजी से वायरल होने की वजह से बढ़ी है। बताया जाता है कि इस आंदोलन को कुछ ही दिनों में भारी ऑनलाइन समर्थन, सेलिब्रिटी समर्थन और विपक्षी सहानुभूति मिल गई। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने चेतावनी दी कि इसे मजाक समझकर नज़रअंदाज़ करना गलती होगी, क्योंकि यह व्यवस्था के खिलाफ असली गुस्से को दर्शाता है।

सत्ता व्यवस्था की बेचैनी के पीछे कई कारण हैं। पहला, यह आंदोलन भारत की विकास कहानी के पीछे छिपी गहरी आर्थिक चिंता को सामने लाता है। दूसरा, पॉलिटिकल लामबंदी का एक डीसैंट्रलाइज़्ड मीम आधारित तरीका दिखाता है, जिसे नियंत्रित करना या बदनाम करना मुश्किल है। तीसरा, व्यंग्य राजनीतिक रूप से खतरनाक होता है, क्योंकि यह पारंपरिक विपक्षी बयानबाजी की तुलना में सत्ता की छवि को ज्यादा प्रभावी ढंग से चुनौती देता है।

आखिरकार, "कॉकरोच जनता पार्टी", संस्थाओं और एक ऐसी पीढ़ी में भरोसे के बढ़ते संकट को दिखाती है, जो खुद को आर्थिक रूप से असुरक्षित, राजनीतिक रूप से अनसुनी और भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस करती है। यही कारण है कि एक सटायरिकल (व्यंग्यात्मक) मीम आंदोलन ने औपचारिक राजनीतिक दलों की तुलना में राजनीतिक व्यवस्था को कहीं ज्यादा असहज कर दिया है।

रिपोर्टों के मुताबिक, सीजेपी के कई डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत में ब्लॉक या सीमित कर दिए गए हैं, जिससे अनौपचारिक कार्रवाही की अटकलें तेज हो गई हैं।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उसका अकाउंट भारत में कानूनी मांग के बाद रोक दिया गया। रिपोर्टों में यह भी कहा गया कि समूह के संस्थापक अभिजीत दिपके के अनुसार, बाद में इसकी वेबसाइट भी बंद या ब्लॉक कर दी गई। कुछ बैकअप अकाउंट और ऑनलाइन पेजों में भी रुकावट आने की खबरें हैं।

इसके बावजूद, यह आंदोलन अन्य प्लेटफॉर्मों, खासकर इंस्टाग्राम और नए रिप्लेसमेंट हैंडल्स पर सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसका मतलब है कि अब तक की सरकारी कार्रवाई किसी औपचारिक कानूनी प्रतिबंध के बजाय विशेष डिजिटल अकाउंट्स और वेबसाइटों तक सीमित दिखती है।

समर्थकों का कहना है कि ये पाबंदियां दिखाती हैं कि सरकार सटायर और डिजिटल असहमति से असहज है। वहीं, सीजेपी के आलोचकों का दावा है कि यह आंदोलन राजनीतिक रूप से प्रेरित, भ्रामक या गलत सूचनाओं और विदेशी प्रभाव के प्रति संवेदनशील हो सकता है। सरकारी एजेंसियों ने फर्जी सीजेपी सदस्यता लिंक के जरिए होने वाले फ़िशिंग घोटालों को लेकर साइबर अपराध चेतावनी भी जारी की है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908